फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 319 प्रभात जयपुर, बुधवार 21 जून , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT




**Early Aricrafts 1903-1914**

Smaller countries like Denmark, Norway and even far away Japan, all wanted an aircraft of their own and experimented with all kinds of aircraft techniques.

**Race to join the Elitist Club of Nations**

In 1909 publisher of the New York Herald instituted the Gordon Bennett Trophy for the fastest aircraft.



*यू.एस. फिश एण्ड वाइल्डलाइफ सर्विस ने टैक्सस में गुलाबी रंग के एक खूबसूरत जंगली फूल के सरवाइवल की गारंटी देने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। विभाग ने एक महीने पहले ही, मोनार्क बटरफ्लाई के भोजन के प्रमुख स्रोत प्रॉस्ट्रेट मिल्कवीड के लिए भी ऐसा ही किया था। टैक्सस में शहरी विस्तार के कारण वर्षों से ब्रैक्टेड ट्विस्टफ्लावर कम होते जा रहे हैं, लेकिन, अब यहां की चार काउंटीज़ में 1600 एकड़ क्षेत्र को इस प्रजाति का ''क्रिटिकल हैबिटैट'' निर्दिष्ट किया गया है। इसका अर्थ है कि यहाँ इन पौधों को कोई छू भी नहीं सकता है। पहाड़ी भागों में मिलने वाले ट्विस्टफ्लावर अब सिर्फ दो क्षेत्रों में ही मिलते हैं और फलने -फूलने के लिए इन्हें धूप-छांव के प्राकृतिक मिश्रण की जरुरत होती, जो इन्हें यहाँ उगने वाले ओक (बलूत) व जूनियर वृक्षों से मिलता है। यह टैक्सस में पाई जाने वाली मधुमक्खी की एक प्रजाति का प्रिय भोजन है। एन्डेन्जर्ड स्पीशीज़ लिस्ट में आने के बाद ट्विस्टफ्लावर को एक तरह से गारंटी मिल गई है कि यह प्रजाति बच जाएगी। क्योंकि इस लिस्ट में रखे जाने के बाद 99 प्रतिशत की दर से प्रजातियों में आ रही गिरावट रुकी है। प्रॉस्ट्रेट मिल्कवीड को भी संरक्षण दिया गया है और इन्हें 661 एकड़ का क्षेत्र मिला है जहां इन्हें संरक्षित किया जाएगा। यहां इस पौधे को काटना, तोड़ना नुकसान पहुंचाना तोड़कर बाहर ले जाना प्रतिबंधित होगा। सैन्टर फॉर बायोलॉजिकल डायवर्सिटी की वरिष्ठ वैज्ञानिक, टिएरा करी ने कहा कि, मिल्कवीड का संरक्षण मोनार्क तितली के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि ये इसी पौधे पर अण्डे देती हैं।*

# 22 जून को राहुल के आगमन से पहले कांग्रेस ने पटना सम्मेलन का एजेण्डा तय करना शुरू किया

## कांग्रेस का मैसेज साफ है, कांग्रेस को गाली देना व गठबंधन की बात करना एक साथ नहीं चल सकता

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जून। पटना में 23 जून को होने वाली विपक्षी दलों की बहुप्रचारित बैठक से पहले कांग्रेस ने अपनी ताकत दिखाना शुरु कर दिया है।

कांग्रेस ने साफ कर दिया कि विपक्ष की एकता कांग्रेस की कीमत पर नहीं हो सकती है।

पार्टी ने केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी और ममता बनर्जी पर निशाना साधा कि वे कांग्रेस की खिलाफत करने के साथ विपक्षी एकता की बात नहीं कर सकते है।

केजरीवाल ने कांग्रेस से कहा है कि वह दिल्ली और पंजाब से दूर रहे है बदले में उनकी पार्टी राजस्थान और मध्यप्रदेश से दूर रहेगी। ज्ञातव्य है कि आप पार्टी इन दोनों राज्यों में पैर जमाने की कोशिश कर रही है।

केजरीवाल को केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश के खिलाफ समर्थन चाहिए। वहीं अजय माकन के नेतृत्व में कांग्रेसी न्ेता केजरीवाल को समर्थन देने का विरोध कर रहे हैं।

- **कांग्रेस का इशारा, केजरीवाल व ममता बनर्जी की ओर है।**
- **जैसा कि विदित ही है, केजरीवाल चाहते हैं कि, कांग्रेस, पंजाब व दिल्ली केजरीवाल के लिये छोड़ दे, तो फिर केजरीवाल मध्य प्रदेश व राजस्थान कांग्रेस के लिये छोड़ देंगे।**
- **केजरीवाल, कांग्रेस का समर्थन व सहयोग, केन्द्रीय सरकार द्वारा दिल्ली की प्रशासनिक व्यवस्था के बारे में लाये जा रहे अध्यादेश के विरोध में भी चाहते हैं।**
- **कांग्रेस की दिल्ली इकाई, आम आदमी पार्टी की दो मुंही पॉलिसी, एक तरफ गुर्राना तथा दूसरी तरफ पुचकारना, के सख्त खिलाफ है।**
- **इसी प्रकार बंगाल प्रदेशाध्यक्ष व लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन भी बंगाल में, एक तरफ तो कांग्रेस को निगलने की तथा दूसरी ओर सहयोग की बात करने की, तृणमूल कांग्रेस की नीति की पूरी तरह खिलाफत कर रहे हैं।**
- **तेईस जून को पटना में विपक्ष की एकता का नारा लेकर आगे बढ़ने के प्रयास के रास्ते में अभी काफी ''इनोवेशन'' की जरूरत दिख रही है।**

कांग्रेस ने विपक्षी दलों में अपने ''मित्रो'' को चेतावनी दी कि उन्हें नरेन्द्र मोदी और उनकी शैली की राजनीति की राज्यों में नकल नहीं करनी चाहिए। कांग्रेस का मत है कि विपक्षी दल कांग्रेस के खिलाफ मोदी की तानाशाही शैली का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं।

राहुल के 22 जून को दिल्ली आने की संभावना है। विपक्षी दलों को लेकर मीडिया में भी काफी चर्चा है क्योंकि इसमें एकजुट होने व 2024 के चुनावों में मोदी का मुकाबला मिलकर करने की रणनीति बनाई जाएगी।

क्या ''मोदी हटाओ'' नारा काम करेगा और क्या विपक्ष को और ज्यादा नए तरीके अपनाने और नई सोच व नए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या अमेरिका भारत को ''बैस्ट फ्रैण्ड'' की उपाधि से नवाज़ेगा?

## यूक्रेन युद्ध के पहले राष्ट्रपति पुतिन की चीन यात्रा में दोनों देशों ने ''हर दम हमेशा'' बिना सीमा के ''बैस्ट फ्रैण्ड'' रहने का वादा किया था

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका पहुंच गए हैं। इस उच्च स्तरीय कूटनीतिक पहल के दो पहलू महत्वपूर्ण रूप से उभरे हैं।

पहला तो है अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए एक महत्वपूर्ण ताकत के रूप में स्थापित करना। यह एक कूटनीतिक कवायद है। दूसरा लक्ष्य ज्यादा व्यवहारिक है और देश की आर्थिक स्थिति के लिए तुरंत लाभदायक है।

- **यह संभावना इस बात की द्योतक है कि, विश्व में पुराने दिग्गज महत्वहीन होते जा रहे हैं तथा नयी अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था में भारत की ओर देख रहा है अमेरिका।**
- **मोदी की अमेरिका यात्रा में कई नयी टैक्नॉलजी ट्रांसफर के अनुबंधनों पर हस्ताक्षर होंगे तथा अमेरिका आधुनिकतम हवाई जहाज इंजन बनाने की टैक्नॉलजी देने को तैयार है। ऐसा विश्वास अमेरिका केवल यूरोप के पुराने गहरे मित्रों पर रखता था, टैक्नॉलजी ट्रांसफर के लिये।**
- **अमेरिका का प्राइवेट सैक्टर भी भारत से जुड़ने को तैयार है, इलैक्ट्रिक कार व इलैक्ट्रिक कार के लिये जरूरी, बैटरी बनाने वाले, उद्योगपति एलन मस्क भी मोदी से इस संबंध में मिलेंगे।**

मोदी की यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उच्च स्तरीय इंजीनियरिंग विशेषज्ञ कम्पनी से एविएशन एवं स्पेस सैक्टर के लिए अत्याधुनिक इंजन के निर्माण के लिए तकनीका का हस्तांतरण होगा। इस यात्रा में अमेरिका की प्रमुख कंपनियों की निर्माण इकाइयां भारत शिफ्ट किए जाने पर भी चर्चा होगी।

इससे भारत पश्चिम और खासकर अमेरिका से ज्यादा निकटता से तालमेल कर सकेगा। यह एक दीर्घकालिक योजना है जिसका भावी सरकार नई वैश्विक व्यवस्था पर भारी प्रभाव पड़ेगा।

भारत तथा प्रमुख पश्चिमी ताकतें समझती हैं कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद वैश्विक व्यवस्था खत्म हो रही है। एक नयी व्यवस्था धीरे-धीरे उभर रही है जिसमें पश्चिम के कई प्रमुख देशों का महत्व भविष्य में कम हो जाएगा।

इस नहीं व्यवस्था में चीन अपने आक्रामक तेवरों के कारण मुख्य खलनायक है। हालांकि एंटनी ब्लिंकन की हालिया चीन यात्रा के बाद अमेरिका व चीन में तालमेल के कुछ संकेत मिल है, पर संदेह भी भारी है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# अदालतों में 5 करोड़ से ज्यादा केस लम्बित हैं

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जून। अदालतों के विचाराधीन केसों की संख्या 5 करोड़ से ज्यादा 5,00,39,981 हो गई है।

भारत का विशाल लीगल सिस्टम लगातार बढ़ते मुकदमों के बोझ से त्रस्त है। देश भर की सभी अदालतों में विचाराधीन मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है। बैकलॉग केसों की संख्या 5 करोड़ से ज्यादा हो गई इसे देखकर दामिनी फिल्म में सनी देओल द्वारा बोला गया वही डायलॉग याद आता है....''तारीख पर तारीख मिली लेकिन इंसाफ नहीं मिला माय लॉर्ड! इंसाफ नहीं मिला....मिली है तो सिर्फ तारीख''

- **नैशनल जुडिशल डेटा ग्रिड ने बताया है कि, 4.38 करोड़ से ज्यादा केस जिला एवं निचली अदालतों में पैंडिंग हैं और सुप्रीम कोर्ट में 68,000 से ज्यादा केस हैं।**

नैशनल जूडिशियल डेटा ग्रिड ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 2025 तक ट्रकों में ड्राइवर का केबिन एयरकण्डिशन होना लाजमी होगा

## परिवहन मंत्री की हैसियत से गडकरी ने आदेश पारित किये

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जून। सड़क परिवहन को उन्नत बनाने की एक कार्यवाही के अन्तर्गत, केन्द्रीय सड़क-परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज कहा कि शीघ्र ही, ऑटो-निर्माताओं को ट्रकों के ड्राइवर-केबिन के अंदर एयर-कंडीशनर लगाने होंगे।

- **क्या गडकरी को यह निर्णय लेने की प्रेरणा, राहुल गांधी की अमेरिका में ट्रक ड्राइवर के साथ उसके केबिन में लम्बी यात्रा व वार्तालाप करने से मिली।**
- **यह भी उल्लेखनीय है कि, हाल ही में राहुल गांधी ने अंबाला से चण्डीगढ़ भी ट्रक में ड्राइवर से बातचीत करते हुए यात्रा की थी।**

यहाँ ऑटो इण्डस्ट्री के एक समारोह में नितिन गडकरी ने कहा, ''आज इस समारोह में आने से पहले, मैंने उस फाइल पर हस्ताक्षर कर दिये हैं जिसमें ट्रक ड्राइवर केबिनों में एयरकन्डीशनिंग अनिवार्य कर दी गई है। हमें यह सुनिश्चित करना ही चाहिए कि ट्रक चलाने वालों को अच्छी सुविधा प्रदान की जायें।''

सूत्रों ने कहा कि ट्रक ड्राइवरों के लिये एयरकन्डीशन्ड केबिन अनिवार्य करने का विचार कांग्रेस नेता राहुल गांधी की हाल ही की उस ऑडियो क्लिप से पैदा हुआ, जब इस महीने के शुरु में उन्होंने अमेरिका में एक ट्रक ड्राइवर के पास बैठकर यात्रा की थी। इस क्लिप में कांग्रेस नेता को उस ट्रक ड्राइवर के साथ लम्बी बातचीत करते हुये दिखाया गया है तथा वे भारत में ट्रक ड्राइविंग की समस्याओं पर चर्चा करते हुये सुने जा सकते हैं। पिछले महीने के शुरु में, वे एक ट्रक ड्राइवर के साथ ट्रक में बैठकर अम्बाला से चंडीगढ़ गये थे तथा इस दौरान उन्होंने देश के ट्रक ड्राइवरों की समस्याओं के बारे में उस ट्रक ड्राइवर से बातें की थीं।

गडकरी कहीं से भी प्राप्त नये विचारों को स्वीकार करने के लिये जाने जाते हैं। सूत्रों ने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी व्यक्तिशः ट्रक ड्राइवरों के साथ ट्रक में यात्रा करके, ड्राइवरों की समस्याओं को सबके सामने लाये, उससे गडकरी बहुत प्रभावित हुये थे।

गडकरी ने कहा, ''हमारे ड्राइवर 43 से 47 डिग्री के ऊँचे तापमान पर ट्रक चलाते हैं और ड्राइवरों की स्थिति की कल्पना करनी चाहिये। मंत्री बनने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इस साल कोई लोकसभा उप चुनाव नहीं होगा

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जून। पिछले शुक्रवार, 16 जून 2023 को 17वीं लोकसभा ने अपने कार्यकाल के 4 वर्ष पूरे कर लिए। ज्ञातव्य है कि, 17 जून 2019 को वर्तमान लोकसभा का पहला सत्र आहूत हुआ था एवं भारत के संविधान के अनुसार, लोकसभा का कार्यकाल उस तारीख से पांच साल तक चलेगा, जिस तारीख को उसकी पहली मीटिंग (सत्र) आहूत की गई, उससे अधिक नहीं। लिहाजा 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून 2024 तक है। अब, यदि समय

- **5 लोकसभा सीटें रिक्त हैं, लेकिन वर्तमान लोकसभा के 5 वर्षीय कार्यकाल के चार साल पूरे हो चुके हैं और यह अंतिम वर्ष शुरू हो चुका है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आई.एस.आई. का सुनियोजित प्लान है मोदी की अमेरिका यात्रा में व्यवधान उत्पन्न करने का

## आई.एस.आई. ने खालिस्तान समर्थक व भारत विरोधी ग्रुप्स में काफी पैसा बांटा है, मोदी की यात्रा के दौरान कई रैलियाँ आयोजित करने के लिये

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की तीन दिन की आसन्न यात्रा से संबंधित धूमधाम एवं जोश-खरोश अपनी पराकाष्ठा पर पहुँच चुका है। अमेरिका के कानून-निर्माताओं और नागरिकों, खासतौर से भारतीय-अमेरिकनों ने इसे एक ''ऐतिहासिक'' अवसर बताया है।

लेकिन इस यात्रा से सभी खुश हों- ऐसा भी नहीं है। कम से कम भारत का पड़ोसी देश पाकिस्तान तो इससे बिलकुल भी खुश नहीं है। अमेरिकन सुरक्षा एजेंसियों के सामने एक बड़ी जिम्मेदारी आ गई है क्योंकि उन्हें ऐसी खुफिया सूचनाएं मिल रही हैं कि पाकिस्तान की आई.एस.आई. मोदी की यात्रा में बाधा डालने के लिये पूरा जोरी लगा रही है। उसकी साफ तौर पर कोशिश है कि भारत-अमेरिका के बीच गहरे हो रहे रिश्तों पर देश की अस्वीकृति प्रदर्शित हो।

- **इन ग्रुप्स के लिये बसें उपलब्ध करायी जायेंगी, मोदी की यात्रा के दौरान प्रदर्शन करने, काले झण्डे दिखाने व नारेबाजी करने और विभिन्न स्थलों पर आने-जाने के लिये।**
- **न्यूज एजेंसियों में प्रकाशित खबरों के अनुसार, आई.एस.आई. ने लोगों को ठेका भी दिया है, ट्विटर पर मोदी विरोधी ट्रैन्ड्स वायरल करने के लिये।**
- **सण्डे गार्डियन अखबार के अनुसार इण्डियन अमेरिकन मुस्लिम काउन्सिल, एक आई.एस.आई. समर्थक ग्रुप, को इन आयोजनों में महत्वपूर्ण भूमिका दी गई है।**
- **जिस दिन मोदी यू.एन. में इन्टरनैशनल योग दिवस के कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे, उस दिन, 21 जून को आई.एस.आई. प्रेरित ग्रुप्स ने ''हाऊडी डैमोक्रेसी'' कार्यक्रम आयोजित किया है, ''भारत में बढ़ते अन्याय की घटनाओं'' की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिये।**

खुफिया सूत्रों के हवाले से सुरक्षा एजेंसियाँ कह रही हैं कि आई.एस.आई. ने अमेरिका की धरती पर काम कर रहे खालिस्तान-समर्थक संगठनों तथा भारत के खिलाफ काम कर रहे अन्य कई ग्रुपों के साथ मीटिंग की हैं। इन सूत्रों के अनुसार, आई.एस.आई. ने इन खालिस्तान-समर्थक तथा भारत-विरोधी ग्रुपों को बड़ी मात्रा में धन उपलब्ध कराया है ताकि वे योजनाएं बना सकें तथा मोदी की वॉशिंगटन यात्रा के दौरान रैलियाँ आयोजित कर सकें।

यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि खालिस्तानी आंदोलन अभी जीवित है तथा अमेरिका में इसकी गतिविधियाँ चल रही हैं। इसकी अभी बिल्कुल ताजा गतिविधि के अन्तर्गत, सेनफ्रान्सिस्को-स्थित भारत के वाणिज्य दूतावास की दीवार खराब कर दी गई थी। यह सब उस समय किया गया था, जब अमृत सिंह की तलाश चल रही थी।

2021 में, अमेरिका के शीर्ष थिंक-टैंक हड़सन इन्स्टीट्यूट ''पाकिस्तान'स डीस्टैबलाइजेशन प्ले बुक: खालिस्तानी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प. बंगाल पंचायत चुनाव से केन्द्रीय बल नहीं हटेंगे

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 20 जून। सुप्रीम कोर्ट ने प. बंगाल के पंचायत चुनाव में केन्द्रीय बल तैनात किए जाने के हाई कोर्ट के आदेश को रद्द करने से इन्कार कर दिया और कहा कि चुनाव हिंसा का लाइसैंस नहीं हैं।

- **सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल पंचायत चुनाव में केन्द्रीय सुरक्षा बल तैनात करने के कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को कायम रखा और इसके खिलाफ दायर प. बंगाल राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी।**

जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और मनोज मिश्रा की अवकाश बैंच ने आदेश दिए कि, ''हाई कोर्ट का आदेश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

चापलूस आपको हानि पहुंचा कर अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहता है। –हरिऔध

# लोकप्रिय राहतों का राज्य की अर्थव्यवस्था पर दूरगामी असर

इन दिनों रेवड़ियां बांटना जुमला राजस्थान में बड़े चलन में है। राज्य सरकार जिस प्रकार राहत शिविर लगा कर तथा अन्य तरीकों से खुले हाथ से नागरिकों को सुविधाएं और मदद जिनमें अधिकतर कैश है बांट रही है उसी पर इस जुमले से तंज कसा जा रहा है। रेवड़ियां शब्द बना है 'रेवड़' से जिसका अर्थ होता है जानवरों का झुंड या समूह। जैसे गायों, भेड़ों या ऊंट का रेवड़। हमारे यहां जानवरों के समूह को चारा या अन्य कुछ डालने की पुरानी परंपरा रही है। इसे पुण्य का काम माना गया हैं। यह एक प्रकार का दान होता है जो कोई व्यक्ति अपनी कमाई से कुछ धन निकाल कर करता है। रेवड़ के जानवरों को जब कुछ खिलाया जाता है तो उनमें फ़र्क नहीं किया जाता। रेवड़ से शब्द बना रेवड़ी। यह तिल से बनी मीठी गोल टिकिया होती है जो अधिकतर मंदिर में या अन्य जगहों पर कथा–कीर्तनों के बाद भक्तों में मुट्ठी भर–भर कर बांटी जाती है। बांटने में कोई भेद नहीं किया जाता, वह सबको समान रूप से मिलती है। देने वाला कोई भेद नहीं करता। उसे सिर्फ देने का पुण्य प्राप्त करना होता है। उसी से लोक व्यवहार में रेवड़ियां बांटने का मुहावरा चलन में आया। यह सवाल स्वाभाविक ही पूछा जा सकता है कि कोई लोक कल्याणकारी सरकार यदि जनता के लिए कुछ करती है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को सीधे कुछ मिलता है, भले ही वह वस्तु के रूप में हो या रोकड़ा के रूप में तो उसे रेवड़ियां बांटना कैसे कह सकते हैं? गणतंत्र में नागरिक ही अपने वोट से अपने प्रतिनिधि चुनते हैं जो बहुमत के आधार पर पांच वर्ष के लिए शासन की बागडोर संभालते हैं। और जब आबादी का एक बड़ा वर्ग गरीब हो तब निर्वाचित सरकार का फ़र्ज़ बनता है कि आफत में उनको राहत पहुंचाने की व्यवस्था हो। जरूरत पड़ने पर उनकी सीधी मदद की जाय। उन्हें जीवन यापन का कोई सामान दे दिया जाय या उसके एवज में कैश दे दिया जाय। क्योंकि सरकार का दायित्व सभी वर्गों के प्रति होता है इसलिए वह ऐसे कदम भी उठाती है कि किसी एक वर्ग को कुछ मिल जाए तो दूसरा नाराज न हो जाए इसलिए उसे भी शांत रखने या उसे तसल्ली देने के लिए उसके लिए भी वैसी ही मदद की कुछ व्यवस्था कर दी जाती है। इसे बहुत से लोग राजनीतिक संतुलन साधना भी कह सकते हैं। चुनावी प्रतिस्पर्धा वाली राजनीति में विपक्ष द्वारा इसकी खिल्ली उड़ा कर उस मदद से सत्तारूढ़ दल को होने वाले संभावित राजनैतिक लाभ को कम करने का प्रयास भी लोकतंत्र में आम चलन में हमेशा से रहा है। मीडिया भी अपनी सुर्खियों में इस जुमले का जम कर उपयोग करता है। लेकिन अंततः मतदाता ही फैसला करता है कि अगली बार उसे किसे चुनना है। दूसरी तरफ से यह कहा जा सकता है कि राहतों की बरसात के राज्य सरकार के कदम को इस आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती कि वह ऐसा करके राजनीति कर रही है। कोई निर्वाचित सरकार अगर जनता को राजकोष से कुछ देती है तो वह उसका भला ही कर रही होती है। इसमें गलत क्या है? मगर यह जवाब इतना आसान नहीं है।

भारतीय गणतंत्र में लोकतान्त्रिक तरीके से निर्वाचित सरकार एक ट्रस्टी के रूप में काम करती है। उसका काम विभिन्न करों और अन्य माध्यमों से राजकोष को बनाना और फिर उस राजकोष की राशि को विकास के कामों पर खर्च करना होता है जिससे विकास की ऐसी व्यवस्था हो जिसमें आम जनता को सुविधाएं मिले, उनका जीवन स्तर ऊंचा हो, उनके लिए रोजगार की संभावनाएं बढ़े और वे आर्थिक गतिविधियों में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए सक्षम बन सकें व समाज के सभी वर्गों में खुशहाली आ सके। निर्वाचित सरकारें जनहित के लिए संवैधानिक ढांचे में काम करती हैं। उसी में राजकोष के प्रबंधन – आय और व्यय – की व्यवस्था के स्पष्ट प्रावधान है। इसीलिए राज्य सरकार को प्रति वर्ष बजट बना कर विधान सभा के सामने जाना पड़ता है और वहां राजकोष की पाई–पाई का हिसाब देना पड़ता है। अगले वर्ष राजकोष में कहां–कहां से पैसा आने वाला है और किस मद में खर्च किया जाने वाला है उसका ब्यौरा देते हुए सदन से अनुमति लेनी होती है। गत 10 फरवरी को अपने मौजूदा कार्यकाल का पांचवां और अंतिम बजट प्रस्तुत करते हुए मुख्यमंत्री ने साफ–साफ संकेत दे दिया था कि वे इस साल के अंत में होने वाले विधान सभा चुनाव के लिए कमर कस रहे हैं। उन्होंने राज्य विधान सभा में अब तक का सबसे लंबा तीन घंटे 16 मिनट का बजट भाषण पढ़ा जिसमें घोषणाओं की बौछार लगा दी थी। अब उसी को आगे बढ़ाते हुए राहत शिविरों का आयोजन भरपूर प्रचार के साथ चल रहा है ताकि आने वाले चुनावों में मतदाता सत्तारूढ़ दल पर रींझे रहें। यही कारण है कि इन राहतों को रेवड़ियां बंटने की तोहमत झेलनी पड़ रही है। राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप के बाहर आकर शासन के इन कदमों को उसके राजकोष का ट्रस्टी होने की अवधारणा के तहत देखने की जरूरत है। गणतांत्रिक व्यवस्था में कोई यदि यह कहता है कि आप मांगते थक जाओगे, मैं देता नहीं थकूंगा तो वह पुरानी सामंती प्रवत्ति का ही द्योतक होगा। बजट केवल आय–व्यय का मात्र लेखा–जोखा ही नहीं होता वह प्रदेश के ऐसे संतुलित विकास की ऐसी राह बनाने वाला होता है जो आने वाली पीढ़ियों को आसान और बेहतर जीवन दे सके भले ही मौजूदा समय की पीढ़ी थोड़ी तकलीफ झेल ले। इसलिए यह जानना जरूरी हो जाता है कि जिस प्रकार की राहतों की बिपरजॉय बारिश राज्य सरकार कर रही है उसकी चालू वर्ष के बजट में किस प्रकार व्यवस्था होगी और राज्य की आर्थिक हालत पर उसके क्या दूरगामी परिणाम होंगे? खुद सरकार के ही आंकड़े चीख–चीख कर बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में, राज्य सरकार के राजकोषीय घाटे के वित्तपोषण के पैटर्न में बाजार से ली जा रही उधारी में भारी वृद्धि हो रही है। बजट के आंकड़ों में थोड़ा झांकें तो पाते हैं कि जब से मौजूदा निर्वाचित सरकार ने काम–काज संभाला है तब ही से राज्य पर लोक ऋण बढ़ता जा रहा है। बीच में केवल एक वर्ष 2021–22 में यह थोड़ा नीचे आया। वह लगातार बढ़ रहा है और चालू वित्त वर्ष में यह अपने सर्वोच्च शिखर पर पहुंच गया है। रिजर्व बैंक के एक विश्लेषण पत्र में कहा गया है कि बाजार उधारी की मात्रा में वृद्धि से राज्यों की राजकोषीय स्थिति के बारे में लागत और चिंताएं बढ़ जाती हैं, और उधार लेने की लागत को कम करने के लिए बेहतर वित्तीय प्रबंधन को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता होती है। लेकिन जब चुनाव सिर पर हों तब समझदारी की सारी बातें किनारे धर दी जाती है।

**राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप के बाहर आकर शासन के इन कदमों को उसके राजकोष का ट्रस्टी होने की अवधारणा के तहत देखने की जरूरत है। गणतांत्रिक व्यवस्था में कोई यदि यह कहता है कि आप मांगते थक जाओगे, मैं देता नहीं थकूंगा तो वह पुरानी सामंती प्रवत्ति का ही द्योतक होगा।**

शासन ने सबसे बड़ी राहत अपने कर्मचारियों को उनके लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को हटा कर पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को फिर से लागू करके दी है। इस बात की राहत है कि इस राहत का वित्तीय बोझ तत्काल महसूस नहीं किया जाएगा। इस बजट में राजस्थान सरकार को पिछले साल एनपीएस के लिए 1,926 करोड़ रुपये का आवंटन करना पड़ा था। पुरानी योजना लागू कर देने से इस साल वह घाट कर में 5 करोड़ रुपये हो गया है। लगता है इसी बचत का पैसा राहतों में दिया जा रहा है। लेकिन जब एनपीएस के लागू होने के बाद शामिल हुए कर्मचारी वर्ष 2034 से सेवानिवृत्त होने लगेंगे, तब ओपीएस में वापस लौटने की लागत दिखाई देने लगेगी जिसे आने वाली सरकारें और पीढ़ीयां चुकाएगी। अर्थशास्त्री कहते हैं कि ओपीएस को अपनाने से भावी पीढ़ी की कीमत पर वर्तमान पीढ़ी को लाभ दिया गया है। राहतों के लिए पैसा इसके अलावा और कहां से निकला है उसका पता बजट विश्लेषणों से चलता है। बजट में क्षेत्रवार व्यय को देखें तो पाते हैं कि इस साल ग्रामीण विकास पर प्रावधान 15 प्रतिशत कम कर दिया गया है। विकास की असली धुरी ऊर्जा मानी जाती है। विकास की तरफ बढ़ने वाली कोई भी अर्थव्यवस्था ऊर्जा को कमतर करके नहीं आंक सकती। किन्तु ऊर्जा क्षेत्र पर खर्च में सिर्फ एक प्रतिशत की मामूली वृद्धि चालू वित्तीय वर्ष के लिए की गई है। हालांकि राहतों को लोक कल्याणकारी बता कर प्रचारित किया जा रहा है किन्तु दूसरी तरफ समाज कल्याण और पोषण के कामों पर सरकार ने पिछले साल से केवल एक प्रतिशत अधिक खर्च की व्यवस्था ही की है। प्रमुख क्षेत्रों के लिए किए गए बजट आवंटन के अनुमान और वास्तविकता के आंकड़े भी यही कहानी कहते हैं। 2021–22 में आवासन के लिए जितने रुपये आवंटित किए गए मगर वास्तव में उससे 31 प्रतिशत कम दिए गए। इसी प्रकार अनुसूचित, जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यकों के मद में तथा जल आपूर्ति व स्वच्छता मद में जितने रुपयों का बजट आवंटन किया गया उसके मुकाबले वास्तव में दस–दस प्रतिशत दोनों मदों में आवंटन कम दिया गया। सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए आवंटन से आठ प्रतिशत कमी तथा सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण व शिक्षा, खेलकूद, कला और संस्कृति को सात प्रतिशत पैसा कम कर दिया गया। संसदीय लोकतंत्र में यह नैतिक सवाल जरूर हो सकता है कि लोकप्रियता पाने के लिए राज्य की अर्थव्यवस्था की बलि चढ़ा देना कितना उचित है? लेकिन आज की राजनीति में नैतिकता की बात करने की किसे फुरसत है, पक्ष हो या विपक्ष।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# पहली बारिश ने सड़क निर्माण व सफाई व्यवस्था की पोल खोली

**■ सड़कों की क्षत-विक्षत हालत एवं गंदगी और कचरे से भरे नाले-नालियां**

**चाकसू, (निसं)।** नगरपालिका प्रशासन द्वारा सड़कों का जाल बिछाने एवं बरसात पूर्व नाले नालियों की सफाई करने के दावे धरे के धरे रह गए। मानसून पूर्व की पहली बारिश ने नगरपालिका क्षेत्र में सड़कों की क्षत–विक्षत हालत एवं गंदगी और कचरे से भरे नाले–नालियों की पोल खोल कर रख दी।

क्षेत्र में कार्यरत इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के बंधुओं ने कस्बे की सम्पर्क सड़कों राधिका गार्डन रोड, टिगरिया रोड, निमोडया रोड, सूरजकुंड रोड फागी रोड, कस्बे के विभिन्न वार्डों की सड़कों की हालत बदहाल हो रही थी। अपने सडकों पर पैदल निकलना भी परेशानी भरा हुआ था। आस–पास के लोगों की यह आम शिकायत रहती है कि वार्ड पार्षद की शिकायत के बावजूद अधिशासी अधिकारी कभी भी कस्बे की साफ–सफाई एवं खश्ता हाल सड़कों का अवलोकन तक नहीं करते।

अधिशासी अधिकारी से आग्रह किया गया है कि समय निकाल कर नगरपालिका क्षेत्र के हालात की जानकारी अवश्य करें एवं समय रहते समाधान करवाएं। वहीं नगरपालिका चैयरमेन कमलेश बैरवा कहना है कि मानसून की बरसात से पहले छोटे–बड़े सभी नाले–नालियों की युद्ध स्तर पर साफ–सफाई करवाई जा रही है एवं क्षतिग्रस्त सड़कों की आवश्यकता के अनुसार मरम्मत एवं निर्माण भी किया जा रहा है।

लोगों ने बताया कि वार्ड नंबर 31 राधिका गार्डन वाला जो रोड है पाटनी बिल्डर्स से लक्ष्मी नगर, पाटिया वाली ढाणी, को जाने वाला उस रास्ते का बहुत बुरा हाल है अभी तो मानसून पूर्व की हल्की सी बारिश हुई है जिसमें आना जाना बंद हो गया है। कृपया नगर पालिका प्रशासन व पार्षद मांगीलाल बैरवा से गुजारिश की है कि हमारे रास्ते को स्थाई नहीं बना पा रहे हैं तो कम से कम इसकी रिपेयरिंग करवा दें, मोहरम मिट्टी रोडी डलवा कर के और कुटाई करवा के रोलर से और सही करा दे तो स्कूली बालकों, बड़े–बूढ़े लोगों एवं दोपहिया वाहन चालकों को थोड़ी राहत मिल सके। अधिशासी अधिकारी महोदय से निवेदन है कि कस्बे की समस्याओं से मोके पर पहुंच कर जायजा ले एवं अपने स्व पर समाधान करवाए।



**चाकसू में क्षतिग्रस्त सड़कों से लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।**

## डी.पी.सी. न होने पर धरना देकर रोष जताया

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग कार्मिकों ने मंगलवार को नियमित डी.पी.सी. नहीं होने के कारण आयोग कार्यालय में धरना दिया। आयोग कार्मिकों ने 23 जून तक डीपीसी आयोजित कराने का अल्टीमेटम आयोग प्रशासन को दिया है। मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष प्रवीण मीना ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कार्मिकों को 02 साल की छूट देते हुए नियमित डीपीसी. करने संबंधी परिपत्र 17 मई को जारी किया गया था इसके अनुक्रम में शासन सचिवालय में 18 मई को नियमित डी.पी.सी. आयोजित की जा चुकी है। 6 अन्य विभागों में भी डीपीसी का आयोजन किया जा चुका है लेकिन आयोग कार्मिकों की नियमित डीपीसी प्रशासनिक उदासीनता के चलते आज तक भी लंबित है। नियमित डीपीसी आयोजित किए जाने के संबंध में पूर्व में भी संघ द्वारा 26 मई तथा 30 मई को ज्ञापन दिए गए थे। उन्होंने कहा कि समय पर डीपीसी आयोजित नहीं किया जाना कर्मचारियों के हितों पर कुठाराघात है।

# रेलवे द्वारा यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिये स्पेशल ड्राइव

**अजमेर, (कासं)।** रेलवे द्वारा यात्रियों को बेहतर और अधिकाधिक सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से स्पेशल ड्राइव चलाई जा रही है।

रेलवे बोर्ड के आदेशों के अंतर्गत रेल यात्रियों को सुविधा, साफ सफाई, पानी की व्यवस्था आदि की विशेष निगरानी के लिए आगामी 15 दिनों तक विशेष रूप से स्टेशन व सामान्य कोचों में उचित निगरानी के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत स्टेशनों/ट्रेनों की सफाई, शौचालयों की सफाई, ट्रेनों में एसी कोचों में एसी का ठीक तरह से संचालन, भीड़ पर नियंत्रण, पीने के पानी की उपलब्धता जैसे मामलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। इसके अतिरिक्त शिकायत निवारण के लिये त्वरित व्यस्था का प्रावधान किया गया है जिससे किसी भी शिकायत/समस्या का शीघ्र निवारण किया जा सकें। इसके लिए अजमेर मंडल पर मंडल रेल प्रबंधक राजीव धनखड़ के निर्देश पर अपर मंडल रेल प्रबंधक बलदेव राम द्वारा आदेश जारी किए गए हैं जिसके अंतर्गत अगले 15 दिनों के लिए अजमेर स्टेशन पर चौबीसों घंटे अधिकारियों की तैनाती के आदेश जारी किए गए हैं।

# कलेक्टर के बंगले से नागिन के बाद आठ फीट लंबा नाग भी पकड़ा



**पाली कलेक्टर नमित मेहता के बंगले से 8 फीट लंबे साँप को पकड़कर दूर जंगल में सकुशल छोड़ा।**

**पाली, (निसं)।** पाली जिला कलेक्टर महोदय नमित मेहता के बंगले से 8 फीट लंबे साँप को पकड़ा और दूर जंगल मे सकुशल छोड़ा।

प्रबल सिंह ने बताया कि 26 मई को पाली जिला कलेक्टर के बंगले से 8 फिट लंबी गर्भवती नागिन को पकड़ा था और उस समय सर्प मित्र गजेन्द्र सिंह मण्डली ने कहा था कि यहाँ साँपो का जोड़ा है और कभी भी नाग नजर आ सकता है और वही हुआ, आज 19 जून सोमवार को 8 फिट लंबा नाग भी नजर आ गया, जिसे पकड़ने के लिए कलेक्टर आवास से पाली जिले के सर्प मित्र गजेन्द्र सिंह मण्डली को बुलाया गया। गजेन्द्र सिंह मण्डली तुरंत मौके पर पहुंचे और नेवले जितनी फुर्ती दिखाते हुए 8 फिट लंबे नाग को अपने काबू में किया तथा दूर वन विभाग के जंगल मे ले जाकर सकुशल छोड़ दिया, तब जाकर कलेक्टर आवास में ड्यूटी करने वाले सभी कर्मचारियों और अधिकारियों ने राहत की साँस ली और गजेन्द्र सिंह मण्डली की नेवले जैसी फुर्ती की सराहना की और उन्हें लंबी उम्र का अशीर्वाद प्रदान किया।

गौरतलब रहे कि 1 जून को गजेन्द्र सिंह मण्डली को 5 फिट लंबे कोबरा साँप ने काट लिया था और पाली के ट्रॉमा वार्ड में एंटी डोज लगवाने के बाद डॉक्टर अनिल कुमावत नें जोधपुर एक रात जोधपुर के एम्स अस्पताल में इलाज के लिए भेज दिया था। एम्स अस्पताल में रात भर इलाज लिया था और सुबह 3 बजे वहाँ के डॉक्टरों ने कहा था कि अब आप पूर्ण रूप से खतरे से बाहर है और आप 3 दिन पाली के बांगड़ अस्पताल में वहाँ के डॉक्टरों की देखरेख में रहना तो फिर सुबह पाली आकर गजेन्द्र सिंह मण्डली पाली के बांगड़ अस्पताल में 3 दिन के भर्ती हुए थे और डॉक्टर हजारीमल चैधरी, डॉक्टर प्रवीण गर्ग, डॉक्टर राकेश सोनी और अन्य कई जूनियर डॉक्टर ने गजेन्द्र सिंह मण्डली को अपनी देखरेख में रखा था और फिर छुट्टी दी थी और सब जनता के आशीर्वाद से गजेन्द्र सिंह मण्डली को कुछ भी नही हुआ और वो फिर से जनता की सेवा उपस्तिथ हो गए।

# झमाझम बरसात के बाद खाद-बीज की दुकानों पर रही भीड़




**निवाई में बरसात होने के बाद किसानों ने खाद-बीज की दुकान से खरीदारी की।**

**निवाई, (निसं)।** शहर सहित उपखण्ड क्षेत्र में मंगलवार को झमाझम बारिश हुई। बारिश के साथ ही शहर में स्थित खाद–बीज की दुकानों पर किसानों की भीड उमड पड़ी। किसानों की भीड के चलते झिलाय रोड पर दिनभर यातायात बाधित रहा। सडक पर किसानों के ट्रेक्टर, जीपें, जुगाड एवं अन्य साधनों के खडे रहने से जाम की स्थिति बनी रही। खाद–बीज के दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर सडक पर कॉउन्टर लगा देने व खाद–बीज के कट्टे जमा देने से सडक मार्ग छोटा पड गया जिससे भी यातायात में बाधा उत्पन्न हुई । इधर सोमवार को भी दिनभर बरसात होती रही। ग्रामीण क्षेत्र में तेज बारिश से खेत लबालब हो गए और तालाबों में पानी की आवक हुई। शहर में स्थित नालों में भी बरसात से उफान आ गया एवं कई स्थानों पर सडकों पर पानी भर गया।

# घंटाघर पर 26 घण्टे अखण्ड सूर्य नमस्कार का रिकॉर्ड बनायेंगे शिक्षक व छात्र

**■ आयुष कॉलेजों और विभिन्न स्कूलों के शिक्षक-छात्र होंगे शामिलभरे नाले-नालियां**

**जोधपुर, (कासं)।** नौवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के उपलक्ष में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता पैदा करने के लिए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर द्वारा एक माह पूर्व से आयोजित किए जा रहे योग कार्यक्रमों की क्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, छात्र–छात्राओं एवं कार्मिकों द्वारा विश्वविद्यालय की योग– टीम के साथ सूर्यनगरी जोधपुर स्थित घंटाघर पर 21 जून को प्रातः 8.30 बजे से 22 जून प्रातः 10.30 बजे तक 26 घंटे अखंड सूर्य नमस्कार का रिकॉर्ड प्रदर्शन किया जाएगा।

कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति ने बताया कि छब्बीस घंटों तक आयोजित होने वाले अखण्ड सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में घन्टाघर पर विश्वविद्यालय की टीम के साथ–साथ राज्य की सभी संबद्धता प्राप्त आयुष महाविद्यालयी एवं अनेक विद्यालयों के शिक्षक और छात्र–छात्राएं भी फेसबुक एवं यूट्यूब के माध्यम से सहभागी बनेंगे।

कुलपति प्रों. प्रजापति ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जोधपुर के नागरिकों को स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति जागरुक करने के लिए सूर्य नमस्कार के अखण्ड प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने ने कहा कि वर्तमान समय में विकृत जीवन शैली के कारण स्वास्थ्य जैसा महत्त्वपूर्ण मुद्दा उपेक्षित है, अतः प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य की जिम्मेदारी महसूस कराने हेतु जागरूकता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संरक्षण के लिए परम लाभदायी सूर्य नमस्कार एक सहज सरल महत्वपूर्ण योग है, जिसमें अनेक योगासनों का समावेश है अतः सूर्य नमस्कार के नियमित अभ्यास से जीवन शैली जन्य रोगों जैसे मधुमेह, मोटापा, थायरॉयड, जोड़ों की जकड़न, ब्लड प्रेशर तनाव इत्यादि का प्रभावी समाधान किया जा सकता है।

कुल सचिव सीमा कविया ने बताया कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का घंटाघर पर कल बुधवार प्रातः 8.30 बजे कुलपति प्रो. प्रजापति के साथ जोधपुर उत्तर की महापौर श्रीमती कुन्ती देवडा, संभागीय आयुक्त कैलाश चन्द्र मीना तथा जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता शुभारंभ करेंगे।

कुलसचिव ने बताया कि इस कार्यक्रम का एलईडी स्क्रीन द्वारा एवं यूट्यूब फेसबुक इत्यादि पर जीवंत प्रसारण किया जाएगा। सूर्य नमस्कार प्रदर्शन में विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं अध्येता सहभागिता निभाएंगे।

योग प्रभारी डॉ. चंद्रभान शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाले इस अभूतपूर्व अखंड सूर्य नमस्कार प्रदर्शन में अनेक विद्यालयों के शिक्षक और छात्र–छात्राएं भी बड़ी संख्या में सोशल मीडिया के लिंक के जरिए भाग लेंगे।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 21 जून, 2023**

आषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2080, पुष्य नक्षत्र रात्रि 1:21 तक, व्याघात योग रात्रि 2:34 तक, गर करण दिन 7:10 तक, चन्द्रमा आज कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–मिथुन, चन्द्रमा–कर्क, मंगल–कर्क, बुध–वृष, गुरू–मेष, शुक्र–कर्क, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

राजयोग दिन के 3:10 तक है। रवियोग रात्रि 1:21 तक है। आज भद्रा रात्रि 4:19 से गुरूवार सांय 5:28 तक है। आज सायन कर्क में सूर्य प्रवेश रात्रि 8:28 पर होगा। आज से सूर्य दक्षिणायन आरम्भ होगा। वर्षा ऋतु आरम्भ होगी।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:03 तक, शुभ 10:46 से 12:28 तक, चर 3:55 से 5:37 तक, लाभ 5:37 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:37, सूर्यास्त 7:19

**मेष**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

**मिथुन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कर्क**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**सिंह**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

**वृश्चिक**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**मकर**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**कुंभ**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

**मीन**
परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है। आवश्यक और महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। अनावश्यक धन खर्च होगा।

# भ्रष्टाचार के आरोपों पर किरोड़ी और जोशी आमने-सामने

## महेश जोशी बोले, ''जो टेंडर निरस्त कर चुके, उन्हें लेकर आरोप लगा रहे हैं, किरोड़ी वह टेंडर किसी अन्य पार्टी को दिलाना चाहते थे''

**जयपुर** (का.प्र.)। भ्रष्टाचार के मामले को लेकर भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा और राजस्थान के जलदाय मंत्री महेश जोशी आमने-सामने आ गए हैं। एक दिन पहले जहां किरोड़ी लाल मीणा ने महेश जोशी पर 20 हजार करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया था।

वहीं आरोपों का जवाब देते हुए महेश जोशी ने कहा कि किरोड़ीलाल मीणा या तो उन फर्मों को काम दिलाना चाहते हैं, जिनके टेंडर हमने निरस्त कर दिए, या अब होने वाले टेंडरों में किसी को काम दिलाना चाहते हैं। इसी के साथ महेश जोशी ने यह भी कहा कि मैं मानहानि के मामले को लेकर विचार कर रहा हूं। उधर महेश जोशी के आरोपों को लेकर किरोड़ीलाल मीणा ने भी जवाब दिया और कहा कि यदि आरोप साबित हो गए तो राजनीति से सन्यास ले लूंगा।

डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने सोमवार को जल जीवन मिशन (जे.जे.एम.) योजना के तहत 20 हजार करोड़ के टेंडर देने में मंत्री महेश जोशी और विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। किरोड़ीलाल मीणा इस मामले में एफआईआर दर्ज करवाने अशोक नगर थाने भी पहुंचे। इस दौरान जलदाय मंत्री महेश जोशी ने आरोपों को

- **किरोड़ी ने पलटवार कर कहा, कि ''मैं किसी को टेंडर दिलाना चाहता था, तो जांच करें, जांच सही साबित हुई तो राजनीति छोड़ दूंगा''**

नकारते हुए इसे सांसद किरोड़ी मीणा की झूठे आरोप लगाने की फितरत बताया। उन्होंने मीणा पर उन्हें पॉलिटिकल ब्लैकमेल कर दबाव बनाने के आरोप लगाए हैं। साथ ही यह भी कहा कि वह इस मामले में मानहानि का मामला दर्ज कराने के लिए राय ले रहे है।

किरोड़ी लाल मीणा की एफआईआर दर्ज नहीं होने के मामले में महेश जोशी ने कहा कि जो आरोप लगाने वाला व्यक्ति होता है, उसमें भी गंभीरता होनी चाहिए कि वो क्या आरोप लगा रहे हैं। जोशी ने कहा कि जल जीवन मिशन में टेंडर तय करने की प्रक्रिया में मंत्री की कोई भूमिका नहीं होती। आज केंद्र सरकार में कोई गलत काम हो जाए और मैं किसी केंद्रीय मंत्री पर आरोप लगाऊं और जुबानी तौर पर आरोप लेकर थाने में जाकर एफआईआर दर्ज करवाने पहुंचूं तो क्या थाने वाले यह नहीं सोचेंगे कि एफआईआर दर्ज करें या नहीं। जोशी ने कहा कि एफआईआर दर्ज होने लायक हैं, तो दर्ज करें और जांच करें, हम किसी जांच से नहीं डर रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की जांच जल जीवन मिशन के काम की हो तो हमे स्वीकार्य है। हर जांच में सहयोग करने को हम तैयार हैं लेकिन कोई तथ्य तो होने चाहिए।

जोशी ने कहा कि जिस टेंडर प्रक्रिया की वह बात कर रहे हैं, मेरी और एसीएस की उसमें कोई भूमिका ही नहीं है। टेंडर भी विभिन्न जांच प्रक्रिया के बाद ही फाइनल होता है। फिर भी कोई कमी रहती है तो जांच होती है। अगर कोई हमें शिकायत देगा तो हम फिर भी जांच करवाने को तैयार हैं। जोशी बोले कि 20 हजार करोड़ के जो टेंडर देने थे, वह टेंडर हम जनवरी में ही निरस्त कर चुके हैं। अब किरोड़ी लाल मीणा आरोप लगा रहे हैं। इसका मतलब या तो यह उनको यह सुहा नहीं रहा है कि टेंडर क्यों निरस्त किए गए, या फिर अब जो टेंडर हो रहे हैं, उसके लिए वह दबाव बनाना चाहते हैं। उनके मन में कोई न कोई बात जरूर है। जोशी ने कहा कि केंद्र सरकार उनकी है। केंद्र का ही जल जीवन मिशन है और एनजेजेएम ने कोई आपत्ति नहीं की और किरोड़ी लाल मीणा उस पर आपत्ति कर रहे हैं। इसका मतलब साफ है कि सांसद मीणा अब अपनी ही केंद्र सरकार के खिलाफ जा रहे हैं।

जोशी ने कहा कि यह किरोड़ीलाल मीणा की प्रवृत्ति है कि वह किसी की नहीं सुनते। जो उनके स्वार्थों की पूर्ति करे, उस बात को ही वह हमेशा प्राथमिकता देते हैं। जोशी ने कहा कि जब 20 हजार करोड़ का टेंडर हमने दिया ही नहीं और अब तक कुल साढ़े 16 हजार करोड़ के ही काम हम करवाए हैं, तो फिर आरोप किस बात के लग रहे हैं। या तो किरोड़ी लाल मीणा उन फर्मों काम दिलवाना चाहते थे, जिनके टेंडर हमने निरस्त किए या फिर वह अब दोबारा आने वाले टेंडर में किसी को काम किसी को दिलवाना चाहते हैं। इधर जोशी की ओर से टेंडर दिलवाने के आरोप लगने के बाद किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि अगर महेश जोशी यह कहते हैं कि मैं किसी को टेंडर दिलाना चाहता हूं और उसके लिए दबाव बना रहा हूं तो उसकी जांच हो। जांच में अगर मैं दोषी पाया जाता हूं तो मैं राजनीति से संयास ले लूंगा। मीणा ने कहा कि हमने तथ्यों के साथ में अपनी शिकायत दर्ज कराई है। उसकी जांच निष्पक्षता के साथ करा लें। दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

# सांसद किरोड़ी अशोक नगर थाने के बाहर धरने पर बैठे

## जल जीवन मिशन के कथित घोटाले की एफ.आई.आर. दर्ज कराने थाने पहुंचे थे

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान में जल जीवन मिशन (जे.जे.एम.) प्रोजेक्ट में कथित फर्जीवाड़े और घोटाले के आरोपों की जांच की मांग को लेकर भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने सचिवालय में पहले एडिशनल सीवीसी और उसके बाद एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर मंगलवार को अशोक नगर थाने पहुंचकर शिकायत दी। शिकायतकर्ता टी.एन. शर्मा को साथ लेकर डॉ. किरोड़ीलाल मीणा पहुंचे। उन्होंने 20 हजार करोड़ और 900 करोड़ के कामों में घोटाले के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।



राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मंगलवार को सचिवालय पहुंचकर एडिशनल सीवीसी सोविला माथुर को जलदाय मंत्री और आई.ए.एस. के खिलाफ शिकायत दी।

सांसद मीणा के अशोक नगर थाने में पहुंचने के बाद जब एफ.आई.आर. दर्ज नहीं की गई तो भाजपा के नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ भी अशोक नगर थाने पहुंच गए। सांसद किरोड़ी लाल मीणा थाने के बाहर ही धरने पर बैठ गए। इस बीच पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव के बुलावे पर सांसद किरोड़ीलाल वार्ता के लिए पुलिस कमिश्नरेट पहुंचे, जहां वार्ता विफल होने के बाद पुनः अशोक नगर थाने पहुंचकर धरना शुरू कर दिया, जो कि देर रात तक जारी रहा।

किरोड़ीलाल ने कहा कि केन्द्र सरकार के जल जीवन मिशन योजना में हुए करोड़ों के भ्रष्टाचार के खिलाफ आज राजस्थान सचिवालय में पहुंचकर सीवीसी की एडिशनल सीवीसी सोविला माथुर को जलदाय मंत्री और आईएएस के खिलाफ शिकायत दी। इसके बाद जल जीवन मिशन के टेंडरों में हुए फर्जीवाड़े को लेकर एक शिकायत अशोक नगर थानाधिकारी को भी दी है। उम्मीद है मुकदमा दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे, अन्यथा आंदोलन का सहारा लेना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम-2012 के सेक्शन-17 का उल्लंघन किया है, सेक्शन-41 में लिखा है अगर इस क़ानून का उल्लंघन होता है तो 6 महीने से लेकर 5 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। गहलोत सरकार ने इस आर.टी.पी.पी. एक्ट को

- **अशोक नगर पुलिस ने एफ.आई.आर. दर्ज नहीं की तो नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ भी थाने पहुंचे**

बनाया और इस एक्ट की गहलोत सरकार ही धज्जियां उडाकर जल जीवन मिशन में टेंडरों में घपला कर करोड़ों रुपये निगल रही है।

सांसद किरोड़ी मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री बार-बार कहते हैं, हमारे यहां हर एफ.आई.आर दर्ज होती है। मैं केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन मं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम-2012 के सेक्शन-17 के उल्लंघन का मामला दर्ज कराने अशोक नगर थाने आया था, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं हुई, तो अब धरने पर बैठा हूं। सांसद मीणा ने थाने पर धरना दे दिया, तो पुलिस अफसर उनसे बातचीत करने पहुंचे। मीडिया से रूबरू होकर सांसद मीणा ने कहा कि फेक और फैब्रिकेटेड डॉक्यूमेंट लेकर 900 करोड़ रुपये के काम ले लिए गए, जो डॉक्यूमेंट हमने मीडिया के सामने कल ही रखे थे। एक दूसरा मामला यह है कि राजस्थान के फाइनेंस डिपार्टमेंट ने डायरेक्शन दिए थे कि टेंडर्स में पारदर्शिता बनी रहे और आर.टी.पी.पी. एक्ट 2012 का उल्लंघन नहीं हो। इन आदेश के बाद भी पीएचडी डिपार्टमेंट ने इसका वॉयलेशन कर दिया। इससे 30 से 40 परसेंट तक ठेकेदारों की पूलिंग हो गई। जयपुर के प्रताप नगर सांगरिया निवासी शिकायतकर्ता एडवोकेट टी.एन. शर्मा की ओर से अशोक नगर थाने में दी गई, शिकायत में ये लिखा गया है कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर टेंडर लेने के मामले में एफआईआर दर्ज की जाए। दो फर्मों को टेंडर दिए गए। इनमें श्री श्याम टयूबवेल कम्पनी शाहपुरा जयपुर और श्री गणपति ट्यूबवेल कंपनी शाहपूरा जयपुर को कार्यादेश दिए गए। इन टेंडर्स में कार्यादेश प्राप्त करने के लिए दोनों फर्मों ने भारत सरकार के उपक्रम इरकोन इंटरनेशनल लिमिटेड को पूरी तरह फर्जी वर्क कंप्लीशन सर्टिफिकेट पेश किए। दस्तावेजों की रूटीन जांच के तहत पीएचईडी के अधिकारी ने डाक्यूमेंट्स के वेरिफिकेशन के लिए इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड को एक मेल 21 मार्च को किया, जिसके जवाब में 22 मार्च को इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड ने पीएचईडी डिपार्टमेंट को मेल भेजकर बताया कि पेश किए गए सर्टिफिकेट पूरी तरह फर्जी हैं।

## राज्यपाल ने किया पश्चिम बंगाल मूल के लोगों से संवाद

**जयपुर** (कासं)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने पश्चिम बंगाल राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को राजभवन में पश्चिम बंगाल मूल के लोगों से संवाद किया।

राज्यपाल मिश्र ने पश्चिम बंगाल राज्य स्थापना दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल सांस्कृतिक रूप से अत्यंत समृद्ध राज्य है ।

उन्होंने कहा कि साहित्य, कला, संगीत, शिल्प आदि क्षेत्रों में बंगाल का विशिष्ट स्थान है। उन्होंने कहा कि बंगाल बुद्धिजीवियों और क्रांतिकारियों की धरती है, जिसने देश को स्वामी रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, रविंद्र नाथ टैगोर, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसी महान विभूतियां दी हैं। राज्यपाल श्री मिश्र ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को स्मरण करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल आज भारत का हिस्सा है तो इसमें उनका महत्वपूर्ण योगदान है।

## पक्षियों पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन

**जयपुर** । मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने निवास पर पक्षी प्रेमी डॉ. कैलाश चन्द सैनी की कॉफी टेबिल बुक 'पक्षी, प्रकृति और पर्यावरण' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर भारतीय पक्षियों तथा पर्यावरण पर शोधपूर्ण पुस्तक के लिए लेखक को बधाई दी। लेखक डॉ. सैनी ने बताया कि पुस्तक पक्षी जीवन पर उनके तीन दशक में किये गये शोध का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा से पूर्व शोध एवं संदर्भ अधिकारी डॉ. सैनी की पक्षियों पर यह दूसरी पुस्तक है।

पैनासिया रिसर्च फाउंडेशन, जयपुर द्वारा हाल ही में प्रकाशित इस पुस्तक में देश-विदेश के 82 फोटोग्राफर्स के 450 से अधिक आकर्षक फोटो सम्मिलित हैं। पुस्तक भारतीय उपमहाद्वीप में मिलने वाले विभिन्न पक्षियों की रोचक गतिविधियों से परिचय कराती है। इसमें शामिल समस्त



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने निवास पर पक्षी प्रेमी डॉ. कैलाश चन्द सैनी की कॉफी टेबिल बुक 'पक्षी, प्रकृति और पर्यावरण' का विमोचन किया

राज्यों के राज्य पक्षियों का सचित्र विवरण उपयोगिता को बढ़ाता है। इस अवसर पर मुख्य मंत्री के विशेषाधिकारी फारूक आफरीदी, हिन्दी ग्रन्थ अकादमी के निदेशक डॉ. बी.एल. सैनी, विधानसभा के पूर्व उप सचिव प्रकाश चन्द सैनी, पैनासिया रिसर्च फाउंडेशन के निदेशक रामानन्द राठी व पुलकित सैनी उपस्थित थे।

## कॉलेज छात्राओं के लिए ट्रांसपोर्ट वाउचर स्कीम लागू

**जयपुर** (कासं)। कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं को अब घर से कॉलेज आने-जाने का बस किराया मिलेगा। राज्य सरकार द्वारा कॉलेज में 10 किलोमीटर से अधिक दूरी से आवागमन पर प्रति दिवस 20 रुपए का भुगतान किया जाएगा। यह राशि छात्राओं द्वारा आवेदन पत्र में दिए गए बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्राओं को राहत देने के लिए ट्रांसपोर्ट वाउचर स्कीम के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

## प्रदेश में लगातार दूसरे दिन भी करोना संक्रमित नहीं मिला

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी कोई नया करोना संक्रमित नहीं मिला। हालांकि इस बीच तीन मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 12 रह गए हैं। इनमें जयपुर व उदयपुर में 6-6 एक्टिव केस मौजूद है। राज्य में आज 1567 कोविड जांच की गई है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि अब तक राज्य में इस बीमारी से 9735 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

## शोधार्थियों को मिलेगी फैलोशिप

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश के लगभग 6 हजार शोधार्थियों को आर्थिक संबल एवं प्रोत्साहन के लिए फैलोशिप दी जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसके लिए 62.30 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। राजकीय महाविद्यालयों व राज्य सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त विश्वविद्यालयों के लगभग 2200 शोधार्थियों को 20 हजार रुपए प्रतिमाह की फैलोशिप दी जाएगी। इसके लिए 52.80 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। राजकीय कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत 3800 शोधार्थियों को देश के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों एवं शोध संस्थानों में इंटर्नशिप, सेमिनार, वर्कशॉप, कॉन्फ्रेंस में सहभागिता के लिए 25 हजार रुपए तक की वित्तीय सहायता मिलेगी।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

## कोविड काल में विधवा हुई 53 महिलाओं को सतीश पूनियां ने बनाया आत्मनिर्भर

- **14 महिलाओं को कॉमर्शियल सिलाई मशीन, 17 को गाय, तीन को बकरी, तीन को भैंस और 5 को सरकारी नौकरी की तैयारी के लिए ट्यूशन फीस की मदद की**
- **पति को खो चुकी रेखा शर्मा की पढाई में मदद की, कड़ी मेहनत करके रेखा ने विकास अधिकारी बनने में सफलता हासिल की**

**जयपुर** (कासं)। कोविडकाल में विधवा हुई 53 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं आमेर विधायक सतीश पूनियां ने पहल शुरू की है। हीरो मोटोकॉप व नाथ संस्कृति सेवा संस्थान और भामाशाहों के सहयोग से उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं को स्वरोजगार व रोजगार से जोड़ने की अभिनव पहल की है, जिससे महिलायें सम्मान के साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी। आमेर के कूकस में कोविड-19 से प्रभावित परिवारों की विधवा महिलाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीन व रोजगार के अन्य साधन उपलब्ध करवाकर उन्हें संबल देने का कार्य किया गया। डॉ. पूनियां ने कहा कि, मानवता की तकलीफ में हम सब लोग एक परिवार की तरह एक-दूसरे के सुख-दुख में खड़े रहें। जब कोई तकलीफ में होता है तो हमारी जिम्मेदारी है, फर्ज है कि मदद के लिये आगे आएं और यह कोरोनाकाल में समस्त भारत ने पूरी एकजुटता से मदद के लिये आगे हाथ बढ़ाकर पूरी दुनिया में मिसाल कायम की। संकट में हम किसी की मदद कर अहसान नहीं करते, बल्कि अपना फर्ज पूरा करते हैं।

पूनियां ने कहा कि कोरोनाकाल में हमारे नेता हमें दिल्ली से निर्देश देते थे कि लोगां को भोजन बांटो, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी कहते थे कि कोई भूखा ना सोये, इसलिये जरूरतमंदों की भोजन, राशन की मदद करो, सबको वैक्सीन के लिये प्रेरित करो। कोरोनाकाल में राजस्थान और देश के करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने जरूरतमंदों को सेवा ही संगठन अभियान के जरिये भोजन, राशन, पानी इत्यादि मदद की, जिसकी पूरी दुनिया में चर्चा हुई। इससे पहले भी हीरो मोटोकॉप के सीएसआर व भामाशाहों के जरिये समय-समय पर आमेर की माता-बहनों को स्वरोजगार से जोड़ने की मदद की गई और इस मुहिम को आगे बढ़ाने में नाथ संस्कृति सेवा संस्थान की सचिव सरिता योगी व इनकी टीम की बहुत ही सकारात्मक पहल रही।

पूनियां ने कहा कि मैंने अपनी मां को देखा है कि जब जवानी में कोई विधवा हो जाये तो अपने बच्चों को कैसे पालती है, इसलिये मैं उन दिनों को याद करता हूं, मेरी मां ने अपना बेटा खो दिया, अपना पति खो दिया, लेकिन फिर भी हिम्मत नहीं हारी और एक छोटे बच्चे को राजनीति में सतीश पूनियां बनाकर बड़ा कर दिया। उस समय तो मां को अभाव लगता होगा, लेकिन आज जब सुनती है, 90 साल से अधिक उम्र की है, समझती भी है, मैं समझता हूं कि मां को कितनी खुशी होती होगी कि उन तकलीफों को दूर करके आज मां के आदेश की पालना करके कितनी मां और बहनों को स्वाभिमान के साथ हम सब मिलकर संबल देने का कार्य कर रहे हैं। सरिता योगी ने बताया कि 14 महिलाओं को कॉमर्शियल सिलाई मशीन व सिलाई से संबंधित कच्ची सामग्री, 17 महिलाओं को गाय, 3 महिलाओं को बकरी, 3 महिलाओं को भैंस, 5 महिलाओं को सरकारी नौकरी की तैयारी हेतु ट्यूशन फीस, 4 किराना स्टोर, एक मटका स्टोर, एक ब्यूटी पार्लर, एक जनरल स्टोर, एक साड़ी स्टोर, एक लैपटॉप का वितरण किया।

## अचरावाला में गायत्री महायज्ञ

**जयपुर** । अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा और गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ की ओर से डिग्गी मलुपरा रोड स्थित अचरावाला के रामधाम हनुमान मंदिर में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के दिनेश आचार्य व गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा के डॉ. महेश सैनी ने यज्ञ करवाया।

**खोया पाया**

मेरे मकान 124/264 अग्रवाल फार्म, मानसरोवर का नियमितीकरण पत्र एवं अदेय पत्र कहीं खो गया है मिलने पर संपर्क करें-9636762603

**आम सूचना** दिनांक 20.06.2023

सूचनार्थ प्रेषित है कि मैं अजय सिंह पुत्र श्री मालाराम जरिये निदेशक बोनी बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड ने अपने कार्यालय में सुरेश चंद चौधरी पुत्र श्री धन्नाराम को कार्य पर रखा हुआ था। सुरेश चंद चौधरी को मैंने अपनी कम्पनी की ओर से लीगल कार्य करने हेतु मुख्त्यारनामा घोषित किया हुआ था। कम्पनी द्वारा सुरेश चंद चौधरी के पक्ष में किया गया मुख्त्यारनामा दिनांक 01.06.2022 को निरस्त कर दिया है एवं उसे कम्पनी से निकाल दिया है। अब सुरेश चंद चौधरी द्वारा कम्पनी के नाम से कम्पनी के लिए किया गया कोई भी कार्य वैध नहीं होगा। उसके साथ जो भी व्यक्ति कार्य/ व्यवहार करेगा उसकी जिम्मेदारी उस व्यक्ति की स्वयं की होगी कंपनी की नहीं। अजयसिंह (निदेशक) बोनी बिल्डटेक प्रा. लि.

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे अभिभाष्य श्री मोहम्मद रईस पुत्र श्री बुन्दु खान निवासी-272, नूर कवाडी, जालूपुरा, जयपुर राज.-302001 के निवासी हैं। मेरा भाई इरफान खान पुत्र श्री बुन्दु खान व मेरी बहिन साबरा पुत्री श्री बुन्दु खान पत्नी श्री अयूब खान, रूकसाना पुत्री श्री बुन्दु खान पत्नी श्री रहीस खान मेरे कहने में नहीं हैं, मैं व मेरा परिवार 15 वर्षो से अलग-अलग अपना जीवन यापन कर रहे है उपरोक्त लोगों से व उनके परिवारजनों से मेरा कोई लेना-देना व वास्ता नहीं है, इसलिए मैं उपरोक्त लोगों को अपने निजी जीवन से पूर्ण रूप से बेदखल करता हूं तथा भविष्य में उपरोक्त लोग किसी व्यक्ति, संस्था से किसी भी प्रकार का संव्यवहार लेन-देन आदि करते है तो उसके लिए लेन-देन व संव्यवहार करने वाली संस्था या व्यक्ति स्वयं की जिम्मेदारी होगी जिसमें मेरा व मेरे परिवार का किसी भी प्रकार का कोई लेना-देना नहीं है।
जयपुर दिनांक-20.06.2023
पिंकी बाथोतिया, एडवोकेट मो. 9672994886 राज.उ.न्या. जयपुर राज.

**नाम परिवर्तन**

मैं सोनम पत्नी श्री राजेश कुमार जाति सिंधी खत्री निवासी किशनगढवास जिला अलवर राजस्थान की रहने वाली हूॅ। मैं शपथ पूर्वक बयान करती हूॅ मैंने अपना नाम रेखा रानी से बदलकर सोनम रख लिया है। मेरी समस्त आईडी सोनम के नाम से है। मै। अब सोनम के नाम से जानी जाती हूॅ।

I have change my daughter name Mishthi Trivedi to Manushri Trivedi for all purpose. Shailendra Trivedi B-7, 1st floor, Nanu Marg, Devi Nagar, New Sanganer Road Sodala Jaipur



# धौलपुर में लगातार बारिश के चलते मकान गिरा, युवक की मौत

## दो महिलाओं सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल



धौलपुर जिले में भारी बारिश से मनियां में एक मकान के दो कमरे भरभरा कर गिर गए।

■ बिपरजॉय तूफान के चलते पिछले 24 घंटे में जिले में भारी बारिश हुई है

**धौलपुर,** (निस)। विपरजॉय तूफान के चलते पिछले 24 घंटे में धौलपुर जिले में भारी बारिश हुई। जिससे मनियां कस्बे में तड़के 3 बजे एक मकान के दो कमरे भरभरा कर गिर गए। जिसमें दबने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई तथा 2 महिलाओं सहित 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें देर रात को पुलिस और प्रशासन की मदद से जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया गया।

मनियां पुलिस थाने के सामने स्थित हरिजन बस्ती में अल सुबह 3 बजे एक पक्का मकान भरभरा कर गिर गया। मकान के दो कमरे गिर जाने से उनमें मौजूद 5 लोगों में से एक की मौत हो गई, जबकि 2 महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मनियां थाना प्रभारी लाखन सिंह ने बताया कि हरिजन बस्ती में अनिल पुत्र महेश और अर्जुन पुत्र महेश अपने-अपने परिवारों के साथ दो कमरों में रहते थे। बारिश की वजह से अचानक दोनों कमरे ढ ह गए। जिससे एक कमरे में मौजूद 26 वर्षीय अनिलकी मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं अनिल की पत्नी रूपा निवासी मनियां एवं बहनोई मंकीनिवासी मुजफ्फरपुर घायल हो गए। जबकि अनिल की बहन सपना बाल-बाल बच गई। दूसरे कमरे में सो रहे मृतक अनिल के छोटे भाई अर्जुन की पत्नी रेशमा और भतीजी परी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के समय दूसरे कमरे में रहने वाला मृतक का भाई अर्जुन अपनी ससुराल गया हुआ था। जिससे वह बच गया। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए मृतक व घायलों को मलबे से बाहर निकाला। इसके बाद शव को मनियां अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घटना की सूचना मिलते ही सेक्रेटरी जितेंद्र शर्मा और सरपंच प्रतिनिधि पवन जैन मौके पर पहुंचे। जिन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। सेकेट्री जितेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना में एक जने की मौत हुई है, वही चार लोग घायल हुए हैं। जिसे लेकर सहायता के लिए प्रस्ताव बनवाकर सरकार को भिजवाया गया है।

## पानी में डूबने से एक युवक व दो बालिकाओं की मौत

**आहोर,** (निसं)। जालोर जिल में आहोर उपखंड के दो अलग-अलग गांवों में पानी में डूबने से एक युवक व दो बालिकाओं की अकाल मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को दलपत पुत्र परखाराम मेघवाल निवासी आहोर अपने चाचा के साथ काम के लिए आहोर से छिपरवाड़ा जा रहे थे, उस दरम्यान जवाई नदी पार करते समय अचानक पैर फिसलने से वह गहरे पानी में गिर गया। साथ चल रहे चाचा ने बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन उसे बचा नहीं पाया। सूचना पर आहोर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से दलपत को ढूंढने का प्रयास शुरू किया। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कालूराम मेघवाल किशनगढ़ व देशाराम भील पचानवा ने अपनी जान जोखिम में डालकर दलपत के शव को पानी के गहरे गड्ढे से बाहर निकला।

इसी तरह वलदरा गांव में दो सगी बहनों के नदी में गिरने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक कल शाम को गांव के पास से गुजर रही भूती नदी में पैर फिसलने से मांगीलाल मेघवाल की दो नाबालिग लड़कियां कल्पना व सुष्मिता नदी के बहाव में बह गई। सूचना पर भाद्राजून थानाधिकारी प्रताप सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और लड़कियों की तलाश शुरू की। एसडीआरएफ की टीम ने एक लड़की के शव को तो कुछ घंटों बाद ही बरामद कर लिया, लेकिन दूसरी लड़की का शव को बरामद किया गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद सभी शव परिजनों को सौंप दिए हैं।

# तूफान में नागरिक सुरक्षा दल ने बचाई लोगों की जान

## अजमेर में लगातार बारिश से कई सालों का रिकॉर्ड टूटा



अजमेर में ''बिपरजॉय'' तूफान के दौरान जिला प्रशासन और नागरिक सुरक्षा दल ने लोगों को खतरे वाले क्षेत्रों से बाहर निकाला।

■ लगातार जुटी रहीं टीमें, पानी से घिरे इलाकों में लोगों को बाहर निकाला

**अजमेर,** (कासं)। बिपरजॉय तूफान के दौरान जिला प्रशासन और नागरिक सुरक्षा दल ने पानी से घिरे इलाकों में फंसें कई लोगों की जान बचाई। टीमें लगातार रेस्क्यू में जुटी रहीं और लोगों को खतरे वाले क्षेत्रों से बाहर निकाला। अजमेर में लगातार बारिश से कई सालों का रिकॉर्ड टूट गया है। अभी भी शहर के कई क्षेत्रों में पानी भरा हुआ है। जिला कलैक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि नगरिक सुरक्षा दल ने राजाकोठी स्कूल नाले के पास नागरिक सुरक्षा दल द्वारा किशन रानीवाल 47 वर्ष व उसकी पत्नी 40 वर्ष, पुत्री सरिना 15 वर्ष, पुत्र पीयूष 10 व हरिशंकर 8 वर्ष के मकान में पानी भरने के कारण सुरक्षित निकालकर राजाकोठी स्कूल में ठहराया।

इसी तरह नागरिक सुरक्षा दल द्वारा बधिर विद्यालय के पीछे वैशाली नगर में दाखाबाई नामक 96 वर्षीय महिला का मकान पानी से घिरने के कारण उन्हें मकान से निकालकर सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। गढ़ी मालियान में एसडीआरएफ व सिविल डिफेन्स की टीम द्वारा बुजुर्ग महिला 73 वर्षीय कमला देवी को सुरक्षित निकालकर रिश्तेदारों के घर भेजा। नागफणी वार्ड नम्बर 7 मकान पर चान गिरने से क्षतिग्रस्त होने के कारण पहाडी की ढ़लान पर अन्य मकानों से सुरक्षा की दृष्टि से 16 परिवारों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर भिजवाया गया।

प्रभारी अधिकारी आपदा प्रबन्धन देविका तोमर ने बताया कि नागरिक सुरक्षा दल द्वारा सुनहरी कॉलोनी राबडिया मोहल्ला में मकान में पानी भरने के कारण फंसे महिला व बच्चों नागरिक सुरक्षा दल द्वारा रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर भेजा। महावीर कॉलोनी पुष्कर रोड़ पर 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला को पानी भरे मकान से सुरक्षित निकालकर उनके छोटे बेटे के घर भिजवाया।

## रायथल में रेस्क्यू कर 62 लोगों को बचाया

**जालोर,** (कासं)। जालोर में बिपरजॉय तूफान से बाढ़ के हालात बनने के बाद मंगलवार को लोगों ने राहत महसूस की। वही आहोर के रायथल में फंसे 62 लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। जिला कलैक्टर व एसपी ने रात को पहुंचकर उक्त को सुरक्षित पहुंचाया।

जालोर जिले में एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की संयुक्त टीम ने कुशल नेतृत्व से कार्य करते हुए किसी प्रकार की जानहानि नही हो सकी । वही सोमवार रात्रि को रायथल में पानी पहुंचने से करीब 62 लोग पानी में फंस गये। जिसकी सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर सभी लोगो को सुरक्षित पानी से बाहर निकाला। वही जिला कलैक्टर निशांत जैन व एसपी मोनिका सेन भी मौके पर मोजूद रही। रायथल गांव में पानी का बहाव ज्यादा आने से प्रशासन ने लोगो को जाने को कहा था। लेकिन कुछ लोग समझाईश के बाद भी नही जाने पर वे फंस गये। यदि समय रहते प्रशासन मुस्तैद नही रहता तो बडा हादसा हो सकता था। जालोर में बाढ के बाद मंगलवार को जन जीवन सामान्य नजर आया। लेकिन बाढ से लोगो को काफी नुकसान उठाना पडा।

**विद्युत विभाग बाढ़ में फिसड्डी रहा साबित :-** बाढ से ग्रस्त लोगो को आपातकालीन समय मे विद्युत आपूर्ति बहाल करने में विद्युत विभाग का कार्य शून्य नजर आये। जालोर में तेज बारिश से बाढ के हालात बनने के करीब दो दिन बाद भी विद्युत विभाग बिजली की आपूर्ति सुचारू नही कर पाये। वही हैल्पलाईन व अधिकारियों के फोन करने पर किसी भी प्रकार से कोई जवाब नही देने से लोगो में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी देखी गई।

# 50 लाख रुपये गबन के मामले में कनिष्ठ सहायक गिरफ्तार



आरोपी मोहम्मद सलीम नकवी

■ मालपुरा के सरकारी अस्पताल एम.आर.एस. कोष से किया था गबन

**मालपुरा,** (निसं)। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालपुरा मेडिकल रिलिफ सोसायटी फण्ड की राजकोष राशि से 50 लाख रूपये की राशि गबन मामले में विभागीय विशेष जांच दल की रिपोर्ट के आधार पर सीएचसी प्रभारी द्वारा दर्ज करवाई गई पुलिस प्राथमिकी में अनुसंधान करते हुए जांच अधिकारी ने आरोपी कनिष्ठ सहायक को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी बृजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि निदेशालय चिकित्सा विभाग जयपुर व अजमेर की गठित विशेष जांच टीम द्वारा मालपुरा पहुंच एमआरएस के दस्तावेज सहित कैशबुक व रोकड पंजिका सहित बिल बाऊजर तथा बैंक खाते आदि की कि गई बारीकी से जांच में दोनों ही टीमों द्वारा वर्ष 2016 से वर्ष 2022 तक अलग-अलग सीएचसी प्रभारी के कार्यकाल में लाखों रूपयों की राशि गबन किये जाने का मामला सामने आने पर विभाग द्वारा गबन की राशि 49 लाख 85 हजार 335 रूपये की राशि गबन होना सामने आने के बाद विभाग द्वारा राजकोष की राशि रिकवरी को लेकर तत्कालीन प्रभारी, लेखाकार, कनिष्ठ सहायक सहित आधा दर्जन लोगों को नोटिस जारी किये गये थे। लेकिन राजकोष की राशि जमा नहीं करवाई गई।

मामले से विभाग के आलाधिकारियों को अवगत करवाने व उनके निर्देशों पर मालपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया गया था। जांच अधिकारी एएसआई रामनारायण गुर्जर द्वारा जांच कर मंगलवार को मामले में लिप्त आरोपी मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद तसलीम नकवी निवासी मालपुरा हाल कनिष्ठ सहायक को गिरफ्तार किया गया। एक आरोपी की गिरफ्तारी के बाद अन्य नामजद आरोपियों में खलबली मच गई। तो सरकारी अस्पताल में भी हडकम्प मच गया। उक्त मामले में एक चिकित्सक व तत्कालीन प्रभारी ने अनुमानित 2 लाख रूपये राजकोष में जमा भी करवा दिये लेकिन शेष आधा दर्जन आरोपियों द्वारा गबन की राशि जमा नहीं करवाई गई।

## सड़क हादसे में एक महिला की मौत

**बालोतरा,** (निसं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बाडमेर विजिट में ड्यूटी से वापस लौट रहे जोधपुर ग्रामीण डीएसपी की सरकारी गाडी व एक निजी कार में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार महिला की मौत हो गई वही डीएसपी निजी कार में सवार एक अन्य घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पचपदरा वह बागुंडी के बीच दुधवा पुलिस चौकी सरहद के पास में एक निजी कार और ठीक करते समय सामने से आ रही पुलिस की गाडी से टकरा गई टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई। वही पुलिस गाडी में सवार जोधपुर ग्रामीण डीएसपी राजूराम घायल हो गए। सूचना के आधार पर पचपदरा थाना दुधवा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची घायलों को बालोतरा का अस्पताल लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने कार सवार महिला निवेदिता मिश्रा निवासी उडिसा को मृत घोषित कर दिया साथ ही डीएसपी को एक अन्य घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद जोधपुर रेफर कर दिया गया है हादसे में दुर्घटनाग्रस्त कार रिफाइनरी के इंजीनियर की बताई जा रही है।

## भीलड़ी रेल मार्ग पर सेवाएं सुचारू

**जोधपुर,** (कासं)। बिपरजॉय तूफान के प्रभाव से हुई तेज बरसात और अत्यधिक जल बहाव के कारण उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर समदड़ी-भीलड़ी रेल खंड पर अवरुद्ध हुआ रेल मार्ग दुरुस्त हो गया है। इसके साथ ही इस मार्ग पर रद्द की गई रेल सेवाओं का संचालन भी चरणबद्ध रूप से बहाल किया जा रहा है। डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि बिपरजॉय चक्रवात के कारण हुई भारी बारिश के कारण जोधपुर मंडल के समदड़ी-भीलड़ी रेल मार्ग पर अनेक स्थानों पर रेल पटरियां मिट्टी व गिट्टी के बहाव से हवा में झूल गई थीं। जिससे कुछ रेल सेवाएं प्रभावित रहीं थीं।

## तेज वेग से बह रही बांडी नदी

**पाली,** (निसं)। वर्षों बाद पाली शहर के बीच बहने वाली बांडी नदी जून माह में तीसरा दिन भी रपट पर वेग से बहती रही, मंगलवार शाम को नदी देखने के लिए पुलिये पर पूरा शहर का उमड़ पड़ा जिसके कारण पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी मंगलवार को भी पुलिस का जाब्ता रपट पर तैनात था, इधर जवाई बांध का गेज 40 पार कर गया और हेमावास बांध 27 फीट के पास पहुंच गया, अगर पानी की आवक जारी रही तो बुधवार को बांध ओवरफ्लो हो जाएगा। वहीं पाली जिले के जोजावर क्षेत्र में स्थित भीलबेरी झरना जो कि जिले में सबसे ऊंचा 182 फीट पिछले 2 दिन से पूरे वेग से बह रहा है।

## नेशनल हाइवे के करमीसर तिराहे पर देर रात तक लगाया जाम

**बीकानेर,** (कासं)। श्रीकोलायत में बजरी सहित अनेक खनन सामग्री लेकर देशभर में जाने वाले ट्रक ऑपरेटर अब आंदोलन के मूड में है। दरअसल, इन ट्रक ऑपरेटर्स को बजरी खानों पर 'रवन्ना' नहीं मिलने से जगह-जगह रुपए देने पड़ते हैं। इसी से परेशान होकर ट्रक ऑपरेटर अब बजरी खान से ही रवन्ना लेना चाहते हैं।

देर रात ट्रक ऑपरेटर्स के साथ प्रभुदयाल गोदारा पहुंचे। उन्होंने करमीसर फांटे पर ट्रकों को खड़ा कर दिया। हाईवे के किनारे धरने पर बैठ गए। पुलिस और प्रशासन को सूचना कर दी गई कि ट्रक ऑपरेटर्स यहां चक्का जाम करेंगे। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार, सीओ सिटी पवन भदौरिया पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। यहां करीब 100 पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए। खान विभाग के अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया। बातचीत में कोई निर्णय नहीं हो सका। ऐसे में ऑपरेटर पूरी रात यहीं पर बैठे रहने की चेतावनी देने लगे।

बाद में एसपी तेजस्विनी गौतम ने प्रभुदयाल गोदारा से बात करके उन्हें समझाया। गोदारा ने आरोप लगाया कि रवन्ना नहीं होने से ट्रक ऑपरेटर्स को जगह-जगह भुगतान करना पड़ता है। ये भी आरोप लगाया कि बड़े नेता इस मामले में लिप्त हैं। ऑपरेटर परेशान हो चुके हैं। हर महीने करोड़ों रुपए का अवैध व्यापार हो रहा है। इसके बाद भी पुलिस और प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ऑपरेटरर्स ने आरोप लगाया कि बजरी की जगह सिलिका सेंड का रवन्ना दिया जा रहा है। काफी समझाइश के बाद ऑपरेटर ने एकबारगी धरना स्थगित करने का निर्णय किया।

# चार साल बाद पानी आने पर लूणी नदी का जगह-जगह हो रहा स्वागत

## पश्चिमी राजस्थान की 'मरु गंगा' में पानी आने पर क्षेत्र में खुशी की लहर



बालोतरा में लूनी नदी के आने से ग्रामीणों ने पुजा-अर्चना की।

**बालोतरा,** (निसं)। पश्चिम राजस्थान की मरु गंगा में चार सालों बाद पानी आने पर क्षेत्र में खुशी की लहर हैं। लूणी नदी का जगह-जगह स्वागत किया जा रहा है। साथ ही किसान व संत महात्मा पूजन कर रहे हैं।

बाड़मेर जिले के समदड़ी, जेठन्तरी, कनाना, सराणा में पूजा अर्चना कर लूणी नदी की अस्तुति की गई। सराणा गांव में महंत परशुराम गिरी महाराज के सानिध्य में लूणी नदी की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान महंत परशुराम गिरी महाराज ने लूणी नदी की महत्ता बताते हुए कहा कि मारवाड़ की मरु गंगा में वर्षो बाद पानी की धारा बही है इससे पूरा क्षेत्र आह्लादित है। उन्होंने ने कहा कि जल है तो कल है, जल से ही जीवन हैं। गंगा, यमुना व गोदावरी की तरह लूणी भी पूज्य है। किसानो के चेहरों पर रौनक है। लूणी नदी में पानी आने से किसानों के कृषि कुए रिचार्ज होंगे साथ ही नदी किनारे के खेतों में अच्छी फसल की भी पैदावार होगी।

**सिवाना उपखण्ड क्षेत्र के मोतीसरा गांव में घुसा पानी :-** बिपरजॉय तूफान के बाद बारिश से लबालब हुआ अमृत सरोवर, अमृत सरोवर से ओवर फ्लो से गांव में घुसा पानी, मौके पर पहुंचे अतिरिक्त जिला कलेक्टर अश्विनी के, पंवार, डीवाईएसपी निरज शर्मा, तहसीलदार हातिफ खान, विकास अधिकारी हनुमानाराम चौधरी ने संभाली कमान, 50 परिवारों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाने को लेकर रेस्क्यू शुरू।

**सिवाना और समदडी में प्रशासन अलर्ट :-** महंत परशुराम गिरी महाराज महेश बी चौहान एसडीएम विवेक व्यास, थानाधिकारी उगमराज सोनी ने आमजन से आव्हान किया है कि क्षेत्रवासी स्वयं व अपने बच्चों को लूणी नदी के पानी में नही उतरने दे। नदी काफी वेग के साथ बह रही है और नदी में कई जगहों पर गहरे खड्डे भी है, ऐसे में सावधानी जरूर रखे।

# अजमेर की ऐतिहासिक आनासागर झील ओवरफ्लो

## झील के चारों तरफ बने रास्ते भी पानी से लबालब हुए

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर में चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के असर की वजह से हुई बरसात में अजमेर की ऐतिहासिक आनासागर झील को ओवरफ्लो कर दिया है।

■ लंबे समय बाद आनासागर झील के चैनल गेटों को खुलने से बनी चादर को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग आनासागर पहुंचे



आनासागर के चैनल गेट को खोलकर झील के पानी की निकासी की जा रही है।

लबालब हुई झील का पानी प्रशासनिक निर्णय लेने से पहले ही चैनल गेट को पार कर बाहर निकलना शुरू हो चुका था वही झील के चारों तरफ बने रास्ते भी पानी से लबालब हो चुके थे। नतीजा अजमेर जिला कलेक्टर भारती दीक्षित ने आनासागर के चैनल गेट को खोलकर झील के पानी की निकासी को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंगलवार दोपहर सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता महेश राठी के निर्देशन में झील के चैनल गेटों को खोलकर पानी की निकासी को सुनिश्चित किया गया।

लंबे समय बाद आनासागर झील के चैनल गेटों को खुलने से बनी चादर को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग आनासागर पहुंचे। सुहाने मौसम में एक तरफ जहां झील के पानी की निकासी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी तो वही झील के चारों तरफ के रास्ते और उनके समीप पढ़ने वाली बस्तियों को भी इससे बड़ी राहत मिलने की आशा है क्योंकि झील का पानी इन बस्तियों तक घुस चुका है जिसे निकालने की मशक्कत प्रशासन कर रहा है। झील के पानी की वजह से जलभराव इन बस्ती के बाशिंदों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ था।

# लंपी रोग से मृत गौवंश का सरकारी आंकड़ा 76 हजार, लेकिन मुआवजा मात्र 42 हजार को; गौशालाएं वंचित : राजेन्द्र राठौड़

## 5 जुलाई को बीकानेर में लंपी मामले में पोल खोल अभियान तथा जुलाई के दूसरे सप्ताह में झुंझनूं में कर्जमाफी को लेकर किसान सम्मेलन होगा : नेता प्रतिपक्ष

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को लंपी वायरस, किसान कर्जमाफी और ओल्ड पेंशन स्कीम पर प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान राजेंद्र राठौड़ ने गहलोत सरकार की बजट घोषणा में लंपी वायरस से मरने वाले गोवंश के मालिक पशुपालकों को 40 हजार रूपए मुआवजा देने में और गोशाला प्रबंधकों से वादाखिलाफी के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि लंपी रोग से मृत गौवंश का सरकारी आंकड़ा 76 हजार हैं, लेकिन मुआवजा मात्र 42 हजार को दे रहे हैं, गौशालाएं अब भी वंचित है।

राठौड़ ने कहा कि आगामी 5 जुलाई को बीकानेर में भाजपा गहलोत सरकार के खिलाफ 'पोल खोल अभियान' शुरू करेगी। वहीं किसान कर्जमाफी के खिलाफ जुलाई के



नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़

दूसरे सप्ताह में झुंझनूं प्रशासनिक जिले में सम्मेलन आयोजित होगा। राठौड़ ने कहा कि सरकार ने 15.67 लाख पशुधन को संक्रमित

- **ओल्ड पेंशन स्कीम के नाम पर कर्मचारियों से अंशदान का 12 प्रतिशत ब्याज सहित जमा कराने का आदेश मनमाना : राठौड़**

और 76 हजार पशुधन की मौत के आंकडे जारी किए थे, वहीं सरपंच संघ की ओर से 5 लाख 13 हजार पशुधन की मौत का ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बावजूद सरकार ने सरपंच संघ और खुद की ओर से बताए गए आंकड़ों को भी झूठा साबित कर महज 42 हजार पशुपालकों को ही 40 हजार का मुआवजा देने की घोषणा बजट मं की थी। वहीं दूसरी ओर सरकार ने गौशाला में मरी गायों का मुआवजा देने से मना कर दिया जो कि गौशाला प्रबंधकों से पूरी तरह से धोखा और दोहरा चरित्र है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा को 4 माह पूरे होने को हैं, लेकिन सरकार अभी तक पशुपालकों को दिए जाने वाले मुआवजे के लिए बीमा कंपनी का चयन नहीं कर पाई।

राठौड़ ने कहा कि किसान कर्जमाफी के मामले में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र और बजट घोषणा सभी को झूठा साबित कर दिया। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में दिसंबर 2018 तक के सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों, शेड्यूल बैंकों और आर.आर.बी. के तीन लाख 49 हजार 257 किसानों की एनपीए राशि 6 हजार 18 करोड 93 लाख रूपए थी। जिसमें पांच हजार 638 करोड 47 लाख रूपए का ऋण माफ होना था, लेकिन कर्ज माफ नहीं होने से इस पर चक्रवृद्धि ब्याज लगने से यह बढ़कर 12 हजार करोड़ को पार कर गई। सरकार ने खुद स्वीकारा है कि इन 4 सालों में 19 हजार 422 किसानों की जमीनें नीलाम हुई है।

ओल्ड पेंशन स्कीम के संबंध में राजेंद्र राठौड़ ने गहलोत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत ने वर्ष 2023-24 के बजट में प्रदेश की सरकारी संस्थाओं, जिसमें विद्युत उत्पादन निगम, विद्युत प्रसारण और वितरण निगत, रीको, आरटीडीसी, आरएसएमएमएल विश्वविद्यालयों एंव अकादमियों में ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने का दावा किया था। लेकिन सरकार की ओर अब इस पेंशन स्कीम में नया पेंच लगाया जा रहा है। जिसमें पेंशन का लाभ लेने से पहले कर्मचारी को राज्य सरकार के अंशदान का 12 प्रतिशत ब्याज सहित 15 जुलाई से पहले जमा कराना है। यदि कर्मचारियों द्वारा यह पैसा नहीं जमा कराया गया तो उन्हे ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ नहीं मिलेगा।

# 'डॉक्टर के परिजनों को 44 लाख रु. मुआवजा दे'

जयपुर (कासं)। मोटर दुर्घटना मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर द्वितीय ने सडक़ दुर्घटना में हुई रेजीडेंट डॉक्टर की मौत के मामले में बीमा कंपनी को आदेश दिए हैं कि वह उसके माता-पिता को करीब 44 लाख रुपए का मुआवजा अदा करे। अदालत ने इस राशि पर क्लेम याचिका पेश करने की तिथि से 7 फीसदी ब्याज भी देने को कहा है। अदालत ने यह आदेश डॉ. राकेश शाह और बबीता जैन की क्लेम याचिका पर दिए।

याचिका में कहा गया कि उनका पुत्र अमन शाह एमबीबीएस व इंटर्नशिप करने के बाद मानसरोवर के निजी अस्पताल में आर्थोपेडिक सर्जरी में डीएनबी कोर्स कर रहा था। इस दौरान उसे तीस हजार रुपए मानदेय मिल रहा था। वहीं 21 मार्च, 2019 को वह मोटर साइकिल से एसएमएस अस्पताल से मानसरोवर जा रहा था। अस्पताल के गेट नंबर 6 के सामने एक कार चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उसकी मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। जिसके चलते वह घायल हो गया और 25 मार्च को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वह उनकी इकलौती संतान था। ऐसे में उन्हें क्षतिपूर्ति राशि दिलाई जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने बीमा कंपनी को 44 लाख रुपए का हर्जाना देने के आदेश दिए हैं।

## सार-समाचार

### सैकड़ों लोगों ने किया योगाभ्यास



**जयपुर**। अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह के तहत यूनियन फुटबॉल क्लब और ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में रामनिवास बाग के यूनियन फुटबॉल क्लब ग्राउंड-2 में सर्वांगीण समृद्धि योग शिविर और नि:शुल्क चिकित्सा कैंप लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नरेश कुमार ठकराल, प्रिंसिपल सेक्रेटरी यूथ एंड अफेयर्स मिनिस्ट्री राजस्थान सरकार, क्लब सचिव महिपाल स्वामी, महिला विश्वविद्यालय के वेदांत गर्ग और डॉ. हेमा बाफिला, समाजसेवी अनिल शर्मा और पदम भावसा, शशि अग्रवाल, पूर्व उपमहापौर मनोज भारद्वाज, ड्रग इंस्पेक्टर पूनम, योग गुरु ढाकाराम, वरिष्ठ पत्रकार विस्वपाल सिंह भदौरिया सहित सैकड़ों बालिकाओं व नागरिकों ने बारिश के बीच योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के संयोजक एवम क्लब कोऑर्डिनेटर अभिनव स्वामी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि 21 जून को राजकीय स्तर पर इसी यूनियन ग्राउंड में योग कार्यक्रम आयोजित होगा।

### सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर

**जयपुर**। सिटी पैलेस जयपुर में एक महीने तक चले सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह मंगलवार को आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रिंसेस गौरवी कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह में प्रशिक्षणार्थियों ने शिविर के दौरान सीखी विभिन्न पारम्परिक कलाओं जैसे कि ध्रुवपद, कथक, राजस्थानी लोक नृत्य, बांसुरी और श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोक की सुंदर प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया। इसके अतिरिक्त, समारोह में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बनाई गई प्राचीन आराईश (फ्रेस्को), जयपुर ब्लू पॉटरी और कांगड़ा शैली, जयपुर शैली और किशनगढ़ शैली आधारित पेंटिंग्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रिंसेस गौरवी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रतिभागियों की प्रतिभा की सराहना की। गौरतलब है कि यह शिविर महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय संग्रहालय, रंगरीत संस्था एवं सरस्वती कला केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत प्रिंसेस गौरवी कुमारी, रामु रामदेव, कार्यकारी ट्रस्टी, एमएसएमएस द्वितीय संग्रहालय, रमा दत्त और शिविर के प्रशिक्षकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित के साथ की गई। कार्यक्रम में पहले डॉ. मधु भट्ट तैलंग के मार्गदर्शन में ध्रुवपद की प्रस्तुति हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने श्लोक, गणेश वंदना और वेद मंत्रोच्चारण किया। बाद में आरडी गौड़ के मार्गदर्शन में बांसुरी वादन की प्रस्तुति हुई। समारोह का समापन डॉ. ज्योति भारती गोस्वामी द्वारा निर्देशित जयपुर घराना के कथक और घूमर के सुंदर नृत्य प्रदर्शन के साथ हुआ, जहां विभिन्न आयु समूहों की लड़कियों ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया।



### डॉ. कपूर निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश के निजी अस्पतालों के संगठन प्राईवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स सोसायटी की कार्यकारिणी के चुनाव 19 जून को जे.एम.ए. सभागार में चुनाव अधिकारी डॉ. तरुण पाटनी आर डॉ. एस.पी.सेठी की देखरेख में सम्पन्न हुए। इन चुनावों में कपूर हॉस्पिटल एंड डायबिटीज़ सेन्टर्स के निदेशक व वरिष्ठ डायबिटीज़ विशेषज्ञ डॉ. विजय कपूर प्रेसिडेंट पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। डॉ. कपूर अभी तक सोसायटी के सेक्रेटरी के पद पर कार्यरत थे। वाइस प्रेज़िडेंट डॉ. संजय मेहन्दीरत्ता, सेक्रेटरी डॉ. राकेश कालरा, कोषाध्यक्ष डॉ. संजय आर्य, व जाइंट सेक्रेटरी डॉ. नवनीत गुप्ता निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप मे डॉ. बुद्धि प्रकाश, डॉ. दीपक भारद्वाज, डॉ. लोकेश शर्मा, डॉ. अशोक मित्तल, डॉ. बी.एल. गुप्ता, डॉ. सुदीप जैन, डॉ. गिरीश गुप्ता, डॉ. गौरव कांत शर्मा, डॉ. गौतम कपूर, डॉ. राजीव नारंग, डॉ. ब्रजेश सिंघल, डॉ. एम.के.गुप्ता, डॉ. रिशभ जैन, डॉ. दीपक अग्रवाल, डॉ. सुनील अरोड़ा चुने गए।



# करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले दो भाई गिरफ्तार

**जयपुर**। डीजीजीआई की जयपुर जोनल यूनिट ने दिल्ली में चल रहे एक सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए दो सगे भाइयों को जयपुर से गिरफ्तार किया है। ये लोग 212 ऐसी फर्मों का संचालन कर रहे थे, जो अस्तित्व में ही नहीं थी। इन फर्मों के माध्यम से आरोपी दोनों भाइयों ने 320 करोड़ रुपए की फर्जी आईटीसी जारी कर दी।

डीजीजीआई की टीम ने मंगलवार को मास्टरमाइंड शुभम जिंदल (22) और उनके भाई तरुण जिंदल (24) को जगतपुरा से गिरफ्तार किया। इन दोनों भाइयों ने फर्जी फर्मों के संचालन और प्रबंधन के लिए दिल्ली के 3 लोगों को काम पर रखा हुआ था। डीजीजीआई को अब तक की जांच में कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। इसमें

- **दोनों ने दिल्ली में चला रखा था सिंडिकेट**

नकली आईटीसी पास करने के लिए ये लोग विभिन्न प्रकार के दलालों का इस्तेमाल करते हैं। कुछ दलाल नकली फर्म बनाने में शामिल हैं। वहीं कुछ आरटीजीएस का काम कर रहे हैं। आरोपियों के करीब 60 लाख रुपए वाले बैंक खातों को कुर्क किया गया है। इसके अलावा बैंक बैलेंस, खाता बही में पड़े 4.87 करोड़ रुपए हटा दिए गए हैं। शुभम जिंदल और उसके भाई तरुण जिंदल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने दोनों को 14 दिन के लिए जेल भेज दिया है।

# मुस्लिम संगठनों ने किया वक्फ बोर्ड पर हंगामा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। जालूपुरा में विधायक आवासों की भूमि को बाग नवाबकल्लन बताते हुए मुस्लिम संगठनों ने इस बेशकीमती जमीन की जेडीए द्वारा की जाने वाली नीलामी रूकवाने की मांग उठाई है। हालांकि वक्फ बोर्ड की मीटिंग में फैसला हुआ है कि इस मामले को लेकर जिला कलेक्टर और जेडीए प्रशासन को कहकर जमीन की नापजोख करवाई जायेगी और वक्फ न्यायालय में मामला ले जाया जायेगा।

दरअसल मंगलवार को मुस्लिम परिषद संस्थान, मुस्लिम प्रोग्रेसिव फेडरेशन व अन्य अनेक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान वक्फ बोर्ड कार्यालय में बोर्ड बैठक के दौरान मुस्लिम मुसाफिरखाना की तौलियत कमेटी को खत्म करने और नई कमेटी का गठन करने की मांग को लेकर

- **जालूपुरा में बाग नवाबकल्लन की भूमि नीलामी और मुस्लिम मुसाफिरखाना की तौलियत कमेटी को भंग करने को लेकर मांग पत्र सौंपा**
- **संगठनों का दावा है कि जालूपुरा में बाग नवाबकल्लन की संपत्ति वक्फ बोर्ड की है, इसलिए जेडीए द्वारा प्रस्तावित नीलामी को तुरंत रूकवाया जाए**
- **मुस्लिम संगठनों ने बैठक के दौरान हंगामा किया, पुलिस की मौजूदगी में चैयरमैन और सदस्यों से हुई वार्ता**

विरोध प्रदर्शन किया। मामला इतना गर्माया कि पुलिस की मौजूदगी में चेयरमैन खानू खां बुधवाली और सदस्यों से संगठनों के प्रतिनिधियों की वार्ता करवानी पड़ी। बोर्ड बैठक के दौरान बोर्ड चैयरमैन खानू खां बुधवाली और सदस्यों को ज्ञापन सौंपकर अवैधानिक तरीके से बनाई गई तौलियत कमेटी को तुरंत खत्म कर नई कमेटी बनाने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल में मुस्लिम परिषद संस्थान के अध्यक्ष युनूस चौपदार, मुस्लिम प्रोग्रेसिव फैडरेशन के कन्वीनर अब्दुल सलाम जौहर, मुस्लिम महासभा के सैयद साहेब आलम, अल्पसंख्यक विकास संस्था के एडवोकेट असलम, एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष इकरामुद्दीन टीपु, समाजसेवी रफीक खंडेलवी, भुरी भाई व संजु सैफ खान समेत अनेक संगठनों के पदाधिकारी व मौअज्जीज लोग मौजूद रहे। यूनूस चौपदार ने बताया कि बोर्ड बैठक में प्रतिनिधिमंडल की वार्ता के बाद इस मामले मे चर्चा के बाद मुस्लिम मुसाफिरखाना कमेटी की तौलियत खत्म करने पर मुहर लगा दी गई है। इसके अलावा एम.आई. रोड पर स्थित बाल नवाब कल्लन की वक्फ जायदाद पर जेडीए द्वारा नीलामी किए जाने के विरोध में संगठनों के विरोध के चलते बोर्ड ने वक्फ न्यायालय में कार्यवाही करने और जिला कलेक्टर व जेडीए को पत्र लिखकर जमीन की नापजोख करवाने का निर्णय लिया।

# तीन पावर बाइक चोर गिरफ्तार

**जयपुर**। मुहाना थाना पुलिस ने तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की पावर बाइक सहित दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं। आरोपी सुनसान जगहों से मौका पाकर वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते है। आरोपी महंगे शौक के लिए चोरियां करते है।

डीसीपी साउथ योगेश गोयल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी राहुल छीपा उर्फ सोनू छीपा गोपालजी की तलाई मुहाना, हरिशंकर कुमावत आनन्द विहार सायपुरा सांगानेर सदर और कानाराम नेहनवानी उर्फ करण स्वर्ण पथ मानसरोवर का रहने वाला हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी महंगे शौक की वजह से वह वाहन चोरी कर उन्हें स्थानीय बाजार में कम दामों पर बेच देते थे।

# जी.एस.टी. जॉइंट कमिश्नर चार दिन से लापता

**जयपुर**। राजधानी में जॉइंट कमिश्नर जीएसटी स्टेट टैक्स संजय गुप्ता चार दिन से लापता हैं। इस संबंध में परिवार ने महेश नगर थाने में गुमशुदगी का केस दर्ज करवाया है। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। संजय गुप्ता के मोबाइल की लास्ट लोकेशन बस्सी इलाके में आई थी। पुलिस की एक टीम बस्सी पहुंची, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

पुलिस ने बताया कि संजय गुप्ता शनिवार दोपहर 4 बजे घर पर पत्नी को बोल कर निकले थे। उन्होंने बताया था कि वह डीडवाना एक शादी में जा रहे हैं। अकेले ही कार से डीडवाना रवाना हो गए। शनिवार रात करीब 8-9 बजे संजय की पत्नी की संजय से बात हुई। संजय गुप्ता ने उन्हें कहा कि वह शादी में पहुंच गए हैं। इसके बाद से उनका मोबाइल नम्बर बंद है। रविवार को भी मोबाइल चालू नहीं होने पर संजय गुप्ता की पत्नी महेश नगर थाने पहुंची। पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की तो मोबाइल की लास्ट लोकेशन बस्सी निकली। इसके बाद पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। घंटों तक मौके पर सर्च करने के दौरान भी संजय गुप्ता का कोई पता नहीं चला। परिजनों के अनुसार यह पहली बार हुआ जब संजय गुप्ता इस तरह गायब हो गए। पुलिस भी अपने स्तर पर हर सम्भव प्रयास कर चुकी है। अभी तक संजय गुप्ता का कोई सुराग पुलिस को नहीं लगा हैं।

# मैरिज गार्डनों के बाहर से कार चुराने वाला पकड़ा

**जयपुर**। राजधानी की मुहाना थाना पुलिस ने चौपहिया वाहन चोरी के मामले में एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चार चौपहिया वाहन बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने वाहन चोरी की एक दर्जन से अधिक वारदातों का खुलासा किया हैं। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए एक हजार से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले, इसके बाद आरोपी को दबोचा। पुलिस इस मामले में आरोपी के अन्य साथी जितेन्द्र, इमरान, सदाम की तलाश कर रही है। डीसीपी साउथ योगेश गोयल ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी इरफान खान मूलत: सिटी कोतवाली बूंदी हाल न्यू वर्धमान नगर अजमेर रोड का रहने वाला है।

# ई-रिक्शा में करंट आने से युवक की मौत

**जयपुर**। राजधानी के खोह नागोरियान इलाके में ई-रिक्शा में करंट आने से एक युवक की मौत हो गई। ई-रिक्शा मालिक ने घर के बाहर उसे चार्जिंग पर लगा रखा था। पास से निकलते समय ई-रिक्शा से टच होने से युवक झुलस गया। पुलिस ने महात्मा गांधी हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के पिता ने ई-रिक्शा मालिक के खिलाफ लापरवाही से मौत का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि करंट लगने से पवन साहू (18) पुत्र प्रीतम साहू निवासी खेड़ली अलवर की मौत हो गई। वह पिछले 15 साल से परिवार के साथ यहीं रह रहा है। मकान की पहली मंजिल पर रहने वाला किराएदार सहजाद हुसैन ई-रिक्शा चलता है। सोमवार रात सहजाद हुसैन ने घर के बाहर ई-रिक्शा खड़ा किया था। ऊपर से बिजली का तार लगाकर ई-रिक्शा को चार्जिंग पर लगा रखा था।

रात करीब 10:30 बजे पवन ई-रिक्शा से पास से निकलते समय टच हो गया। करंट लगने से पवन बुरी तरह झुलस गया। गंभीर झुलसी हालत में परिजनों ने उसे हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान पवन की मौत हो गई। पवन के पिता प्रीतम ने किराएदार सहजाद के खिलाफ लापहरवाही के चलते बेटे की मौत का मामला दर्ज करवाया है।



राज्यपाल कलराज मिश्र मंगलवार को आमेर तहसील के रूण्डल ग्राम पहुंचे, जहां उन्होंने उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियां के साथ 51 कुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ में भगवान का स्मरण करते हुए आहुतियां दी।

# 'देवस्थान विभाग के मंदिरों में गैर ब्राह्मण पुजारियों की नियुक्ति बर्दाश्त नहीं होगी'

**जयपुर** (कासं)। सर्व ब्राह्मण महासभा ने राज्य सरकार से मांग की है कि देवस्थान विभाग के मंदिरों में सिर्फ ब्राह्मण पुजारियों को ही नियुक्ति दी जाए, अन्य वर्ग के पुजारियों की नियुक्ति बर्दाश्त नहीं करेंगे।

सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से देवस्थान विभाग के मंदिरों में पुजारी के 22 पदों पर ब्राह्मणों के साथ अन्य वर्ग के अभ्यर्थियों की भी नियुक्ति की जा रही है, जिसका सर्व ब्राह्मण महासभा ने कड़ा ऐतराज जताया है और राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि इस तरह की भर्ती को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

शर्मा ने बताया कि सरकार को इन नियुक्यिों को देने से पहले कानून के साथ-साथ यह भी ध्यान रखना चाहिए था कि अनेक कार्य कुछ समुदाय या जाति विशेष ही करता आ रहा है। हाल ही में सफाई कर्मचारी भर्ती में अन्य जातियों को शामिल करने के खिलाफ वाल्मीकि समुदाय ने हड़ताल कर दी थी और सरकार को भर्ती प्रक्रिया रद्द करनी पड़ी और भर्ती में वाल्मीकि समुदाय को ही प्राथमिकता देने का लिखित समझौता करना पड़ा है। जिस प्रकार मजिस्द और गिरजाघर में सेवा और देखरेख करने का कार्य उन्हीं के धर्म के व्यक्ति कर सकते है, उसी प्रकार हिंदू मंदिरों में सेवा और पूजा का कार्य ब्राह्मण ही करते आए है।

# दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष की सजा

**जयपुर** (कासं)। पॉक्सो मामलो की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर प्रथम ने 15 साल की नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ कई दिनों तक दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त लक्ष्मण महावर को 20 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 62 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

पीठासीन अधिकारी मनीषा सिंह ने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने नाबालिग पीड़िता का अपहरण किया और उसे हैदराबाद ले जाकर संभोग के लिए विवश करने के बाद उससे कई बार शारीरिक संबंध बनाए। यह अपराध डीएनए व एफएसएल रिपोर्ट से भी साबित होता है। ऐसे में अभियुक्त के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जा सकती।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि 11 मार्च 2021 को पीड़िता के पिता ने जवाहर सर्किल पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि 10 मार्च को वह और उसका बेटा टोंक गए हुए थे और पत्नी काम से घर के बाहर गई हुई थी। शाम को जब पत्नी घर आई तो उसे उनकी नाबालिग बेटी नहीं मिली। उसे पडौस में रहने वाले लक्ष्मण पर शक है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को हैदराबाद से गिरफ्तार कर पीड़िता को बरामद किया। सुनवाई के दौरान पीडिता ने बयानों में कहा कि लक्ष्मण उससे दोस्ती करने का दबाव डालता था। वह विवाहित था, लेकिन अपनी शादी को जबरदस्ती की शादी बताते हुए 10 मार्च को उसे बहला-फुसलाकर रेलवे स्टेशन ले गया। वहां से ट्रेन के जरिए वह उसे हैदराबाद स्थित एंड्रेसम गांव ले गया। यहां लक्ष्मण ने किराए का कमरा लिया और 15 से 20 दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद दूसरी जगह कमरा बदल कर करीब एक सप्ताह तक दुष्कर्म किया।

# भगवान जगन्नाथ के जयकारों से गूंजा शहर

**जयपुर** (कासं)। श्री श्री कृष्ण-बलराम मंदिर जगतपुरा की ओर से मंगलवार को शहर में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। रथ पर भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र के साथ विश्ववापी हरे कृष्णा मूवमेंट के संस्थापक-आचार्य, कृष्ण कृपामूर्ति एसी भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद का विग्रह विराजमान हुए। रथ यात्रा का शुभारम्भ कलेक्ट्रेट सर्किल के पास जंगलेश्वर महादेव मन्दिर से शुरू हुआ, जहां हरे कृष्ण मूवमेंट के उपाध्यक्ष अनंतशेष दास ने जगन्नाथ रथ यात्रा का महत्त्व बताया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र के शहर भ्रमण के लिए जाते है और भक्तों को स्वयं दर्शन देकर कृपा करते है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री महेश जोशी प्रताप सिंह खाचरियावास, अमरापुरा स्थान के संत मोहन लाल, घाट के बालाजी मंदिर के महंत श्री सुदर्शनाचार्य,



श्री कृष्ण बलराम मंदिर जगतपुरा की ओर से मंगलवार को शहर में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली गई।

महापौर मुनेश गुर्जर, पार्षद रवि प्रकाश सैनी, हरे कृष्ण मूवमेंट जयपुर के अध्यक्ष अमितासना दास व मंदिर के सभी भक्त उपस्थित रहे। रथ यात्रा की शुरुआत में विशेष पूजा की गई एवं गणमान्य अतिथियों ने सुनहरी झाडू से जगन्नाथजी के लिए रास्ता साफ किया। सभी ने हरीनाम संकीर्तन के साथ रथ को रस्सी से खींचकर आगे बढ़ाया।

# श्वान ने बच्ची पर हमला कर घायल किया

**जयपुर**। राजधानी में एक बुल डॉग ने 5वीं क्लास की बच्ची पर हमला कर उसे घायल कर दिया। कुत्ते ने बच्ची को जमीन पर गिराकर उसे दो जगह काट लिया। पिता ने जैसे-तैसे कुत्ते को भगाकर बेटी की जान बचाई। घायल बेटी का तुरंत हॉस्पिटल में इलाज करवाया। बच्ची के पिता ने जब कुत्ते के मालिक को शिकायत की तो उसने धमकाया कि खा गया तो खा गया। इसमें मेरी क्या गलती। इसके बाद जवाहर सर्किल थाने में पीड़ित बच्ची के पिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

जवाहर सर्किल थाने में सुंदर नगर स्थित सृष्टि अपार्टमेंट में रहने वाले श्योराज सिंह (38) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि अपने परिवार के साथ अपार्टमेंट के 4 फ्लोर पर रहते हैं। बेटी रागनी (11) प्राइवेट स्कूल की 5वीं क्लास में पढ़ती है। सोमवार सुबह करीब श्योराज सिंह अपनी बेटी रागनी की तबीयत खराब होने पर हॉस्पिटल दिखाने जा रहे थे। तीसरे फ्लोर पर लिफ्ट का गेट खुला। लिफ्ट का गेट खुलते ही सामने वाले फ्लैट से मनीष गोयल का पालतु डॉग दौड़ते हुए आया। लिफ्ट में घुसकर बेटी पर हमला कर दिया। लिया। कुत्ते ने उसे नीचे जमीन पर गिराकर दो जगह से काट खाया। अचानक हुए डॉग हमले को पिता श्योराज भी नहीं समझ सका। जैसे-तैसे कुत्ते को भगाकर बेटी की जान बचाई। कुत्ते के काटने से दर्द से चिल्लाती बेटी को लेकर हॉस्पिटल पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रागनी को छुट्टी दे दी गई। पीड़ित का आरोप है कि मनीष गोयल के बेटे सौरभ गोयल ने शिकायत करने पर उनको उल्टा धमकाया। बोला- कुत्ता खा गया तो खा गया। इसमें मेरी क्या गलती? जो करना है कर ले। गलती करने के बाद भी नहीं मानने पर जवाहर सर्किल थाने में दर्ज करवाई। पुलिस शिकायत का पता चलने पर डॉग ऑनर की ओर से देख लेने की धमकी दी गई।



## International Yoga Day

People have different ways of relaxing& one of the best and oldest ways to release the tension building up in both the body and the mind is practicing yoga. International Yoga Day aims to inform people how much dedicating a bit of time to the art of yoga can improve their lives. It is not just a physical practice, but also a mental one, with many of the teachings of yoga reflecting mental and spiritual states, and allowing your body to wander and draft into unknown realms.



*We have introduced a new format that showcases the works of many Jaipur artists and professionals we think should be brought to the attention of our readers. We start with the works of Nihal Mathur and his unique stamp presentations. He tells the Story of Flight by arranging his stamps in historically sequential order to tell the tale. There are in all 38 presentations that takes the reader from the beginning made by the early pioneers and ends with modern aircrafts today.*

*-Editor*




Concept and Design by Nihal Mathur
Computer Graphics by Bharat Kumawat



**Nihal Mathur,** *Filmmaker, Writer*

It was perhaps his infatuation with imagery in his DNA that turned Nihal's attention towards stamps in his early years. It was natural that as a young man he took to photography and when the first chance came, he turned to films. It all began with a researcher's assignment with the BBC's 'Great Little Railways of the World' that filmed the journey between Jodhpur and Jaipur on the Marudhar Express. That opened the door for other BBC documentaries. One project led to another and Nihal had the opportunity to work for National Geographic, Discovery and other channels from the US, Europe and Australia. He got recommended to work as production assistant on Paul Scott's quartet 'The Jewel in the Crown'. It was a 13 episode British television serial about the final days of the British Raj in India. Nihal says that it was sheer providence that David Lean picked him as his assistant for sequences shot in Delhi for 'A Passage to India'. Nihal learnt the craft of film making while on the job with some of the best cinematic storytellers. That wealth of experience he brought to film when he produced and directed institutional videos especially for the NGO sector. Seva Mandir and Vidya Bhawan, two premier institutions founded by Dr. Mohan Sinha Mehta in Udaipur gave him a free hand to make celebratory films on the occasion of their Silver & Golden Jubilees respectively. According to him, these films have been most satisfying works for Nihal because they have endured time to stay relevant and are still used to convey the spirit of the institutions.

# Early Aircrafts
## 1903 - 1914




# Race to join the Elitist Club of Nations

It was almost as if the Wright Brother's invention had fired the world's imagination for building airplanes. Every country, however big and small, wanted to build an airplane and thereby enhance its image as a 'modern' country and a member of an elitist club of nations. Besides France, Germany, Britain and America, smaller countries like Denmark, Norway, Romania, Hungary, Czechoslovakia, Turkey and even far away Japan, all wanted an aircraft of their own and experimented with all kinds of aircraft techniques. One of the fundamental developments in aircraft design was that the position of the propellers. It was changed from behind the aircraft to the front nose. Ailerons were introduced as a primary flight control system. Most pioneer era aircrafts were constructed from wood and fabric. The cloth was reinforced by various means to produce a taut surface that could withstand pressure of the wind. Metal parts slowly appeared to replace some key wooden joints and then in 1915, the German aircraft designer Hugo Junkers built the world's first full metal aircraft the Junker J-1. Meanwhile Traian Vuia, a Romanian engineer added a fully wheeled undercarriage in 1906. A whole range of inventions and innovations kept improving the performance of the aircrafts that became faster and more versatile. It was natural that fierce competition between the pioneers would lead to setting records of speed and altitude etc. In 1909 publisher of the New York Herald instituted the Gordon Bennett Trophy for the fastest aircraft. In 1912 a French financier awarded the Schneider Trophy to the winner of a race between seaplanes and flying boats. In 1911 a Curtiss airplane demonstrated that it was possible for an aircraft to take off and land from the deck of a warship in America. This was the precursor to the development of aircraft carriers. It is indeed a task to list the many different types of aircrafts that the early pioneers built but special mention must be made of the first float plane made by Fabre, a Frenchman who made his Hydroplane that could take off and land from water in 1910. This truly revolutionized air travel across oceans in the years to come.

# वाहनों में अवैध गैस रिफलिंग करते लगी आग से दो कारें जली

## कस्बा थाने से महज दो सौ मीटर की परिधि में आवासीय कॉलोनी में हो रही अवैध रिफलिंग




अवैध रूप से गैस रिफलिंग करते समय लगी आग से जली कारें।

**मालपुरा, (निसं)।** कस्बा थाने से महज दो सौ मीटर की परिधि में आवासीय कॉलोनी के बीच डेयरी तिराहे के पास अवैध रूप से वाहनों में गैस रिफलिंग करते लगी आग से एक मारूती वैन जलकर राख हो गई तो पास ही खड़ी दूसरी कार भी आग की चपेट में आ गई।

मिली जानकारी में सामने आया कि डेयरी तिराहे के पास आबादी क्षेत्र में मकान के पीछे अवैध रूप से वाहनों में गैस रिफलिंग के चल रहे अवैध कारोबार की कॉलोनीवासियों द्वारा कई बार शिकायतें करने के बावजूद गैस एजेन्सी सहित थाना पुलिस व पालिका प्रशासन द्वारा ठोस कार्यवाही नहीं किये जाने से इस अवैध गौरखधंधे का कारोबार फल-फूल रहा है। मंगलवार की दोपहर रिफलिंग के दौरान लगी आग से मारूती वैन मौके पर ही जलकर राख हो गई। तो पास ही एक लग्जरी कार के आगे के दोनों टायर सहित वायरिंग व अन्य पार्टस जल गये। आग लगने से कॉलोनी में तथा आसपास हडकम्प मच गया। लोग मकानों व दुकानों से बाहर निकल जान बचाने की गुहार लगा चिल्लाते रहें। सूचना पर पहुंची नगरपालिका दमकल के साथ पहुंचे फायरमेन अशोक व उनके साथियों ने मौजूद नागरिकों के सहयोग से कडी मशक्कत कर समय रहते आग पर काबू पा लेने से लग्जरी कार बच गई।

समय रहते आग बुझ जाने तथा गैस पाइप की आग सिलेण्डर तक पहुंचने से बचा लेने से कॉलोनीवासियो ने राहत की सांस ली। बीते दिनों रसद व खाद्य विभाग निवाई की एक अधिकारी ने मौके पर कार्यवाही कर 16 सिलेण्डर जप्त किये थे। लेकिन यह जप्ती की कार्यवाही महज कागजी साबित हुई है। इतनी बड़ी संख्या में गैस रिफलिंग के ठिकानों पर घरेलू सिलेण्डरों की सप्लाई कहां से की जा रही है। इसको लेकर कभी स्थानीय गैस एजेन्सी व रसद विभाग द्वारा जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करना मुनासिब नहीं समझा। तो घनी आबादी क्षैत्र में पुलिस की आंखों की सामने चल रहे इस अवैध गौरखधंधे पर थाना पुलिस भी जानकर अनजान बनी बैठी है जो कि कभी भी किसी बडे हादसे का कारण बन सकता है।

# अनूपगढ़ पुलिस ने चार अंतरराष्ट्रीय तस्कर पकड़े

## पाकिस्तान से हेरोइन की डिलीवरी लेने आए थे

- चारों तस्कर पंजाब में तस्करी के मुख्य सरगना के संपर्क में थे
- सभी आरोपी अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 4 कि.मी. दूरी पर गिरफ्तार किए गए

**अनूपगढ़, (निसं)।** पुलिस ने गांव 27 ए के पास नाकाबंदी के दौरान बीती रात 4 अंतरराष्ट्रीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। चारों तस्कर पाकिस्तान से हेरोइन की डिलीवरी लेने की फिराक में थे। चारों तस्कर पंजाब में तस्करी के मुख्य सरगना के संपर्क में थे।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर पर कुछ लोग आए हुए हैं। थानाधिकारी फूलचंद शर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर गांव 27ए, 8 के, 10 के, 12 के,13 के और 14 के में गश्त की गई और सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान मंगलवार दिनभर कहीं भी संदिग्धों का पता नहीं चल पाया। पुलिस को शक हुआ कि तस्कर रात में क्षेत्र से बाहर जा सकते हैं, इसलिए सोमवार रात गांव में नाकाबंदी की गई और नाकाबंदी के दौरान एक बाइक पर चार संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए।

थानाधिकारी ने बताया कि जब बाइक को रुकवाकर चारों का नाम पूछा गया तो उन्होंने अपना नाम अशोक सिंह, बलजीत सिंह, जगसीर सिंह बताया। ये तीनों पंजाब निवासी हैं। वहीं चौथा वकील सिंह अनूपगढ़ के गांव 4 केबीका निवासी है। पुलिस को उनकी गतिविधियों पर शक हुआ तो उनसे से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि भारत-पाकिस्तान सीमा पर पाक की तरफ से ड्रोन के द्वारा हेरोइन की डिलीवरी लेने के लिए आए थे। सभी आरोपी भारत पाकिस्तान के अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 4 किलोमीटर की दूरी पर गिरफ्तार किए गए। पूछताछ में पंजाब के तीनों तस्करों ने बताया कि वह पंजाब से वकील सिंह के पास आए थे और वकील सिंह ने 18 जून को ही उन्हें बॉर्डर की लोकेशन दिखाई थी।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 18 जून की रात ड्रोन से हेरोइन की डिलीवरी लेने के लिए वे सभी गांव 13 के की तरफ गए और वहां खेतों में छुप गए। वहां की लोकेशन उन्होंने पंजाब में बैठे सरगना राजू जैल को भेजी। राजू जैल ने वह लोकेशन पाकिस्तान के तस्करों को भेज दी। इसके बाद डिलीवरी लेने आए तस्करों ने पाकिस्तान के तस्करों से बात कर लोकेशन को ओके बताया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि लोकेशन ओके करने के बाद उन्होंने काफी देर इंतजार किया, मगर पाकिस्तान के तस्करों ने उन्हें बताया कि ड्रोन का पंखा खराब हो गया है, इस कारण से डिलीवरी नहीं हो सकती। डिलीवरी भी नहीं होने के बाद उन्होंने राजू जैल से संपर्क किया और राजू जैल ने उन्हें वापस आने के लिए कह दिया। पुलिस ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी है।

# लेनदेन को लेकर युवक के साथ मारपीट व फायरिंग

## पुलिस द्वारा 5 टीमों के साथ जगह-जगह दी जा रही दबिश



घायल धर्मराज गुर्जर

- गंभीर हालत में होने पर जयपुर रेफर

**टोंक, (निसं)।** उनियारा थाना सर्किल के पास स्थित देवरी गांव की नहर पर अकेले बैठे युवक पर पुराने लेनदेन को लेकर कल देर शाम बोलेरो गाड़ी में सवार होकर आए कुछ लोगों ने मारपीट कर फायरिंग कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे उनियारा चिकित्सालय ले गए जहां से उसे टोंक सहादत हॉस्पिटल के लिए रैफर किया। हालत गंभीर होने पर जयपुर रेफर कर दिया।

फायरिंग की घटना दोस्तों के बीच लेन देन को लेकर हुई। पुलिस को जैसे ही फायरिंग की सूचना मिली तो मौके पर पहुंच घटना की जानकारी जुटाकर हमलावारों की तलाश शुरू कर दी। आरोपियों की देर रात से लेकर अब तक तलाश जारी है, पुलिस की 5 टीमें बनाई गई हैं। उनियारा वृत्ताधिकारी रोहित मीणा ने बताया कि देवरी निवासी धर्मराज गुर्जर कल शाम करीब 8 बजे उसके गांव के पास स्थित नहर पर अकेला बैठा था।

इसी दौरान हमलावार बनेठा थाना क्षेत्र के सूंथड़ा निवासी नादान गुर्जर, अलीगढ़ निवासी महावीर गुर्जर, उनियारा थाना क्षेत्र के शिवदासपुरा निवासी विक्की गुर्जर, सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा क्षेत्र के झोपड़ियां निवासी कुलदीप गुर्जर बोलेरो गाड़ी में सवार होकर आए। इन दोस्तों ने धर्मराज को उधार रुपये दे रखे थे। उसी रुपयों के लेनदेन को लेकर कुछ देर में ही धर्मराज से झगड़ा हो गया और धर्मराज के साथ मारपीट कर फायरिंग की। इस दौरान आरोपी बोलेरों में सवार होकर फरार हो गए।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**बौंली, (निसं)।** सवाई माधोपुर जिला एवं सैशन न्यायाधीश अतुल कुमार सक्सेना ने एक फैसले में एक राहगीर महिला व रंजिस वस एक युवक की ट्रैक्टर से कुचलकर निर्मम हत्या करने के अपराध में दोष सिद्ध हो जाने पर अभियुक्त मनराज बैरवा निवासी भारजा नदी थाना मलारना डूंगर को आजीवन कारावास व 10हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए लोक अभियोजक जितेंद्र शर्मा ने जिला एवं सैशन न्यायाधीश अतुल कुमार सक्सेना को अवगत कराया कि 2 अप्रैल 2021 को प्रार्थी सिद्दीक मुसलमान निवासी भारजा नदी ने मलारना डूंगर थाने में मामला दर्ज कराते हुए बताया था कि करीब 3 बजे मेरा पुत्र सोहेल खान बाइक से भाडोती जा रहा था जीएसएस के पास आरोपी मनराज बैरवा ने मारने की नियत से ट्रैक्टर ट्रॉली उसके ऊपर चढ़ा दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई एवं सड़क किनारे साधन के इंतजार में खड़ी कपल मीणा की भी टक्कर लगने से मौत हो गई थी।

# सी.एम. ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का दौरा किया

## नहीं दे पाये कोई राहत पैकेज

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले में बिपरजॉय चक्रवाती तूफान के बाद बाढ के हालात का जायजा लेने मंगलवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जालोर व सांचोर पहुंचे लेकिन बाढ व आपदा से पीडित लोगो को राहत देने की बजाय राजनीति करते नजर आये। दौरे के दौरान आपदा व बाढ से पीडित लोगो को किसी प्रकार के राहत पैकेज की घोषणा करने की बजाय एनडीआरएफ में केन्द्र सरकार के नियम बदलाने का हवाला देकर बाढ के हालातो में भी सीएम राजनीति करने से बाज नही आये।

जालोर में चक्रवाती तूफान के चलते बाढ के हालात का जायजा लेने मंगलवार को सीएम अशोक गहलोत पहले सांचोर पहुंचे। वहां उन्होने पहले बाढ से पीड़ित परिवारो से मुलाकात की। इसके बाद हवाई सर्वेक्षण कर बाढ की स्थिति का जायजा लिया। वही बाढ के हालात के जायजा लेने पहुंचे सीएम गहलोत ऐसी परिस्थिति में भी अपनी राजनैतिक रोटियां सेकते नजर आये। जालोर व सांचोर में बाढ व आपदा प्रबंध की जानकारी लेने के बावजूद सीएम ने किसी प्रकार के राहत पैकेज की घोषणा नही की। वहीं सांचोर में मीडिया से रूबरू होते हुए सीएम गहलोत ने बाढ व बचाव राहत में दिन रात एक रहे एनडीआरएफ व एसडीआरएफ पर ही राजनीति करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ने एनडीआरएफ के नियमो में बदलाव करने से परेशानी का सामना करना। इसके लिए पीएम नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। सीएम अपने इस दौरे में भी भाजपा पर निशाना साधते नजर आये।

वही राहत पैकेज की घोशणा के प्रश्न पर भी वे संतोश प्रद जवाब नही दे पाये तथा राहत पैकेज की घोशणा को टलते हुए राहत शिविर का बखान करने लगे। सीएम का उक्त दौरा केवल मात्र बाढ से पीडित लोगो को राहत देने की बजाय आगामी चुनाव की राजनीति करते नजर आये। सांचोर दौरे के बाद जालोर जिला मुख्यालय पहुंचे। वहा कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद पीडित लोगो से मिले। पीड़ित लोगो मे से एक व्यक्ति ने सीएम गहलोत को बताया कि आईपुरा वेडिया के पास पानी से धिरे कुछ लोग पांच दिन से भूखे है। सीएम उनकी बात को टालते हुए आगे बढ गये। पांच दिन से भूखे लोगो को किसी प्रकार की राहत पहुंचाने को लेकर तुरंत किसी प्रकार से आदेश जारी नही किया। वही सीएम का रात्रि विश्राम जालोर सर्किट हाउस में है। रात्रि को चुनाव की रणनीति बनाने को लेकर जालोर सिरोही के नेताओं से रूबरू होगे।

## दुष्कर्मी को 10 वर्ष का कारावास

**बौंली, (निसं)।** सवाई माधोपुर परिवार व पोक्सो न्यायालय ने एक नाबालिग पीड़िता का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी राजेश गुर्जर उर्फ धारा सिंह निवासी कोलाडा थाना बौंली को दोष सिद्ध हो जाने पर 10 वर्ष का कठोर कारावास व 60 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। पीड़िता व राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने न्यायालय को अवगत कराया कि जिले के थाने में उपस्थित होकर पीड़िता की मां ने मामला दर्ज कराते हुए बताया था कि 25 दिसंबर 2019 को प्रातः काल 4 बजे आरोपी धारा सिंह उर्फ राजेश गुर्जर निवासी कोलाडा मेरी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया पूर्व में भी मेरी पुत्री को परेशान कर चुका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान के बाद 28 फरवरी 2020 को आरोपी को गिरफ्तार किया एवं पीड़िता को दस्तयाब कर न्यायालय में चालान पेश किया। न्यायालय ने दोष सिद्ध हो जाने पर आरोपी राजेश उर्फ धारा सिंह गुर्जर को 10 वर्ष का कठोर कारावास व 60 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

# भाजपा नेता के बेटे से मारपीट, आरएलपी नेता सोनी पर लगे आरोप

**अजमेर, (कासं)** भाजपा नेता के बेटे से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सहित अन्य 5 लोगों पर आरोप लगाते हुए क्रिश्चियन गंज थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अजमेर में भाजपा नेता महेन्द्र मझेवला के बेटे से मारपीटका मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के नेता आशीष सोनी सहित अन्य 5 लोगों पर आरोप लगाते हुए क्रिश्चियन गंज थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, भाजपा नेता महेंद्र सिंह मझेवला के पुत्र हर्षवर्धन सिंह राठौड़ ने क्रिश्चियन गंज थाने में शिकायत देकर आरोप लगाया कि वह अपनी गाड़ी से प्रगति नगर कोटड़ा से सामान लेकर ऑफिस की तरफ जा रहा था। बीच सड़क पर एक कार खड़ी थी, जिसका गेट खोल कर लोग बैठे हुए थे। हॉर्न बजाया तो किसी ने गेट बंद नहीं किया। जिसके बाद उसने कार से निकलकर आगे खड़ी कार के ड्राइवर को गाड़ी का गेट बंद कर साइड करने के लिए कहा इसी दौरान उसमें से 4 से 5 लोग निकले और उस पर जानलेवा हमला कर दिया।

पीड़ित ने बताया कि इस दौरान वह अपनी जान बचाकर भागा और प्रगति नगर कोटड़ा स्थित मंगलम फ्लैट की छत पर जा पहुंचा और अंदर से गेट को बंद कर दिया। जिसके बाद वह वहां से फरार हो गए। पीड़ित हर्षवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि उसके ऊपर जानलेवा हमला करने वाले लोगों में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी शहर अध्यक्ष आशीष सोनी को वह जानता है। आशीष सोनी और अन्य लोगों के द्वारा उसकी कार में तोड़फोड़ भी की गई है। क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में आशीष सोनी ने कहा कि हर्षवर्धन के द्वारा लगाए गए सभी आरोप झूठे हैं। घटनास्थल पर गाड़ी उनका दोस्त लेकर गया था। लेकिन वह वहां पर मौजूद नहीं थे।

# पिकअप की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** दोवडा थानान्तर्गत वन नाका के पास तेज रफ्तार पिकअप ने ट्रेक्टर को टक्कर मार दी। इस घटना में ट्रेक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल डूंगरपुर चिकित्सालय पहुंचाया गया, चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्ट मार्टम करा शव परिजनो को सुपुर्द कर दिया। घटना के बाद पिकअप चालक घटना स्थल से मौका पाकर भाग छूटा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खेमपुर निवासी रामजी पुत्र धूला अहारी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसका पुत्र सोहनलाल अहारी शाम के समय गणेशपुर की तरफ खेतों में जुताई के लिए ट्रेक्टर लेकर जा रहा था कि वन नाका के पास रोड की साईड में सोहनलाल ने ट्रेक्टर खडा किया था। इस दौरान आई एक तेज रफ्तार पिकअप ने ट्रेक्टर को टक्कर मार दी। जिससे सोहनलाल के सिर व हाथ पेर पर गंभीर चोंट लगी। जिस पर वह लहूलुहान हो गया। तत्काल मौके पर उपस्थित लोगो ने डूंगरपुर जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सको के अथक प्रयास के बावजूद उसने दम तोड दिया। घटना के बाद से पिकअप चालक मौका देखकर वहां से भाग छूटा। पुलिस ने शव का पोस्ट मार्टम करा शव परिजनो को सुपुर्द कर दिया। पिकअप के चालक के विरूद्व प्रकरण दर्ज कर फरार चालक की तलाश प्रारंभ कर दी।

## दो इनामी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर के हिस्ट्रीशीटर दिनेश बंबानी और विक्रम नांदिया को पुलिस ने मंगलवार दोपहर 2 बजे गिरफ्तार किया है। दोनों पर एक-एक लाख रुपए का इनाम है। विक्रम नांदिया ने जोधपुर शहर में 1 फरवरी को वितराग सिटी में फायरिंग की थी। विक्रम नांदिया को जोधपुर के भोपालगढ़ गांव की पहाड़ी से पकडा है। झंवर थाने की महिला थानेदार परमेश्वरी से हिस्ट्रीशीटर दिनेश बंबानी के साथ मिलीभगत का आरोप है। उसे भी जोधपुर कमिश्नरेट पुलिस टीम ने चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि ये दोनों आरोपी जोधपुर के टॉप 10 बदमाशों में शामिल हैं।

## नाकाबंदी तोड़ हिस्ट्रीशीटर फरार

**जोधपुर, (कासं)।** चर्चित एएंनएम भंवरी देवी हत्याकांड में शव को ठिकाने लगाने वाला हिस्ट्रीशीटर विशनाराम पुलिस के हाथों से बचकर निकल गया। हालांकि उसके ड्राइवर को पुलिस ने दबोच लिया। साथ ही हिस्ट्रीशीटर की गाड़ी को भी जब्त कर लिया।

बता दें कि भंवरी कांड में 10 साल जेल काटने के बाद 2021 में हिस्ट्रीशीटर विशनाराम जमानत पर रिहा हुआ था। रिहा होने के बाद एक बार फिर वह अपराध की दुनिया में सक्रिय हुआ। लेकिन तब तक उसके इलाके में राजू मांजू की गैंग सक्रिय हो चुकी थी। विशनाराम और राजू मांजू की गैंग में रंजिश हो गई। जोधपुर ग्रामीण एसपी धर्मेंद्र यादव ने बताया कि सोमवार को ही हिस्ट्रीशीटर विशनाराम पर जोधपुर ग्रामीण पुलिस ने 25 हजार का इनाम रखा था। पुलिस को मंगलवार को सूचना मिली कि विशनाराम फलौदी थाना इलाके के मंडला खुर्द इलाके में है।

सूचना पर भोजासर थाना पुलिस ने दोपहर 1 बजे के करीब इलाके के रास्तों पर नाकाबंदी कर दी। कुछ देर बाद बिना नंबर प्लेट की एक सफेद रंग की गाड़ी मंडला खुर्द की नाकाबंदी से गुजरी। पुलिस ने गाड़ी को रुकने का इशारा किया तो ड्राइवर कार को भगा ले गया। इसके बाद भोजासर पुलिस की टीम ने गाड़ी का पीछा किया। गाड़ी में हिस्ट्रीशीटर विशनाराम और उसका साथी ड्राइवर श्रवणराम था। पुलिस ने कार रुकवाने के लिए गाड़ी पर 12 राउंड फायर किए और चलती कार के टायर पर फायर किया। इस दौरान विशनाराम मौके से फरार हो गया जबकि कार से उतरकर भागने की फिराक में ड्राइवर श्रवण कुमार का पैर फैक्चर हो गया।

# मकान की खिड़की तोड़कर सोना-चांदी और नगदी पार

## 30 तोला सोना, 1 किलो चांदी और 2.50 लाख चोरी



चोर पीछे के कमरे की खिड़की की ग्रिल तोड़कर अंदर घुसे।

**कपासन, (निसं)।** कपासन के उचनार खुर्द गांव में बीती रात चोरों ने एक मकान से लगभग 30 तोला सोना, एक किलो चांदी के जेवर समेत ढाई लाख रुपए की नगदी और सामान चुरा ले गए। परिवार बरामदे में सो रहा था। इसी दौरान चोर पीछे के कमरे की खिड़की की ग्रिल और खिड़की तोडकर अंदर घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित प्रकाश चंद्र पुत्र बंशीलाल शर्मा अपने परिवार के साथ मकान के बरामदे में सो रहा था। वो जिस कमरे के बाहर सो रहे थे, उसी कमरे के पीछे की दीवार में लगी खिड़की की ग्रिल उखाड़ और खिड़की तोड़कर चोर कमरे में घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

प्रकाशचंद्र शर्मा ने बताया की बीती रात वो अपने अपने परिवार सहित घर के बरामदे में सो रहा थे। गर्मी की वजह से कूलर चला रखा था। रात दो बजे बाद चोरी की घटना हुई। चोर को बेड के गद्दे के नीचे रखी अलमारी की चाबी मिल गई। जिससे अलमारी और अलमारी के अंदर के लॉकर को खोल लिया और उसमे रखे लगभग 30 तोला सोने और एक किलो चांदी के जेवर चुरा लिए। साथ ही बेड के ड्रॉवर में एक बैग में रखी नगदी चुरा ली। बैग में ढाई लाख रुपए की नगदी के साथ कई डॉक्यूमेंट भी रखे हुए थे। चोर पूरा बैग उठाकर ले गए।

चोरों ने जाते समय अलमारी और खिड़की को वापस बंद कर लगा दिया। सुबह 7 बजे बाद जब कमरा खोला और समान बिखरा पड़ा मिला तो चोरी का पता चला। सूचना पर कपासन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। बताया जा रहा है इस की सूचना थाने में रिपोर्ट दी। पुलिस फिलहाल जांच में जुटी है।

# अजमेर शहर के बिगड़े हालात का जायजा लेने पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी

## इस अवसर पर सीपी जोशी ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर खुलकर हमला बोला



सीपी जोशी ने अजमेर के उन सभी स्थानों का जायजा लिया जहां जलभराव हुआ था।

**अजमेर, (कासं)।** चक्रवाती तूफान बिपरजॉय की वजह से बिगड़े हालातों का जायजा लेने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी अजमेर पहुंचे। इस अवसर पर सीपी जोशी ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर खुलकर हमला बोला और आरोप लगाया कि एक तरफ गुजरात है जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और वहां इस तूफान का रौद्र रूप देखने को मिला लेकिन सरकार की सजगता से किसी भी तरह की जन धन हानि नहीं हुई वहीं दूसरी तरफ राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है और इस तूफान कां प्रभाव यहां आते हुए कम हो गया। बावजूद इसके यहां पर 7 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी।

सीपी जोशी ने आरोप लगाया कि राजस्थान सरकार ने इस प्राकृतिक आपदा के समय राजस्थान को अनाथ छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में इस प्राकृतिक आपदा ने सरकारी दावों की पोल खोल कर रख दी है साथ ही उन्होंने मांग की कि राजस्थान सरकार को आपदा के समय में प्रभावित लोगों को मुआवजा देकर उनकी मुसीबतों को कम करना चाहिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने स्मार्ट सिटी योजना में भी भ्रष्टाचार करने के आरोप प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर लगाए और कहा कि केंद्र सरकार ने एक अच्छे उद्देश्य के साथ स्मार्ट सिटी योजना के माध्यम से बड़ी धनराशि राजस्थान के शहरों को दी लेकिन राजस्थान सरकार ने इस योजना में खुलकर भ्रष्टाचार किया सीपी जोशी ने गीता प्रेस मामले में भी कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस अपने पुरखों की विरासत को मिटाने में लगी हुई है। गीता प्रेस मामले में जिस तरह के आरोप कांग्रेस लगा रही है उसे पूरा राजस्थान अपमानित महसूस कर रहा है क्योंकि गीता प्रेस के संस्थापक हनुमान प्रसाद पोद्दार और रामसुखदास जी महाराज राजस्थान की धरती से ही निकले हुए हैं और गीता प्रेस जिस तरह से सनातन का प्रयास कर रही है उसे देखते हुए कांग्रेस का रवैया सहन करने योग्य नहीं है।

अजमेर पहुंचे सीपी जोशी ने अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल सहित उन सभी स्थानों का जायजा लिया जहां चक्रवाती तूफान की वजह से जलभराव हुआ था और लोग प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि यदि राजस्थान सरकार चाहती तो व्यवस्थाओं को सुचारू किया जा सकता था क्योंकि इस चक्रवाती तूफान का रेड अलर्ट पहले से जारी था लेकिन सरकार समय पर नहीं जगी और लोगों को इसका नुकसान उठाना पड़ा सीपी जोशी ने प्रभावित क्षेत्रों में जाकर लोगों से संवाद किया और उनकी परेशानियों को जाना। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा विधायक वासुदेव देवनानी, अनिता भदेल, नगर निगम महापौर बृजलता हाड़ा, उपमहापौर नीरज जैन, भाजपा शहर अध्यक्ष रमेश सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा की जन आक्रोश सभा में बारिश के दखल के बावजूद डटे रहे हजारों लोग



भारतीय जनता पार्टी नगर एवं देहात कार्यकर्ताओं द्वारा चौमूं में जन आक्रोश सभा का आयोजन किया गया।

■ कार्यक्रम में केंद्रीय क़ानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया, सांसद बालकनाथ, सुमेधानंद सरस्वती ने जनसभा को संबोधित किया

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी नगर एवं देहात कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार शाम को जन आक्रोश सभा का आयोजन बस स्टैंड चौमूं में किया गया। जन आक्रोश सभा में बारिश के ख़लल के बावजूद हज़ारों की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने वीर हनुमान जी और भारत माता के जयकारों से पांडाल गुंजा दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय क़ानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कार्यक्रम के शुरुआत में पहुंचकर जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता आने वाले चुनावों में कांग्रेस को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। मंत्री अर्जुनराम मेघवाल का पंजाब के जलंधर कार्यक्रम होने के कारण जल्दी जाना पड़ा। इसके बाद कार्यक्रम में बारिश ने ख़लल डाला परंतु भाजपा कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ सभा का समा बांधे रखा। विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि जब जब भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई हुई, कांग्रेस पार्टी हारी है और जनता जीती है। आज चौमूं की इस जन आक्रोश सभा से प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता, नौजवान और किसान भाइयों को शंखनाद करना है और कांग्रेस पार्टी को राजस्थान से परमानेंट डिलीट करना है। किसानों से संपूर्ण कर्ज़ माफ़ी का वादा कर की गई वादाखिलाफी, युवाओं के साथ बेरोज़गारी भत्ते का झूठा वादा, पेपर लीक, संविदाकर्मियों को नियमितिकरण का झूठा वादा, मासूम बच्चियों के साथ दरिंदगी की बढ़ती घटनाएं, लम्पी वायरस से कृषकों की गो माता की मृत्यु का मुआवज़ा आदि से आज पर देश की जनता दुखी और परेशान है।

जनता इस नकारा सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकेगी और आने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा का कमल खिलाने का काम करेगी। अलवर सांसद बालकनाथ और सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की नौ वर्षों की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि आज देश का नाम ऊँचा हुआ है और देश आतंकवाद से मुक्त हुआ है। शाहपुरा पूर्व विधायक राव राजेन्द्र सिंह ने जन सभा को संबोधित किया। वीर हनुमान जी के जयकारे के साथ सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि आज चौमूं की जनता ने बारिश के अंदर रुककर यह दिखा दिया कि अब चाहे कुछ भी हो प्रदेश की इस नकारा और निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए हम सब संकल्पित हैं, उन्होने जनता का आभार जताते हुए कहा कि आज हमारे यह आक्रोश का उद्देश्य ये है कि किसानों के साथ कर्ज़ माफ़ी का झूठा वादा, युवाओं के साथ बेरोज़गारी भत्ते का वादा, पेपर लीक, बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएँ, अनुसूचित जाति जनजाति पर बढ़ते अत्याचार, नगर पालिका चौमूं में पेयजल पाइप लाइन में घोटाला, घटिया सड़क निर्माण, तिरंगा लाइट में 50 लाख का घोटाला, लाइट में घोटाला, अवैध निर्माण के लिए लाखों रुपया की वसूली, बिना क़ानूनी प्रक्रिया अपनाएं के बदले लाखों रुपया की वसूली, सरकारी कर्मचारियों की स्थानांतरण में लाखों रुपये की लूट, भीषण पेयजल से जूझते चौमूँ विधानसभा वासी, मेट्रो का वादा अधूरा, वीर हनुमान जी का बंद पड़ा रोपवे, सीवरेज लाइन की समस्या से जूझता चौमूं, टूटी सडकों पर आए दिन दुर्घटनाएँ आदि मुद्दों को लेकर हमारा ये जनाक्रोश है। उन्होने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार के कुशासन, तुष्टिकरण की नीति, जर्जर क़ानून व्यवस्था, बिसलपुर पेयजल योजना, मेट्रो का अधूरा वादा आदि समस्याओं से आज जनता दुखी और परेशान है आने वाले विधानसभा चुनावों में प्रदेश की इस गूँगी बहरी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेना है। इस कार्यक्रम में पधारे अतिथियों ने विधायक रामलाल शर्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की और उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर जयपुर जिला देहात उत्तर जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, जिला प्रमुख रमा चौपड़ा, प्रधान रामस्वरूप यादव, उपप्रधान कमला देवी, जय प्रकाश चौधरी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, बासा देहात मंडल अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, देहात मंडल कालाडेरा अध्यक्ष बनवारी शर्मा, गोविंदगढ़ मंडल अध्यक्ष साधुराम गुर्जर सहित ज़िला पदाधिकारी, भाजपा पदाधिकारी सरपंच गण, पार्षदगण, पंचायत समिति सदस्य, जिला पार्षद, मोर्चा अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख, भाजपा महिला मोर्चा सहित हज़ारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## विधायक ने सड़क का शिलान्यास किया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। विधायक श्रीमाधोपुर तथा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह शेखावत ने ग्राम नांगल में करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का मंगलवार को भव्य कार्यक्रम में शिलान्यास किया।

शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दीपेंद्र सिंह शेखावत ने शिरकत की। क्षेत्रीय विधायक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शेखावत ने रतनपुरा मोड़ से स्टेट हाईवे-13 गढ़टकनेत तक वाया रतनपुरा, नांगल, आसपुरा होकर बनने वाली सड़क के नवीनीकरण तथा सड़क मार्ग की चौड़ाई की पट्टिका का फीता काटकर शिलान्यास किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दीपेंद्र सिंह शेखावत, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अजीतगढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद स्वामी, बद्री यादव, पंचायत समिति श्रीमाधोपुर के प्रधान प्रतिनिधि घासीराम यादव, मुकेश स्वामी पंचायत समिति सदस्य आदि मंचासीन थे। अपने लाडले विधायक का नांगल पहुंचने पर नांगल ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि प्रहलाद यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने फूल माला एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत एवं सत्कार किया। इस दौरान शेखावत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इलाके में पहले भी विकास के कार्य में कोई कमी नहीं छोड़ी है और आगे भी नहीं छोड़ेंगे। विधायक शेखावत ने नांगल में 10 करोड़ 29 लाख 36 हज़ार की लागत से बनने वाली 13.70 किमी की सड़क का शिलान्यास किया। इस दौरान पूर्व पीसीसी सचिव बालेन्दु सिंह शेखावत, अजीतगढ़ पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील लुणाका ,हांसपुर सरपंच प्रतिनिधि सुभाष शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### ग्राम चतुर्भुज में योग शक्ति कार्यक्रम जारी

**कोटपूतली, ( निसं )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से समर्थ सशक्त कोटपूतली अभियान के तहत विश्व योग दिवस 2022 से प्रारम्भ योग शक्ति कार्यक्रम का योग शिविर ग्राम चतुर्भुज के ध्यान जी महाराज मंदिर परिसर में चौथे दिन भी निरन्तर जारी रहा। जिसमें युवा, बुजुर्ग एवं विद्यार्थियों को विभिन्न योग व प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया। संयोजक मुकेश गोयल ने बताया कि योग शक्ति के माध्यम से लोग योग को स्वस्थ जीवन के एक स्वावलंबी उपाय के रूप में अपनाने लगे हैं। योग के बेशुमार फायदों में से पहला है शरीर और मन को भौतिक अर्थ में निरोग रखना, लेकिन गहरे अर्थ में योग मनुष्य को उसके मूल स्वरूप से परिचित कराने का विज्ञान है। योग में मनुष्य को सन्मार्ग पर चलने और जीवन को रचनात्मक ऊर्जा से भर देने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि योग शक्ति कार्यक्रम से जुडकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग योगाचार्य द्वारा योग का प्रशिक्षण प्राप्त कर योग को अपने जीवन में सम्मिलित कर रहे है। शिविर में पूर्व जिला न्यायाधीश सीताराम, हेमराज भरगड़, बगुला प्रसाद स्वामी, अमीचन्द धानका, प्रताप यादव, एड. अशोक यादव, दिलीप यादव, मुनेश जाट, रामेश्वर शर्मा, सतवीर, पूरणमल, रामवीर, किशनदास स्वामी, मोहर सिंह, ओमप्रकाश अध्यापक, रामनिवास भरगड़, देशराज, रामनिवास, सुभाष, अनूप समेत अनेक युवाओं व ग्रामीणों ने योगाचार्य राजेश लखेरा से योग व प्राणायाम का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### चेजारा को योग शिक्षक की उपाधि

**श्रीमाधोपुर, ( निसं )।** कस्बे के वार्ड नंबर 25 श्रीमाधोपुर के निवासी सुभाष चेजारा को आर्ट ऑफ लिविंग में योग शिक्षक की उपाधि दी गई है। आध्यात्मिक गुरू श्री श्री रविशंकर मिशन आर्ट ऑफ लिविंग के अनुयायी पवन गोकुलका ने बताया कि बैंगलोर स्थित आश्रम में प्रशिक्षण के बाद योग दिवस से पूर्व गुरूदेव श्री श्री रविशंकर के द्वारा सुभाष चेजारा को हैप्पीनेश कोर्स के शिक्षक की उपाधि से नवाजा गया है जो कस्बे के लिए गौरव का विषय है। इससे क्षेत्र में योग एवं आर्ट ऑफ लिविंग में अभिरुचि रखने वाले सैकडो लोगो को उचित मार्गदर्शन मिल सकेगा। इस उपलब्धि पर तनसुख कुमावत, सुरेश वशिष्ठ, अशोक हलवाई,ऐश गोकुलका, प्रकाश गुप्ता,डॉ सुरेन्द्र सिंह, कनक अग्रवाल आदि ने खुशी व्यक्त की है।

## रक्तदान किया

**पावटा,** (निसं)। बदलते मौसम की वजह से बढती बीमारियों और ब्लड बैंक मे रक्त की कमी के चलते आपातकालीन परिस्थिति में रक्त की पूर्ति के लिए सेवार्थ संकल्प समिति के सदस्यों ने जीवन दाता ब्लड बैंक की टीम को बुलाकर सिद्दी विनायक हॉस्पिटल मे रक्तदान किया। वहीं जीवन दाता ब्लड बैंक के डायरेक्टर अरविंद यादव ने युवाओ को अधिक से अधिक रक्तदान करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि रक्तदान से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढती है, मानसिक तनाव, हार्ट रोग जैसी बीमारियों से बचाव होता है।


**रेल पहिया कारखाना/बेला** (जिला-सारण), बिहार-841221

**ई-निविदा सूचना सं.-एस./आर.डब्ल्यू.पी./जी टी/ई/01/2023-24 दिनांक: 19.06.2023**

प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/रेल पहिया कारखाना/बेला, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से भारतीय रेलवे ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से निम्न भंडार सामग्री की आपूर्ति हेतु **ऑनलाइन (वैश्विक ई खुली निविदा)** आमंत्रित करते हैं। सभी निविदाओं के बन्द होने का समय 14:00 बजे है। **क्र.सं. 1. निविदा सं. : 02205097B, सामग्री का संक्षिप्त विवरण : COMPUTER CONTROLLED, मात्रा : 02 Nos., निविदा बन्द होने/खुलने की तिथि : 21.07.2023 at 14:00 Hrs. 1.** वेबसाईट का पता, जिस पर निविदा की पूर्ण जानकारी एवं जहां से निविदा डाउनलोड किया जा सकता है, **www.ireps.gov.in** है। **2.** बोली प्रस्तुत करने वाली भावी कंपनियाँ/ बोलीदाता को ऊपर की निविदा के संबंध में शुद्धिपत्र, निरस्तीकरण सहित अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए उपर्युक्त वेबसाईट के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है। हालांकि, ये सब सूचनाएं संबंधित समाचार पत्रों में भी बिना बदलाव के प्रकाशित की जाएगी।

**कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/रेपका/बेला**
आर.डब्ल्यू.पी./सी.पी.आर.ओ./ए.डी.वी.टी./2023-24/33


# भगवान जगन्नाथ महाराज को रथ में बैठाकर मंदिर परिक्रमा कराई



श्री गोपीनाथ मंदिर में चल रहे भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव के दौरान रथ यात्रा निकाली।

**श्रीमाधोपुर,** (निसं) । श्री गोपीनाथ मंदिर में चल रहे भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव में मंगलवार को पौराणिक परंपरा के अनुसार भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा की मूर्तियों को रथ में बैठा कर मंदिर की परिक्रमा कराई गई।

मंदिर महंत डॉक्टर मनोहर दास ने बताया कि पौराणिक कास्ठ से बने 150 इंच लंबे वह 60 इंच चौड़े रथ में मूर्तियों को विराजित कर मंदिर के परिक्रमा करवाई गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने रथ को अपने हाथों से खींचने की होड लगी हुई थी वहीं परिक्रमा के दौरान मंडली द्वारा संकीर्तन तथा भक्तों द्वारा नृत्य किया गया जिसमें हरे रामा हरे कृष्णा हरे हरे का उच्चारण करते हुए मंदिर की परिक्रमा कराई गई। मंदिर महंत ने बताया कि साप्ताहिक कार्यक्रम की समाप्ति पर 24 जून को रथ यात्रा का मुख्य कार्यक्रम होगा जिसमें 21 फुट ऊंचे रथ में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को विराजित कर नगर भ्रमण कराया जाएगा जिसमें देश-विदेश तथा अनेक शहरों व आसपास के गांव से भक्तगण पहुंचेंगें।

इस अवसर पर कथावाचक वृंदावन के राधारमण दास, पीतांबर पटवारा, प्रिया शरण पटवारी, जितेंद्र पटवारी, अनिल कूलवाल, पिंटू नागरका, महावीर पारीक, धर्मेंद्र सोनी ,आलोक आगीवाल ,राजेश पंसारी, सुरेंद्र पंसारी, केदार सेन, श्यामसुंदर नारनौली, देववृत न्यारिया, बजरंग अमरसरिया, हंसराज कयाल, परमानंद सोनी ,रामकरण आचार्य, एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ऋषि चौधरी बजरंग लाल केडिया हित हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

# मंत्री ने स्कूल भवन का लोकार्पण किया

**रामगढ़ पचवारा/ लालसोट,** (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने रामगढ़ पचवारा उपखंड मुख्यालय पर महात्मा गांधी राजकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल के उद्योग विभाग के सीएसआर मद से एक करोड़ लागत से बने नए भवन के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी स्कूल में ही अंग्रेजी शिक्षा से छात्र छात्राओं का स्किल डेवलपमेंट बेहतर तरीके से होगा।

चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा जिला कलेक्टर कमर चौधरी प्रधान डॉ कौशल मीणा प्रधान एडवोकेट नाथू लाल मीणा द्वारा महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम विद्यालय के नवनिर्मित भवन का फीता काटकर शुभारंभ किया। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि गहलोत सरकार की यह बड़ी सोच रही थी कि स्थानीय स्तर पर हिंदी माध्यम के साथ-साथ छात्र छात्राओं को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा भी उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा उपलब्ध होने से प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का बेहतर तरीके से अंग्रेजी में स्किल डेवलपमेंट होगा एवं वे खुद के लक्ष्य प्राप्ति के लिए बेहतर तरीके से आगे बढ़ सकेंगे। मंत्री मीणा ने कहा कि नगर पालिका रामगढ़ पचवारा में 20 किलोमीटर सड़के मुख्यमंत्री बजट घोषणा की कुछ ही दिनों बाद उसका कार्य शुरू हो जाएगा।

इस लोकार्पण कार्यक्रम को प्रधान एडवोकेट नाथु लाल मीणा प्रधान डॉ कौशल्या लाल मीणा द्वारा भी संबोधित किया गया कहा की कांग्रेस सरकार में पचवारा क्षेत्र का अभूतपूर्व विकास हुआ है। चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा पंचायत समिति परिसर में लगाए गए महंगाई राहत शिविर एवं प्रशासन गांव के संग अभियान का जायजा लिया। इस दौरान चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा शिविर में मौजूद लाभार्थियों से संवाद कर पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किए गए।


**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 12/23
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम मीनू कुमारी बैरवा पत्नी नरेन्द्र बंशीवाल जाति बैरवा विवाद स्थान.......
मृतक एलआईसी पॉलिसी नं. 476116372, एलआईसी पॉलिसी नं. 94952563, एलआईसी पॉलिसी नं. 476902637 की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 10.07.2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम नरेन्द्र बंशीवाल पुत्र जगदीश प्रसाद बंशीवाल जाति बैरवा निवासी 21-ए, देवनगर, हाज्यावाला, सांगानेर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 10 माह 07 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 12 माह 04 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

आज्ञा से-शरिस्तेदार
मोहर अदालत
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या-10, जयपुर सांगानेर

**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20

**शुद्धि पत्र ई-निविदा सूचना**
संख्या : 11-2023-GSU-BKN

**मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों** से निम्न लिखित कार्य के लिये दिनांक 17/07/2023 को 15:00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित की गयी थी, के लिये **शुद्धि पत्रः- निविदा संख्या 22-2023-GSU-BKN को 21-2023-GSU-BKN पढ़ा जाये। 1. पिछली निविदा संख्या : 22-2023-GSU-BKN संशोधित निविदा संख्या : 21-2023-GSU-BKN कार्य का नाम व स्थान :** मुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति इकाई बीकानेर राजस्थान के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न निर्माण स्थलों/अनुभागों के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएँ प्रदान करने के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (PSSA) की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव के लिए अनुरोध (RFP)। **अनुमानित लागत मूल्य : Rs. 109743580.85 बिड सिक्यूरिटी राशि (रूपये) : Rs. 698700.00 निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय :** 1. प्री बिड कॉन्फ्रेंस का समय और दिनांक 26/06/2023 को 11:00 बजे । (वीसी लिंक- एनआईटी के सामान्य निर्देशों के मद संख्या 6 के अनुसार) 2. बोली शुरू होने की तारीख 03/07/2023 3. निविदा बंद होने की तारीख और समय 17/07/2023 को 15:00 बजे तक। नोटः अन्य शर्तें रेलवे की वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 659-CQ/23

हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें


# रामगढ़ नगर पालिका अगले माह से विधिवत रूप से कार्य करने लगेगी

**रामगढ़ पचवारा,** (निसं)। नवगठित नगरपालिका रामगढ़ पचवारा अगले जुलाई माह से विधिवत रूप से अस्तित्व में आ कर कार्य करने लगेगी। चिकित्सा मंत्री मीणा ने बताया कि रामगढ़ पचवारा नगरपालिका बनने से उसे कई तरह के लाभ प्राप्त होंगे।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने बताया कि रामगढ़ पचवारा नवगठित नगर पालिका में सफाई व्यवस्था के लिए ऑटो टीपर एवं मशीनरी संचालन के लिए संसाधन एवं क्षेत्र में आ रही सबसे बड़ी समस्या कचरा प्रबंधन को लेकर जो समस्याएं लोगों द्वारा बताई जाती थी अगले माह से दूर हो जाएगी। मंत्री मीणा ने बताया कि उपखंड मुख्यालय स्थित नवगठित नगर पालिका में सड़क सड़कों की समस्या भी बिल्कुल समाप्त हो जाएगी मुख्यमंत्री बजट घोषणा के लिए शहरी क्षेत्र को दी गई 20 किलोमीटर सड़कें बनने से नगर पालिका क्षेत्र में शहर वासियों एवं यहां आने वाले लोगों का आवागमन भी सुगम रहेगा। इसी के साथ नवगठित नगर पालिका क्षेत्र जोगीपुर में ग्राम पंचायत थी अब पालिका ग्रुप में कार्य करने से झांके वाटर ड्रेनेज सिस्टम भी पूरी तरह सुधर जाएगा।

## कला कॉलेज में योग दिवस मनायेंगे

**अलवर ( निसं )।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को राजकीय कला महाविद्यालय में भी योग कार्यऋम आयोजित होगा। प्रोफेसर डॉ. मीना गौतम ने बताया कि बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान मे सुबह 10 बजे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यऋम आयोजित होगा। इसमें योग शिक्षक रघुवीर सिंह नागर द्वारा योग कलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

# संगीत की कार्यशाला

**खैरथल,** (निसं)। स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित समर कैम्प के पाँचवें दिन महाविद्यालय में अलवर के संस्थान आर्काइव म्यूज़िका की ओर से संगीत की आयोजित विशेष कार्यशाला में सुरों और धुनों की बयार बहने लगी।

कार्यक्रम समन्वयक छात्रा रुक्मिणी और राखी ने जानकारी दी कि आरंभ में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के बगीचे में श्रमदान किया तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों ने मतदाता पहचान पत्र बनवाने व निर्वाचन नामावली में नाम जुड़वाने की शपथ ली। संगीत कार्यशाला के प्रथम सत्र में संगीतज्ञ विनीत चतुर्वेदी ने भारतीय संगीत के इतिहास पर प्रकाश डाला और संगीत की विविध शैलियों का परिचय दिया।

उन्होंने शास्त्रीय संगीत और सुगम संगीत का अंतर बताते हुए ख्याल गायकी, ग़ज़ल व नज़्म गायन, लोक संगीत से संबंधित विविध गीतों की प्रस्तुति दी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत आशावाला, प.स. सांगानेर (जयपुर)**
**क्रमांकः 461 ई- निविदा सूचना संख्या 03/2023-24 दिनांक 19.06.2023**
ग्राम पंचायत आशावाला में राजस्थान पंचायतीराज नियम 181 के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाइन निविदाऐं दिनांक 28.06.2023 समय 5 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत **eproc.rajasthan.gov.in** व **sppp.rajasthan.gov.in** विवरण पर देखी व डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है।
NIB NO PEZ2324A0057 UBN No PEZ2324WSOB00071
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत आशावाला — सरपंच ग्राम पंचायत आशावाला

**कार्यालय ग्राम पंचायत शार्दुलपुरा समिति सांभरलेक जिला जयपुर (राज.)**
क्रमांक-शार्दुलपुरा/निविदा/लेखा/2023-24/65 दिनांक- 13.06.2023
**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2023-24**
पंचायत समिति सांभरलेक के अधीनस्थ ग्राम पंचायत शार्दुलपुरा के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं पंचायती राज की अन्य समस्त योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए निर्माण सामग्री एवं उपकरणों की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माताओं, विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लेक लिस्टेड नहीं है, से ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा में जमा कराये जाने योग्य शुल्कों की राशि व जमा करवाने का माध्यम एवं अन्य शर्ते एवं निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति/ग्राम पंचायत कार्यालय समय में एवं उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www.eproc.rajastthan.gov.in) पर अवलोकन की जा सकती है।
UBIN NO.- ZJP2324GLOB00799
TENDER ID 2023_PRD_343883_1
सरपंच ग्राम पंचायत शार्दुलपुरा, पं.स.सांभरलेक (जयपुर) — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत शार्दुलपुरा, पं.स.सांभरलेक (जयपुर)


## अभिरुचि शिविर आयोजित

**निवाई,** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ निवाई के द्वारा राजकीय उच्च उच्च माध्यमिक विद्यालय भरथला में आयोजित ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरुचि शिविर में विद्यार्थियों ने स्काउट बैंड बेस ड्रम, साइड ड्रम, बांसुरी वादन, बिगुल वादन और ट्रंप पेड पर अभ्यास किया।

प्रधानाचार्य एवं पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी गिरिराज प्रसाद गुर्जर ने बताया कि शिविर में प्रशिक्षक आकाश वर्मा और ऋषिपालदास द्वारा पृथक-पृथक रूप से स्काउट बैंड के विभिन्न उपकरणों को बजाने का अभ्यास करवाया। बालिकाओं ने बांसुरी द्वारा सा रे गा मा, राष्ट्रगान और सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा गानों पर अभ्यास किया। गुर्जर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को अपनी-अपनी अभिरुचि का विकास करना ही चाहिए। इसके लिए समर कैंप का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। विद्यार्थियों ने विभिन्न गानों पर डांस के स्टेप का अभ्यास किया। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी गिरिराजप्रसाद गुर्जर ने कम्प्यूटर, डांस, सिलाई, ड्राइंग एंड पेंटिंग, स्काउट बैंड, स्पोकन इंग्लिश, मैथ्स रीजनिंग कक्षाओं का अवलोकन कर विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की। सिलाई में बालिकाओं द्वारा अब तक 200 से अधिक विभिन्न प्रकार के कपडे सिलकर प्रदर्शनी लगाई।

# भगवान जगन्नाथ महाराज की भव्य रथ यात्रा निकली



भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा चौपड़ बाजार मंदिर से गंगाबाग तक निकाली।

**राजगढ़,** (निसं)। जन-जन की आस्था के आराध्य देव भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मंगलवार रात्रि को चौपड़ बाजार मंदिर से गंगाबाग को प्रस्थान करगई। रथ यात्रा के प्रारंभ होने पर समूचा माहौल भगवान जगदीश मयी हो गया।

प्रशासन एवं पुलिस की मौजूदगी में मंदिर के महंत पूर्ण दास महाराज मदन मोहन शास्त्री ने महाआरती के पश्चात दूल्हे बने भगवान जगन्नाथ को ऐतिहासिक रथ पर विराजमान किया। रथयात्रा के आगे हजारों श्रद्धालुओं ने भजनों पर नाच गाकर समूचे कार्यक्रम को उत्साह एवं उल्लास से पूर्ण कर दिया। हजारों महिला पुरुषों एवं श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर एवं कल्याण की प्रार्थना कीरथ के पीछे पेट के बल परिक्रमा देने वाले बच्चे एवं युवाओं के साथ अन्य की मौजूदगी अलौकिक छवि के देव भगवान जगन्नाथ के प्रति अगाध समर्पण को दर्शाते वाली रही। रथयात्रा के आगे बाल्मिक समाज की ओर से कला एवं शक्ति का प्रदर्शन एवं भजनों की भव्य प्रस्तुति से गायक कलाकारों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया । रथ यात्रा के मार्ग में समाजसेवी एवं स्वयंसेवी संगठनों के साथ ब्लॉक सीएमएचओ ऑफिस की ओर से शीतल पेय पदार्थ ठंडाई एवं शिकंजी के साथ प्रसाद वितरण कर धार्मिक आयोजन को ऊंचाइयों प्रदान की। इधर मेला कमेटी की ओर से उपखंड प्रशासन के अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन के कार्मिकों का माल्यार्पण कर सम्मान किया। रथ यात्रा के मार्ग में मकानों की छतों पर एवं प्रमुख स्थानों पर महिला पुरुषों ने एकत्रित होकर अलौकिक छवि के देव के दर्शन कर धर्म लाभ कमाया। हजारों की संख्या में महिलाओं पुरुष एवं बच्चों ने रथ यात्रा के दौरान जमकर खरीददारी की।

रथ यात्रा देर रात्रि को कस्बे के गंगाबाग परिसर पहुंची। गंगा बाग पर वधू पक्ष के महंत प्रकाश दास महाराज ने पुष्प अर्पित कर दूल्हा बने भगवान जगन्नाथ सम्मान किया। रथ यात्रा के मार्ग में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश मीना, तहसीलदार जुगिता मीणा व पुलिस अधिकारी रह। पुलिस प्रशासन की ओर से असामाजिक तत्व एवं अपराधिक गतिविधियों की कड़ी निगरानी की।

## सांसद ने निर्माणाधीन ब्रिज का निरीक्षण किया

**निवाई,** (निसं)। उपखंड पीपलू की ग्राम पंचायत गहलोद में बनास नदी पर निर्माणाधीन ओरब्रिज का सांसद सुखबीरसिंह जौनपुरिया में निरीक्षण किया। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा आयोजित महाजनसम्पर्क अभियान के अन्तर्गत मंगलवार को संसदीय क्षेत्र के दौरे में सांसद सुखवीरसिंह जौनापुरिया ने विकास तीर्थ यात्रा के अंतर्गत केन्द्रीय मद से निर्माणाधीन 135 करोड रुपए की लागत से बनास नदी पर बन रहे गहलोत ब्रिज का निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सांसद जौनापुरिया ने बताया कि इस पुल का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने पर टोंक से टोडारायसिंह, मालपुरा, अजमेर, पीपलू के ग्रामीणों एवं यात्रियों को यात्रा करने व यातायात में करीब वर्ष के अन्तर्गत सुविधा मिलेगी। जिससे ग्रामीणों की राह आसान होगी। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में पाई गई अनियमितताओं से सांसद जौनापुरिया ने सम्बन्धित अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनको निर्माण कार्य में गुणवत्ता को बनाये रखने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सांसद जौनापुरिया के साथ जिला प्रमुख सरोज बंसल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन आदि मौजूद रहे।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरीय क्षेत्र निवाई (न.पा.नि.) (जिला-टोंक)**
क्रमांक-का.प्रा.अधि.न.क्षे.नि./कृ.भू./2023-24/2860 दिनांक-06.06.2023
प्ररूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)
**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका निवाई**
**लोक सूचना**
श्री/श्रीमति नाबालिग आंयाश पुत्र धीरजकुमार संरक्षक माता संगीता, गीता देवी पत्नी बृजमोहन, राजकमल पुत्र श्री किशनलाल, लक्ष्मण पुत्र बृजजमोहन, विष्णुप्रकाश पुत्र बृजमोहन, नाबालिग शिवन्या पुत्री धीरजकुमार संरक्षक माता संगीता, संगीता पत्नी धीरज कुमार निवासी निवाई ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिकसे (कृषि आधारित औद्योगिक प्रयोजनार्थ) प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमिके अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कस्बा निवाई तह. निवाई जिला टोंक | निवाई | 4851/2, 4850 | कुल कीता-02 रकबा 2.074 हैक्टयर में से 9965.45 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान की और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 6.6.23 को जारी की जाती है।
(श्रीमति महिमा डांगी) प्राधिकृत अधिकारी, नगरीय क्षेत्र निवाई

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरीय क्षेत्र निवाई (न.पा.नि.) (जिला-टोंक)**
क्रमांक-का.प्रा.अधि.न.क्षे.नि./कृ.भू./2023-24/2857 दिनांक-06.06.2023
प्ररूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)
**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका निवाई**
**लोक सूचना**
श्री/श्रीमति नाबालिग आंयाश पुत्र धीरजकुमार संरक्षक माता संगीता, गीता देवी पत्नी बृजमोहन, राजकमल पुत्र श्री किशनलाल, लक्ष्मण पुत्र बृजजमोहन, विष्णुप्रकाश पुत्र बृजमोहन, नाबालिग शिवन्या पुत्री धीरजकुमार संरक्षक माता संगीता, संगीता पत्नी धीरज कुमार निवासी निवाई ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिकसे (कृषि आधारित औद्योगिक प्रयोजनार्थ) प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमिके अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कस्बा निवाई तह. निवाई जिला टोंक | निवाई | 4851/2,4850 | कुल कीता-02 रकबा 2.074 हैक्टयर में से 9989.60 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान की और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 6.6.23 को जारी की जाती है।
(श्रीमति महिमा डांगी) प्राधिकृत अधिकारी, नगरीय क्षेत्र निवाई

## संक्षिप्त

### कृषि संकाय स्वीकृत

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इन्द्राज गुर्जर की अनुशंसा पर शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने विराटनगर विधानसभा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मैड व जाजै कंला में कृषि संकाय स्वीकृत किया है। जिससे इस क्षेत्र के गांवों के विद्यार्थीयों को अब कृषि संकाय के लिए दूर नहीं जाना पडेगा। अब मैड व जाजै कंला गांव के ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कृषि संकाय स्वीकृत हो गया है। एग्रीकल्चर फैकल्टी की स्वीकृति के बाद विद्यार्थियों के साथ अभिभावक, ग्रामीणों में खुशी की लहर देखने को मिली। कृषि संकाय की स्वीकृति मिलने के बाद शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला व विधायक इंद्राज गुर्जर का ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया।

### परेवा अध्यक्ष बने

**दूदू, (निसं)।** राजस्थान युवा शक्ति मंच संरक्षक कैलाश चंद चौधरी मण्डोर की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विजेन्द्र परेवा को सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण भादूका, धमेन्द्र स्वामी रामउयाल जांदू, सीताराम, महामंत्री गोपाल चलावरिया, श्रवण निठारवाल, संगठन मंत्री बाबूलाल, अल्मूदीन, रामजीलाल, दामोदर शर्मा, महासचिव शानू बडेरा, रामजीलाल, संतोष यादव, सांस्कृतिक मंत्री सपना शर्मा सुलेखा राठौड़, शोभा शर्मा, तन्नू स्वामी, निशा शर्मा, प्रवक्ता सहित 151 सदस्यो की कमेटी बनायी गई।

# पानी की समस्या को लेकर दिया जा रहा धरना आश्वासन के बाद समाप्त



किशनगढ़ रेनवाल के वार्ड 7 एवं 8 में पानी की समस्या को लेकर लोगों ने धरना दिया।

- लोगों ने जलदाय विभाग को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया

**किशनगढ़ रेनवाल, (निसं)।** शहर के वार्ड संख्या 7 एवं 8 में पानी की समस्या को लेकर धरने पर बैठे लोगों ने जलदाय विभाग को 15 दिन का अल्टीमेटम दे दिया है। फुलेरा विधायक निर्मल कुमावत के हस्तक्षेप के बाद जलदाय विभाग के उच्चाधिकारियों से हुई बातचीत एवं 16 के बाद वार्ड के लोगों ने धरना समाप्त कर दिया।

गौरतलब है कि दो वर्ष पूर्व फुलेरा विधायक निर्मल कुमावत की अनुशंसा पर ड्योढीया रामसिंहपुरा में पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। लेकिन जलदाय विभाग के उच्चाधिकारियों की लापरवाही के कारण टंकी के नजदीक बसी इन कॉलोनियों में आज तक पाइपलाइन नहीं डाली गई। लेकिन सोमवार को राजनीतिक दबाव के चलते जब रेलवे स्टेशन तक पूर्व में डली हुई पाइप लाइन तक नई टंकी से 2 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन डाली जा रही थी तो इसकी भनक वार्ड के लोगों को लगते ही वह मौके पर पहुंच गए। बीच रास्ते में रहने वाले वार्ड सात एवं आठ के लोगों ने कहा कि जब तक इन वार्डों में पाइपलाइन नहीं डाली जाएगी तब तक आगे पाइपलाइन को नही ले जाने दिया जाएगा। वार्ड वासियों के जबरदस्त विरोध को देखते हुए कल कार्य को रुकवा दिया गया था। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने जलदाय विभाग एवं नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मौके पर ही टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए।

वार्ड वासियों का आरोप था कि विधायक की अनुशंसा पर बनाई गई टंकी के निर्माण के बाद उन्हें उम्मीद बंधी थी कि अब जल्दी ही उनके घरों में भी नलों से पानी आएगा, लेकिन जलदाय विभाग के उच्च अधिकारियों की अकर्मण्यता एवं दबाव की राजनीति के चलते आज तक इन वार्डों में तो पाइपलाइन नहीं डाली गई और मोहनपुरा बालाजी के निकट के वार्डो के लिए स्वीकृत हुई अमृत जल योजना के तहत स्वीकृत हुए 4:25 करोड़ की योजना में कटौती कर 2 किलोमीटर की पाइप लाइन अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए जोड़ने की योजना रची जा रही थी

कॉलोनी वासियों द्वारा अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जाने के बाद देर रात पालिका अध्यक्ष अमित कुमार जैन एवं जलदाय विभाग के अधिकारी भी देना स्थल पर पहुंचे और वार्ड वासियों से समझाइश का प्रयास किया लेकिन वार्ड के लोग पाइपलाइन नहीं डाले जाने तक धरने पर बैठे रहने की बात पर अड़े रहे मंगलवार को दोपहर में फुलेरा विधायक निर्मल कुमावत नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत बोतला सहित अन्य भाजपा जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और वार्ड वासियों की पानी की समस्या से रूबरू हुए बाद में फुलेरा विधायक निर्मल कुमावत ने जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता बीड़ी गालव से दूरभाष पर बात कर समस्या का समाधान करने की बात कही जिस पर अधिशासी अभियंता ने 15 दिन में समस्या के समाधान का आश्वासन दिया बाद में फुलेरा विधायक निर्मल कुमावत ने 15 दिन में कार्यवाही नहीं होने पर जलदाय विभाग को पुन धरने पर बैठने का अल्टीमेटम दे दिया।

## बस स्टैंड के शौचालय में फैली गंदगी से यात्री परेशान

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे के मुख्य बस अड्डे पर हाल ही में बनाए गए शौचालय की साफ सफाई ना होने एवं निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने के चलते यात्री एवं आसपास के दुकानदार काफी परेशान हैं।

शौचालयों की हालत बयां कर रही थी कि यहां पर सफाई के नाम पर केवल औपचारिकता पूरी की जा रही है। यह आलम केवल एक शौचालय का नहीं बल्कि कस्बे के लगभग सभी शौचालयों का हाल ऐसा ही है। बस स्टैंड पर मौजूद यात्रियों ने बताया कि शौचालयों में सफाई तो होती है, लेकिन दिखावे के लिए हालांकि नगर पालिका प्रशासन की ओर से शौचालयों के रखरखाव एवं साफ-सफाई के लिए हर साल ठेका दिया जाता है। जिस मद में प्रशासन लाखों रुपए खर्च करता है उसके बावजूद भी साफ सफाई की व्यवस्थाओं का हाल बेहाल है। हाल ही में निर्माण के दौरान यूरिन सीट के नीचे पाइप ही नहीं लगाए गए जिससे मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के दौरान छींटे लगने से कपड़े खराब हो जाते हैं। यूरिन सीट शराब की बोतलों से भरी हुई है, मुख्य पाइप लाइन चोक है जिससे गंदगी शौचालय के चारों ओर फैली हुई है जिससे यहां खड़ा होना भी मुश्किल हो गया है। वहीं, दूसरी तरफ जिम्मेदार अधिकारी यहां कुव्यवस्था को ठीक करने की जहमत नहीं उठा रहे हैं, जिसकी वजह से बस अड्डे पर दुर्गंध और गंदगी का साम्राज्य को गया है ऐसे में लोगों को इस समस्या से दो-चार होना पड़ता है गर्मी और उमस के मौसम के बीच टॉयलेट के गंदगी की बदबू से आसपास के दुकानदारों और लोगों का भी जीना मुश्किल हो गया है।

## सार-समाचार

### राशन डीलरों ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया



**टोंक, (निसं)।** जिले के राशन डीलरों द्वारा राजस्थान राज्य अधिकृत राशन विक्रेता नियोजक संघ के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शकिल के नेतृत्व में मंगलवार 20 जून को जिला कलेक्टर टोंक को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि जिले के राशल डिलरो को पिछले 6 महिने से कमीशन नही मिला। कमीशन नही मिलने से इसके अभाव में डिलरो के पारिवारिक हालात बहुत दयनीय हो गयी है। डिलर अपना परिवार व घर का खर्चा और बच्चो का पालन पोषण करने में असमर्थ है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि कमीशन को लेकर पूर्व में कई बार अधिकारियों को कहने के बावजूद भी कोई उचित कार्यवाही नही की गई, जिससे कमीशन नही मिला और डिलरो को आर्थिक व मानसिक समस्या का सामना करना पड रहा है।

### रीट परीक्षा में उत्तीर्ण छात्राओं का किया सम्मान

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बा स्थित श्री कृष्ण महिला यादव छात्रावास में मंगलवार को यादव समाज सेवा विकास ट्रस्ट द्वारा छात्रावास में अध्ययन करते हुए रीट परीक्षा में उत्तीर्ण हुई छात्राओं का प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। साथ ही ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंद छात्राओं को 7500 रूपये का आर्थिक सहयोग भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। मुख्य अतिथि एसएचओ मांगे लाल यादव ने बालिकाओं को उपलब्ध बेहतरीन सुविधाओं के लिए समाज के अनुकरणीय सहयोग की प्रशंसा की। उन्होंने बालिकाओं को निर्भय व निडर होकर पढ़ाई करने के साथ साथ भूत को भूलते हुए वर्तमान पर नियंत्रण कर भविष्य संवारने की बात कही। अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष गिरधारी लाल गुरूजी ने की। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में सुभाष एसआई, पूर्व गिरदावर रामनिवास यादव, अमीचंद डाबड, शीशराम यादव व दीनदयाल गुरूजी रहे। मंच द्वारा अतिथियों का माला, साफा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। गिरधारी लाल गुरूजी ने छात्रावास भवन व अध्ययन करने वाली बालिकाओं के प्रति समाज के सहयोग और प्रगति से अवगत कराया। अतिथियों ने छात्रावास भवन का अवलोकन भी किया। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता रामकरण यादव, पूर्व गिरदावर रामनिवास यादव, वार्डन सुमन यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

### महायज्ञ में मुख्य आहुति दी



**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हरसोरा बानसूर के डूंगरी वाले बालाजी मंदिर प्रांगण में आयोजित हो रहे नौ दिवसीय 11 कुंडीय श्रीराम हनुमत महायज्ञ में मंगलवार को दूसरे दिन महंत श्यामदास महाराज के सानिध्य में ब्रह्मचारी यजमानों सहित पंडित जितेंद्र कुमार शर्मा ने महायज्ञ में मुख्य आहुति दी। दूसरे दिन सभी यजमान पहुंचे, जिसमें ब्रह्मचारियों सहित यजमानों ने आचार्य तथा ब्रह्मा के सामवेद मंत्र गायन से पवित्र ध्वनियों के साथ हवन वेदियों में सभी यजमानों की सहमति से ब्रह्मचारियों व प्रधान यजमान पंडित जितेंद्र कुमार शर्मा ने मुख्य आहुति दी। वहीं डूंगरी वाले बालाजी मंदिर हरसोरा के महंत श्याम दास महाराज ने बताया कि मंगलवार को दूसरे दिन प्रधान यजमान पंडित जितेंद्र कुमार शर्मा के द्वारा यज्ञपुरुष नारायण के लिए प्रमुख आहुति दी गई है तथा आज नियमानुसार महा आरती करते हुए ग्रामीण धर्म प्रिय महिलाओं और पुरुषों के द्वारा यज्ञपुरुष नारायण की परिक्रमा करते पुण्य का अर्जन किया जा रहा है। वहीं बताया कि यज्ञशाला की चतुर्दिक व्यवस्था संभाल रहे हैं और यज्ञ आचार्य विकास शास्त्री तथा ब्रह्मा निर्मल आचार्य एवं यज्ञ की सफलता के लिए यज्ञशाला में व्यवस्था संभाले विद्वान पंडितों एवं समस्त ग्रामीणों को निर्देशित कर यज्ञशाला में सफलतापूर्वक क्षेत्र की सुख शांति एवं सद्बुद्धि की कामना के लिए आयोजित महायज्ञ में ग्रामीणों सहित आसपास के धर्म प्रिय लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

### साढ़े चार लाख रुपए पार किये

**खैरथल, (निसं)।** खैरथल शहर में मंगलवार की शाम 4 बजे बाइक पर टंगा साढ़े चार लाख रुपए से भरा बैग अज्ञात बदमाश पार कर ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरो में फ़ुटेज खंगालने के साथ अज्ञात बदमाशों की तलाश में टीमों को रवाना कर दिया। मुंडावर उपखंड क्षेत्र के गांव टोडरपुर निवासी मनफूल पुत्र अम्मी लाल जाट एसबीआई बैंक से साढ़े चार लाख रुपए निकलवा कर आ रहा था कि अचानक कपड़ों पर गंदगी लगी देखी। जिसे साफ़ करने के लिए वह रुका कि इस दौरान उसकी बाइक पर टंगा साढ़े चार लाख रुपए से भरा बैग अज्ञात बदमाश पार कर ले गए।

## जिला परिषद की बैठक में मंत्री जूली ने दिये निर्देश

**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने जिला परिषद में आयोजित साधारण सभा की बैठक में कहा कि लम्पी संक्रमण से गोवंश की मृत्यु पर राज्य सरकार की ओर से दिए जा रहे मुआवजे के प्रकरणों में जो परिवेदनाएं प्राप्त हुई हैं उनका परीक्षण कराया जाकर पुनः प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाएं।

उन्होंने कहा कि राजीव गांधी जल संचय योजना के तहत अमानक कार्य कराने वाली एजेन्सियों की शिकायतों की जांच की जाए। इस पर जिला परिषद के सीईओ ने कहा कि एसीईओ की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित कर जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में संचालित औद्योगिक इकाइयों द्वारा जिले में सीएसआर से विकास कार्य व स्थानीय युवाओं को रोजगार आदि कार्य कराए जाए। उन्होंने कहा कि अग्यारा बांध के गंदे पानी की वजह से आसपास के लोगों को हो रही परेशानी, सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट कार्य वैज्ञानिक तरीके से नहीं करने तथा ट्रीटमेंट प्लान्ट को चालू कराने के संबंध में अवगत कराया जिस पर जिला कलक्टर ने सीईओ जिला परिषद की अध्यक्षता में नगर परिषद आयुक्त, प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी, रीको व यूआईटी के अधिकारियों की एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिये।

इसी प्रकार जिला परिषद सदस्यों ने विद्युत ट्रान्सफार्मर तय समय सीमा में बदलवाने, सीहालीखुर्द में विद्युत लाइन शिफ्टिंग का चार्ज जमा होने के पश्चात भी विद्युत लाइन शिफ्ट नहीं होने, पेयजल टंकियों की नियमित साफ-सफाई नहीं होने, ग्राम रूंध सिरावास के स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम अनुपस्थित रहने आदि मुद्दों को उठाया गया। जिस पर मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में उठाए गए प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेकर उनका यथाशीघ्र निस्तारण कर सूचना भिजवाए। जिला कलक्टर पुखराज सेन ने बैठक में विश्वास दिलाया कि बैठक में आए प्रत्येक मुद्दे एवं शिकायतों की जांच कराकर नियमानुसार निराकरण कराया जावेगा।

# जल भराव व सफाई व्यवस्था का अधिशाषी अधिकारी ने निरीक्षण किया



अधिशाषी अधिकारी मनीषा यादव के निर्देश के बाद बारिश के जमा पानी को पंप सेट से खाली किया।

- जल भराव को लेकर जल निकासी व सफाई व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिये

**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी मनीषा यादव ने चक्रवाती तूफान बिपरजॉय में भारी बारिश के चलते पालिका क्षेत्र में जल भराव और गंदगी जैसी समस्याओं से शहरवासियों को मुक्ति दिलाने के लिए मंगलवार को क्षेत्र में सफाई व्यवस्था और नालों का निरीक्षण किया।

इस दौरान अधिशाषी अधिकारी मनीषा यादव ने बारिश के पहले शहर के सभी नाले-नालियों और सीवर की मशीनरी द्वारा सपूर्ण सफाई सुनिश्चित कराने व भारी बारिश से बाजारों, मोहल्लों, सडकों में जल भराव को लेकर जल निकासी की तत्काल व्यवस्था कराने का निर्देश देते हुए कहा कि पानी निकालो, चाहे पंपिंग सेट लगाओ। वहीं, इस दौरान ईओ मनीषा यादव ने शहरवासियों से कूडे को कहीं भी फेंकने की जगह दरवाजे पर आने वाली कूडा गाडी को ही देने की अपील की। पावटा नदी स्थित पुल व अंबेडकर पार्क के समीप बने नाले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि नाले के किनारे झाडियों, पेड पौधों का उगना, लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जाना, नाले का सही से निर्माण न होना तथा लोगों द्वारा नाले में कूडा-कचरा डालना आदि कारणों से जल निकासी में व्यवधान उत्पन्न होता है। ऐसी परिस्थितियों को देखते हुए कर्मचारियों को बारिश से पहले इन सभी कमियों को दूर कर उचित सुधार करने व नाले की सफाई के निर्देश के साथ ही क्षेत्र में किसी भी प्रकार का जलजमाव व गंदगी न होने पाए इसके निर्देश दिए। उन्होंने निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों से भी आग्रह किया है कि वे भी अपना कार्य बहुत ही ईमानदारी और तत्परता के साथ निरंतर करते रहे, जिससे किसी भी प्रकार के जलभराव और जल निकासी की समस्या का सामना आम जनमानस को न करना पड़े।

## पालिकाध्यक्ष का वार्डवासियों ने सम्मान किया

**निवाई, (निसं)।** शहर के वार्ड नम्बर 32 में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। सम्मान समारोह में वार्डवासियों द्वारा कच्ची बस्ती व वार्ड में करवाए गए विकास कार्यो को लेकर पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी का सम्मान किया।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद अल्लारखा के नेतृत्व में वार्डवासियों ने पालिकाध्यक्ष इसरानी का साफा बंधवाकर व मालाएं पहनाकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। वार्ड पार्षद अल्लारखा ने बताया कि वार्ड में स्थित कच्ची बस्ती के 95 प्रतिशत मकानों के पट्टे बनाकर वितरित कर दिए गए हैं। इसके साथ ही वार्ड के सभी गलियों में सीसी रोड का निर्माण पूरा करवा दिया गया है। इसी प्रकार वार्ड के अन्य विकास कार्य भी करवाए गए हैं। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि शहर के सभी वार्डो में बिना भेदभाव राजनीति से ऊपर उठकर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। शहर के विकास में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि शिवाजी पार्क सहित अन्य पार्को में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं तथा आवश्यक सभी इंतजामात किए जा रहे हैं। शिवाजी पार्क में धोब लगाकर पूरी तरह हरियाला कर दिया गया है। प्रशासन शहरों के संग अभियान के अन्तर्गत अधिक से अधिक शहरवासियों को पट्टा देने की कार्यवाही लगातार जारी है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद अल्लारखा ने कहा कि वार्ड के विकास के लिए पालिकाध्यक्ष से जो भी मांग की गई है वो सब पूरी हो गई है।

## जलापूर्ति बाधित रहेगी

**मालपुरा, (निसं)।** बीसलपुर से जयपुर के लिए डाली गई पेयजल लाईन मे मोर के पास आये भारी रिसाव के कारण बुधवार को मालपुरा शहरी क्षैत्र व डिग्गी कस्बे मे जलापूर्ति बाधित रहेगी।

जल स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एईएन ज्योति चौधरी ने बताया कि बीसलपुर पेयजल लाईन मे भारी रिसाव के चलते 21 जून को मालपुरा शहर के बृजलाल नगर, संजय मार्केट, रेल्वे स्टेशन, सहित अन्य क्षेत्रों मे पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी।

## दो दिवसीय कैम्प का समापन

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोरधनपुरा में आयोजित किये जा रहे प्रशासन गांवों के संग अभियान के दो दिवसीय कैम्प का मंगलवार को एसडीएम सूर्यकान्त शर्मा की अध्यक्षता में समापन हुआ। तहसीलदार अभिषेक सिंह ने बताया कि कैम्प में नामान्तरण के 64, बंटवारे के 05, खाता शुद्धिकरण के 15 एवं रास्तों के 03 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। वहीं राजस्व रिकॉर्ड की 26 प्रतिलिपियां एवं जन्म-मृत्यु, जाति समेत विभिन्न 65 प्रमाण पत्र भी जारी किये गये। शिविर में महँगाई राहत कैम्प में पंजीयन कर ग्रामीणों को गारन्टी कार्डो का भी वितरण हुआ। सराहनीय कार्य करने पर कनिष्ठ सहायक कृष्णा कुमारी यादव, पटवारी सरोज यादव, कृषि पर्यवेक्षक ममता यादव, भामाशाह विक्रम यादव, सुरेश यादव, कांति यादव, रामकरण स्वामी, डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. कैलाश शर्मा आदि को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। सभा की अध्यक्षता सरपंच धोली देवी ने, जबकि संचालन बाबूलाल अध्यापक ने किया।

# भगवान श्री जगन्नाथ रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण को निकले



भगवान श्री जगन्नाथ सुसज्जित रथ में सवार होकर नगर भ्रमण को निकले।

- कस्बा वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया
- विशाल भण्डारे में हजारों श्रद्धालुओं ने पाई पंगत प्रसादी

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के मौहल्ला बुचाहेड़ा स्थित श्री जगन्नाथ जी मन्दिर की वार्षिक रथ यात्रा व वार्षिकोत्सव समारोह मंगलवार को बड़े ही धुमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रात: गणेश पुजन के बाद भगवान श्री जगन्नाथ का अभिषेक पण्डितों द्वारा वेद मंत्रोच्चार के साथ किया गया।

जिसके बाद भगवान श्री जगन्नाथ सुसज्जित रथ में नगर भ्रमण को निकले। उनकी शोभा यात्रा मन्दिर परिसर से शुरू होकर छोटा बाजार होते हुए आजाद चौक पहुँची। जहाँ श्री गंगा माता मंदिर के पुजारी शंकर लाल शर्मा द्वारा पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद रथ यात्रा नगर पालिका तिराहा, मुख्य चौराहे से जीण माता मन्दिर मोड़, श्री परशुराम मन्दिर से रामभवन के आगे से मौहल्ला बूचाहेड़ा होते हुए वापस मन्दिर परिसर पहुँचकर विसर्जित हुई। शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प मालाओं व पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया तथा श्रद्धालुओं द्वारा मार्ग में अनेक स्थानों पर जलपान व अल्पाहार की व्यवस्था की गई।

शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु प्रभु के गुणगान के साथ झुमते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा के बाद आरती के साथ प्रसादी का वितरण हुआ। जिसके बाद आयोजित भण्डारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर मन्दिर महंत पं. मुकलेश दीक्षित, अरूण दीक्षित, लीलाधर दीक्षित, भाजपा नेता मुकेश गोयल, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, जजपा मुख्य महासचिव रामनिवास यादव, विहिप प्रांत उपाध्यक्ष पूरणमल भरगड़, डॉ. अश्वनी गोयल, डॉ. बिजेय यादव, राजेश सवाईका, राकेश मोरीजावाला, एड. बजरंग लाल शर्मा, आनन्द दीक्षित, सीताराम मोदी, सुरेश मोदी, प्रवीण बंसल, जयप्रकाश, किशन लाल, बृजलाल गुप्ता, मनोज अग्रवाल, हरिशंकर शर्मा, विनोद गोयल, रामनिवास शर्मा, दिनेश शर्मा, मनीष यादव, सूर्यकांत अग्रवाल, रूपचंद सैनी, अनिल दीक्षित, मनीष दीक्षित, राजीव दीक्षित, जितेन्द्र जोशी, प्रदीप अग्रवाल, बजरंगलाल शर्मा, पार्षद विजय आर्य, संजय कंसल, अनिल शर्मा, एड. अशोक शर्मा, मनोज पण्डित, कमल ज्योतिषी, कृष्ण सैनी, कमलकांत शर्मा, आदित्य शर्मा, बल्लू शर्मा, आशीष भारतीय, गोविन्द शर्मा, अमित शर्मा, सोनू शर्मा, पृथ्वी सिंह, मुकुट मोहन, बल्ली शर्मा, लीलाराम वशिष्ठ, विकास सिंह, कैलाश सैन, अमन दीक्षित, धन्नाराम सैनी, विनोद सैनी, हिमांशु, प्रिंस सैनी, अनुज, अंकित, सोनू समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

मन्दिर महंत पं. मुकलेश दीक्षित व अरूण दीक्षित ने बताया कि कोटपूतली में प्रतिवर्ष आषाढ़ माह में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन होता है। प्राचीन रीति रिवाज एवं हिंदू धर्म में भगवान श्री जगन्नाथ की यात्रा का बहुत महत्व है। मान्यता है कि जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल होने से व्यक्ति के जीवन से सभी दु:ख, दर्द व कष्ट समाप्त हो जाते हैं।

## योग दिवस की तैयारी बैठक

**पावटा, (निसं)।** पावटा उपखंड पर तहसील क्षेत्र में राजीव गांधी ग्रामीण व शहरी ओलंपिक खेलों के सफल आयोजन-व नवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के उपलक्ष्य में पावटा पंचायत समिति सभागार में एसडीएम बजरंग लाल स्वामी ने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में एसडीएम बजरंग लाल स्वामी ने ब्लॉक स्तरीय ओलंपिक खेलों की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की। वही 21 जून 2०23 को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में नवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन वसुधैव कुटुबकम के सिद्धांत पर वन वर्ल्ड, वन हेल्थ थीम के साथ किया जाएगा। योग दिवस समारोह 21 जून 2०23 को प्रात: 7 बजे से 8 बजे तक ब्लॉक स्तर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर विकास अधिकारी पावटा द्वारा स्थानीय राजकीय माध्यमिक विद्यालय या उच्च माध्यमिक विद्यालय में संबंधित ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किया जाएगा। एसडीएम बजरंग लाल स्वामी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं क्रियान्वित के लिए समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण स्वयं एवं उनके अधीनस्थ कार्मिक को उक्त कार्यक्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में आवश्यक रूप से उपस्थित होने के लिए निर्देश प्रदान करें।

## सफाई टेंडर ईओ और पालिका अध्यक्ष के बीच फंसा

- 10 प्रतिशत राशि बढ़ाकर पुराने ठेकेदार को 15 दिन की सफाई की जिम्मेदारी सौंपी
- गत वर्ष के टेंडर राशि से 30 प्रतिशत अधिक दिए जाने पर अध्यक्ष ने जताई आपत्ति पुनः टेंडर लगाने के लिए लिखा

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** शहर की सफाई के लिए हर साल छूटने वाले टेंडर को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष तारामणि सिंघल और ईओ महेश गुर्जर के बीच वर्ष 2023- 24 के लिए छोड़े गए करीब 1 करोड़ 37 लाख के टेंडर पर पेच फंसा हुआ है।

हालांकि नया टेंडर जारी होने तक शहर की सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए एपी कंट्रक्शन को पुन:10 प्रतिशत राशि को बढ़ाकर 15 दिन के लिए सफाई की जिम्मेदारी सौंपी है। अभी हाल में चार दिन पहले ठेकेदार ने सफाई ठेका पूरा होने पर कर्मचारियों को हटा दिया था।

अध्यक्ष सिंघल का आरोप है वर्ष 2022-23 में सफाई का टेंडर 1 करोड़ 6 लाख का था। 2023-24 के लिए 1 करोड़ 37 लाख में छोड़ा गया। जो पिछले टेंडर से करीब 30 प्रतिशत अधिक राशि है। महत्वपूर्ण बात यह है कि सिंगल लगे टेंडर को बड़ी दर पर छोड़ दिया गया। सिंगल टेंडर को बड़ी दर पर दिए जाने से अध्यक्ष नाराज है। इसलिए वर्क आर्डर फाइल पर साइन करने से इनकार कर दिया वह चाहती है टेंडर दोबारा से लगे या टेंडर राशि कम की जाए। अध्यक्ष ने 12 जून को पुन: टेंडर लगाए जाने के लिए लिख चुकी है।

एपी कंट्रक्शन के शुभम अग्रवाल का कहना है कि 30 मई को सफाई ठेके की अवधि पूरी हो चुकी है। 1 से 15 जून तक के लिए समय अवधि बढ़ाई गई थी। 15 दिन का अतिरिक्त समय पूरा होने पर कर्मचारी हटा लिए गए थे। अब टेंडर राशि से 10 प्रतिशत बढ़ाकर 15 दिन के लिए 30 जून तक सफाई कराने के लिए कहा गया है। कर्मचारी भेजकर सफाई शुरू करा दी गई है।

ईओ महेश गुर्जर ने बताया कि वर्ष 2023- 24 के लिए सफाई का टेंडर किया जा चुका है। एजेंसी को 1 जुलाई से सफाई का कार्य शुरू किए जाने के लिए वर्क आर्डर जारी कर दिए गए हैं। इस बीच पहले से कार्य कर रही एजेंसी को ठेका अवधि पूरी होने पर 15 दिन के लिए 30 जून तक अतिरिक्त कार्य किए जाने के लिए 10 प्रतिशत राशि बढ़ाकर सफाई का कार्य दिया गया है। अध्यक्ष की ओर से पुन: टेंडर लगाए जाने व सिंगल टेंडर के सवाल पर अधिकारी ने कहा ऐसी कोई बात नहीं है। सिंगल टेंडर के होने पर विभागीय प्रक्रिया है जिसे पूरा कर लिया गया है।



मैं खिलाड़ी की काबिलियत का आकलन इस आधार पर करता हूं कि वह कितने साल खेल सका। - रिंकी पोंटिंग

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, खिलाड़ियों की काबिलियत को लेकर।




आज का खिलाड़ी

## जॉश लिटिल



**हार्दिक पंड्या** की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस आईपीएल 2023 सीजन में अपना खिताब बचाने की कोशिश कर रही है। हालांकि अभी तक टीम पिछले सीजन जैसी लय में नजर नहीं आई है। उस पर अब गुजरात के लिए एक टेंशन और बढ़ गई है। पहली बार आईपीएल में खेल रहे बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज जॉश लिटिल को उनके देश से बुलावा आया है। आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड ने लिटिल को अगले महीने होने वाली अहम वनडे सीरीज के लिए स्क्वॉड में शामिल किया है। इस सीरीज के जरिए आयरलैंड के पास वनडे विश्व कप में सीधे क्वालिफाई करने का मौका है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# सात्विक-चिराग करियर की बेस्ट तीसरी वर्ल्ड रैंकिंग पर पहुंचे

## सिंधु को एक स्थान का फायदा, मेंस सिंगल्स में प्रणय 9वें नंबर पर बरकरार




नई दिल्ली, 20 जून। सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय बैडमिंटन जोड़ी ने मंगलवार को जारी की ताजा रैंकिंग में अपने करियर की बेस्ट वर्ल्ड रैंकिंग हासिल कर ली। सात्विक-चिराग अपनी पिछली रैंकिंग से एक स्थान ऊपर बढ़कर पुरुष युगल की विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। पिछले साल कॉमनवेल्थ गेम्स का गोल्ड मेडल, फ्रेंच ओपन सुपर 750 खिताब और मौजूदा सीजन में इंडोनेशिया ओपन और स्विस ओपन 300 खिताब जीतने वाली सात्विक और चिराग की जोड़ी के अब 15 टूर्नामेंट में 82331 अंक हैं।

चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज की भारतीय जोड़ी ने रविवार (18 जून 2023) को इंडोनेशिया ओपन का खिताब जीता था। चिराग-सात्विक की जोड़ी ने टूर्नामेंट की दूसरी सीड हारून चिया और वूई यिक सोह की मलेशियाई जोड़ी को सीधे गेम में 21-17 और 21-18 के अंतर से हराया था। चिराग-सात्विक की जोड़ी वर्ल्ड टूर सुपर-1000 का टाइटल जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी बनी। इतना ही नहीं, यह इकलौती भारतीय जोड़ी है, जिसने वर्ल्ड टूर में सुपर-100, सुपर-300, सुपर-500, सुपर-750 और सुपर-1000 चारों टाइटल जीते हैं।

महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु 12वें स्थान पर पहुंच गई हैं। सिंधु सात साल में पहली बार मार्च में शीर्ष 10 की रैंकिंग से बाहर हो गई थीं। महिला युगल में त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी 16वें स्थान पर बनी हुई है। मेंस सिंगल्स में एचएस प्रणय 9वें स्थान पर बरकरार हैं। लक्ष्य सेन को रैंकिंग में दो स्थान का फायदा हुआ है। वो अब 18वें स्थान पर पहुंच गए हैं। किदांबी श्रीकांत भी तीन स्थान के फायदे से 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# पीसीबी अध्यक्ष की दौड़ से बाहर हुए सेठी

लाहौर, 20 जून। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अंतरिम अध्यक्ष नजम सेठी दूसरे कार्यकाल के लिये अपनी दावेदारी पेश नहीं करेंगे। पिछले दिसंबर में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ द्वारा नियुक्त अंतरिम प्रबंधन समिति का नेतृत्व करने के बाद सेठी पीसीबी अध्यक्ष के रूप में बने रहने के प्रबल दावेदार थे। अंतरिम समिति का कार्यकाल बुधवार को समाप्त होने वाला है।

प्रधानमंत्री पाकिस्तान में क्रिकेट बोर्ड के संरक्षक हैं और पीसीबी बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में अध्यक्ष सहित दो सदस्यों की सीधी नियुक्ति करते हैं। शरीफ सरकार इस समय आसिफ अली जरदारी की अध्यक्षता वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सहयोग से चल रही है। हाल के हफ्तों में पीपीपी ने मांग की है कि उसके उम्मीदवार को पीसीबी का नया अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए, क्योंकि गठबंधन में खेल मंत्रालय उसके पास है। सेठी ने अपने आप को इस रस्साकशी से अलग करते हुए मंगलवार आधी रात के बाद ट्वीट किया, मैं आसिफ जरदारी और शहबाज शरीफ के बीच विवाद का कारण नहीं बनना चाहता। इस तरह की अस्थिरता और अनिश्चितता पीसीबी के लिये अच्छी नहीं है। इन परिस्थितियों में मैं पीसीबी अध्यक्ष पद का उम्मीदवार नहीं हूं। सभी हितधारकों को शुभकामनाएं।

पूर्व पीसीबी अध्यक्ष जका अशरफ को पीपीपी का समर्थन प्राप्त है और वह प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त दो उम्मीदवारों में से एक हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सेठी पिछले दिसंबर रमीज राजा की जगह पीसीबी के अध्यक्ष बने थे। शरीफ सरकार ने उन्हें 2014 के संविधान के तहत खेल के घरेलू ढांचे को बहाल करने के लिये 120 दिन का समय दिया गया था, जबकि 2019 के पीसीबी संविधान को रद्द कर दिया गया था।

## भारत अंडर-17 महिला टीम का तैयारी शिविर 7 जुलाई से

नयी दिल्ली, 20 जून। इस साल सितंबर में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के दूसरे दौर के लिये 33 सदस्यीय भारतीय फुटबॉल टीम अपना तैयारी शिविर सात जुलाई से इंदौर में शुरू करेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कोच प्रिया पीवी की अगुवाई में भारतीय टीम अप्रैल में किर्गिज़ गणराज्य में क्वालीफायर के पहले दौर में ग्रुप एफ में शीर्ष स्थान पर रही थी। भारतीय लड़कियों ने मेजबान टीम को 1-0 और म्यांमार को 2-1 से हराकर दूसरे दौर के लिये क्वालीफाई किया। भारत को टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ग्रुप-ए में कोरिया गणराज्य, थाईलैंड और ईरान के साथ रखा गया है। एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने अभी आयोजन स्थल की पुष्टि नहीं की है। क्वालीफायर की शीर्ष दो टीमें इंडोनेशिया में अप्रैल 2024 में होने वाले मुख्य टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी।

**तैयारी शिविर के लिये भारतीय टीम :** अनीशा उरांव, खुशी कुमारी, खंबी चानू सारंगथेम, लिनथोइंगनबी चानू थोंगराम, श्रेया शर्मा, खुशी, हिना खातून, विशिष्ट बारा, थोईबिसाना चानू तोइजाम, अखिला राजन, थोई थोई देवी येंद्रेमबम, आर्य अनिलकुमार, सोनिबिया देवी इरोम, ललिता बोयपाई, मेनका देवी लौरेम्बम, जूही सिंह, बबीता कुमारी, श्वेता रानी, शिलजी शाजी, शिवानी टोप्पो, सिबनी देवी नोंगमेइकापम, सिंडी रेमरुतपुई, कॉलनी, रेमी थोकचोम, पूजा, काजल कुमारी, सुलंजना राउल, निशिमा कुमारी, शौलीना डांग, सरजीदा खातून, मोनिशा सिंह, प्रिया छेत्री, अनीता डुंगडुंग और खुशबू काशीराम सरोज।

## सैफ कप : भारत के विरुद्ध मैच स्थगित करवाना चाहता है पाकिस्तान

पोर्ट लुइस, 20 जून। पाकिस्तान फुटबॉल टीम ने दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) चैंपियनशिप के लिये समय से बेंगलुरु न पहुंच पाने के कारण भारत के खिलाफ बुधवार को होने वाले मैच को स्थगित करने के लिये आवेदन किया है।

जियो टीवी की ओर से मंगलवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ (पीएफएफ) ने वीज़ा में देरी और उड़ान में व्यवधान के कारण मैच को पुनर्निर्धारित करने के लिये ईमेल के माध्यम से सैफ से अनुरोध किया है। सूत्रों के अनुसार, पीएफएफ के अनुरोध पर, सैफ सभी टीमों और वाणिज्यिक भागीदारों के परामर्श से निर्णय लेगा। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान फुटबॉल टीम अभी मॉरीशस में है, जहां वह चार टीमों का मैत्री टूर्नामेंट खेलने गयी थी।

पाकिस्तान को रविवार को बेंगलुरु पहुंचना था, लेकिन समय से वीज़ा न मिलने के कारण टीम मॉरीशस में ही फंसी रह गयी। पीएफएफ ने सोमवार शाम को यहां भारतीय दूतावास से वीज़ा हासिल किये, जिसके कारण पाकिस्तान टीम बुधवार सुबह से पहले बेंगलुरु नहीं पहुंच सकेगी।

### जावेद मियांदाद ने फिर दिया भारत विरोधी बयान

## कहा- पाक वर्ल्ड कप खेलने भारत न जाए, पहले भारतीय टीम पाक आए

नई दिल्ली, 20 जून। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद ने एशिया कप को लेकर पर हमला किया। मियांदाद ने कहा - अगर भारत एशिया कप खेलने पाकिस्तान नहीं आ सकता तो पाकिस्तान को भी वर्ल्ड कप खेलने के लिए नहीं जाना चाहिए। अगर भारत चाहता है कि पाकिस्तान वर्ल्ड कप के लिए आए, तो उसे पहले पाकिस्तान का दौरा करना चाहिए। इसी आधार पर पाकिस्तान को वर्ल्ड कप खेलने पर निर्णय लेना चाहिए।

मियांदाद ने आगे कहा - पाकिस्तान 2012 और 2016 में भारत आया था, लेकिन भारत 2008 के बाद से पाकिस्तान नहीं आया। अगर मुझे फैसला करना होता तो मैं कभी भी कोई मैच खेलने भारत नहीं जाता, यहां तक कि वर्ल्ड कप में भी नहीं। एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 के मैच पाकिस्तान और श्रीलंका में हाइब्रिड मॉडल में खेले जाएंगे। पाकिस्तान में टूर्नामेंट के सिर्फ 4 मैच होंगे। बाकी 9 मुकाबले श्रीलंका में होंगे। शुरुआती ग्रुप स्टेज के चार मैच पाकिस्तान में होंगे। इनमें एक ग्रुप से पाकिस्तान नेपाल मैच और दूसरे ग्रुप से अफगानिस्तान बांग्लादेश, अफगानिस्तान श्रीलंका और बांग्लादेश श्रीलंका मैच शामिल हैं। यानी पाकिस्तान में भारत का एक भी मैच नहीं होगा। फाइनल भी श्रीलंका में ही खेला जाएगा।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के कैलेंडर में 2023 में होने वाले एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को दी गई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने कैलेंडर जारी होते ही यह साफ कर दिया था कि टीम इंडिया खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी। ने एशिया कप किसी न्यूट्रल वेन्यू पर कराने को कहा था, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड नहीं माना।

हालांकि, पाकिस्तान ने टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल पर कराने का प्रस्ताव भी दिया था। हाइब्रिड मॉडल के मुताबिक, भारत के मैच पाकिस्तान के अलावा किसी और देश में करा दिए जाएंगे। टूर्नामेंट के बाकी मैच पाकिस्तान में होंगे।

## हिमाचल में एडवेंचर स्पोर्ट्स तकनीकी टीम को मिली हरी झंडी, पर्यटन को लगेंगे पंख

शिमला, 20 जून। हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा जिले के बीड़-बिलिंग में सैलानी जल्द ही बंजी जंपिंग का भी लुत्फ उठा सकेंगे। यहां बंजी जंपिंग शुरू करने के लिए एडवेंचर स्पोर्ट्स की तकनीकी टीम से हरी झंडी मिल चुकी है। अब पर्यटन निदेशालय इसको लेकर समीक्षा करेगा। कांगड़ा के पर्यटन अधिकारी विनय धीमान ने मंगलवार को यह जानकारी दी। धीमान ने कहा कि बीड़ बिलिंग में बंजी जंपिग साहसिक गतिविधियों को लेकर एडवेंचर स्पोर्ट्स अधिनियम के तहत पंजीकरण के लिए आवेदन किया गया था। इसके बाद विशेषज्ञों के समूह ने चिह्नित स्थल का दौरा कर स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा बीड़-बिलिंग के सलावक में सस्पेंशन ब्रिज बंजी-जंपिंग शुरू करने के लिए हिमाचल एडवेंचर स्पोर्ट्स अधिनियम के तहत पंजीकरण के लिए आवेदन किया गया था। आवेदन के बाद एडवेंचर स्पोर्ट्स की तकनीकी टीम ने सलावक का निरीक्षण कर इसे बंजी-जंपिंग के लिए उपयुक्त करार दिया और स्वीकृति दे दी। अब पर्यटन निदेशालय की ओर से चिह्नित स्थान की समीक्षा की जाएगी।

# वनर्ड वर्ल्डकप क्वालीफायर में ओमान ने किया उलटफेर

## आयरलैंड को 5 विकेट से हराया

ओमान, 20 जून। वनडे वर्ल्ड कप के क्वालिफायर में ओमान ने उलट फेर करते हुए आयरलैंड को 5 विकेट से हराया। आयरलैंड पाकिस्तान और इंग्लैंड जैसी टीमों को हरा चुकी है। वहीं एक अन्य मुकाबले में श्रीलंका ने को 175 रन से हराया।

वनडे वर्ल्ड कप अक्टूबर-नवंबर में भारत में खेला जाना है। इसमें 10 टीमें भाग लेंगी। आठ टीमों का फैसला रैंकिंग के आधार पर हो चुका है। दो अन्य टीमों का फैसला क्वालिफायर मुकाबले से हो रहे हैं। क्वालिफायर मुकाबले में वेस्टइंडीज और श्रीलंका सहित 10 टीमें भाग ले रही हैं।

जिम्बाब्वे में खेले जा रहे क्वालिफायर टूर्नामेंट में टॉप दो पर रहने वाली टीमें वर्ल्ड कप में भाग लेंगी। सोमवार को खेले गए मैच में ओमान ने आयरलैंड को हराकर लीग का अपना पहला मैच जीत लिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड की टीम ने 7 विकेट पर 281 रन का स्कोर खड़ा किया था। जिसे ओमान की टीम ने 48.1 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।



आयरलैंड की ओर से जॉर्ज डॉकरेल ने नाबाद 91 रन की पारी खेली, जबकि हैरी टेक्टर ने 52 रन बनाए। इन दोनों के अलावा आयरलैंड का और कोई बल्लेबाज ज्यादा कुछ नहीं कर पाया। वहीं ओमान की तरफ से बिलाल खान और फैयाद बट ने 2-2 विकेट लिए। 282 रन का टारगेट का पीछा करने उतरी ओमान की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। पर बैटर कश्यप प्रजापति और अकिब इल्यास ने पारी को संभाला। दोनों के बीच 92 रन की साझेदारी हुई। प्रजापति ने 72 रन और इल्यास ने 52 रन बनाए। वहीं टीम के कप्तान जिशान मसूद ने 59 रन बनाकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। इनके आलवा मोहम्मद नदीम ने 46 रन की नाबाद पारी खेली। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने 6 विकेट के नुकसान पर 355 रन बनाए। कुसल मेंडिस ने सबसे ज्यादा 78 रन बनाए। सदीरा समरविक्रमा श्रीलंकर के दूसरे टॉप स्कोरर रहे।

# विराट कोहली की नेटवर्थ 1000 करोड़ के पार

## इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट से कमाई 8.9 करोड़, सालाना कॉन्ट्रैक्ट मिलते है 7 करोड़

नई दिल्ली, 20 जून। टीम इंडिया के स्टार बैटर विराट कोहली की नेटवर्थ 1000 करोड़ रुपए के पार पहुंच गई है। 34 साल के कोहली की नेटवर्थ को लेकर यह खुलासा स्टॉक ग्रो कंपनी ने किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इंस्टाग्राम पर 253 मिलियन (25 करोड़ 30 लाख) फॉलोअर्स वाले कोहली की नेटवर्थ 1050 करोड़ रुपए हो गई है।



पूर्व भारतीय कप्तान कोहली को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अपनी कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में कैटेगरी में जगह दी है। कोहली को से सालाना 7 करोड़ रुपए कॉन्ट्रैक्ट के तहत मिलते हैं। इसके अलावा उन्हें एक टेस्ट के लिए 15 लाख, एक वनडे के लिए छह लाख और एक टी-20 मैच खेलने के लिए तीन लाख रुपए देता है। कोहली इंडियन प्रीमियर लीग टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम का हिस्सा हैं। उन्हें सालाना 15 करोड़ रुपए भुगतान करता है। कोहली का मुंबई और गुरुग्राम में घर हैं। मुंबई वाले घर की कीमत 34 करोड़ और गुरुग्राम वाले घर की कीमत 80 करोड़ रुपए है। कोहली के पास 31 करोड़ की लग्जरी कारों का कलेक्शन है।

सोशल मीडिया की बात करें तो इंस्टाग्राम पर कोहली एक पोस्ट के लिए 8.9 करोड़ रुपए चार्ज करते हैं। वहीं, ट्विटर पर वे प्रति पोस्ट 2.5 करोड़ रुपए लेते हैं। कोहली के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 25 करोड़ से ज्यादा (253 मिलियन) फॉलोअर्स हैं। वे इंस्टाग्राम अकाउंट पर इतने ज्यादा फॉलोअर्स वाले पहले एशियाई भी हैं। कोहली ब्रांड एंडोर्समेंट से सालाना करोड़ों रुपए कमाते हैं। कोहली जितनी कमाई क्रिकेट से करते हैं, उससे चार गुना ज्यादा ऐड, ब्रांड एंडोर्समेंट और स्टार्टअप्स से कर रहे हैं। उन्होंने सात स्टार्टअप में निवेश किया है, जिसमें ब्लू ट्राइब, यूनिवर्सल स्पोर्ट्सबिज, एमपीएल और स्पोर्ट्स कॉन्वो शामिल हैं। वे 18 से अधिक ब्रांड्स का विज्ञापन करते हैं।

## टी विशाल ने स्पेशल ओलंपिक में जीता भारत का पहला पदक

बर्लिन, 20 जून। पुडुचेरी के टी विशाल ने 2023 स्पेशल ओलंपिक विश्व खेलों में पावरलिफ्टिंग में रजत जीतकर पदक तालिका में भारत का खाता खोल दिया है। इस 16 वर्षीय भारोत्तोलक ने सोमवार को पुरुषों की स्क्वाट प्रतियोगिता (122.50 किग्रा), डेडलिफ्ट प्रतियोगिता (155 किग्रा), बेंच प्रेस (85 किग्रा) और संयुक्त प्रतियोगिता में रजत जीतकर प्रतियोगिता में भारत को पहला पदक दिलाया। अपने माता-पिता द्वारा खेलकूद में भाग लेने के लिये प्रोत्साहित किये जाने पर विशाल ने पैरालिंपिक खेलों को देखकर एथलीट बनने का फैसला किया था। उन्होंने तुरंत अपने माता-पिता से एक कोच खोजने के लिये कहा जो उन्हें तकनीक और खेल की अनिवार्यता सिखा सके। विशाल के पिता को जब स्पेशल ओलंपिक भारत के बारे में पता चला तो उन्होंने कोच और स्पेशल ओलंपिक भारत की स्थानीय निदेशक से बात करके उन्हें संस्था में भर्ती करवाना चाहा। विशाल की मां हालांकि यह स्वीकार करने के लिये तैयार नहीं थीं कि उनका बेटा एक विशेष एथलीट है। एसओ भरत पुडुचेरी क्षेत्र निदेशक चित्रा शाह बताती हैं, अभी भी, जब हम विशाल के प्रदर्शन पर चर्चा करते हैं या उसकी विशेष आवश्यकताओं के बारे में बात करते हैं तो अक्सर उसकी मां प्रतिरोध की भावना दिखाती हैं। हमने उन्हें न केवल विशाल की विशेष जरूरतों को स्वीकार करने के लिये प्रेरित किया, बल्कि विशाल को हमारे कार्यक्रम के भीतर आकर खेल का आनंद लेने के लिये कहा। इससे उसे अपने साथियों के समूह के साथ प्रदर्शन करते हुए खेलों में बेहतर होने में मदद मिलेगी, साथ ही उसे समाज का हिस्सा बनने में भी मदद मिलेगी।'' चित्रा का कहना है कि खेलों में हिस्सा लेने से वह समाज से बेहतर तरीके से जुड़ पा रहे हैं। विशाल के रजत पदक जीतने की खबर फोन पर सुनकर उनकी मां भी खुशी और गर्व से भर गयीं।

## सैफ कप : पाक से भिड़ने को तैयार स्टिमाच के सूरमा

बेंगलुरु, 20 जून। इंटरकॉन्टिनेंटल कप के फाइनल में लेबनान को हराकर खिताब हासिल करने के महज़ तीन दिन बाद भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम बुधवार को शाम 7:30 बजे ग्रुप-ए में पाकिस्तान के खिलाफ अपने सैफ चैंपियनशिप 2023 अभियान की शुरुआत करेगी। ग्रुप-ए की अन्य दो टीमें, नेपाल और कुवैत टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे भिड़ेंगी। लेबनान, बंगलादेश, मालदीव और भूटान से सजे ग्रुप-बी के मुकाबले 22 जून से शुरू होंगे।

रिकॉर्ड आठ बार की चैंपियन भारतीय टीम 2021 में मालदीव में जीते गये खिताब का बचाव करने के लिये मैदान पर उतरेगी। सैफ चैंपियनशिप चौथी बार भारत में आयोजित की जा रही है। भारत ने इससे पहले बतौर मेजबान (1999, 2011 और 2015) तीनों बार खिताब जीता है।

कुवैत और लेबनान के रूप में अतिथि टीमों के जुड़ने के साथ सैफ चैंपियनशिप 2013 के बाद पहली बार आठ टीमों का आयोजन होने जा रहा है। ब्लू टाइगर्स के मुख्य कोच इगोर स्टिमाच ने दोनों पश्चिम एशियाई मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया। स्टिमाच ने टूर्नामेंट की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा, मुझे उम्मीद है कि कुवैत और लेबनान इस खूबसूरत शहर बेंगलुरु में हर मायने में स्वागत महसूस करेंगे। यह सैफ चैंपियनशिप बहुत प्रतिस्पर्धी होने जा रही है। हमारा ग्रुप (पाकिस्तान, नेपाल और कुवैत) खास है, और हर खेल अलग होगा। दर्शक अच्छे फुटबॉल का लुत्फ उठाएंगे। हम ढेर सारे गोलों की उम्मीद करते हैं।

भारत ने रविवार शाम इंटरकॉन्टिनेंटल कप फाइनल में लेबनान पर 2-0 से जीत दर्ज की। स्टीमाच ने कहा कि उनकी टीम अपने प्रदर्शन से खुश होने के बावजूद उस जीत से आगे बढ़ चुकी है और आगामी मैचों पर ध्यान दे रही है।

स्टिमाच ने कहा, इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीतने के बाद शिविर में माहौल शानदार है। हमने ओडिशा में हर पल का आनंद लिया और अपने प्रदर्शन से खुश हैं, लेकिन हमारा अगला लक्ष्य इस प्रदर्शन को दोहराना है, जो मुश्किल है। लेबनान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन से गुमराह न हों, क्योंकि हर दिन एक नयी चुनौती है। निरंतरता बनाये रखना हमारे लिये बहुत महत्वपूर्ण है। भुवनेश्वर की गर्मी और उमस से बेंगलुरू की बारिश और ठंडक की ओर बढ़ना स्टिमाच के लिये एक स्वागत योग्य बदलाव है। उन्होंने कहा, यहां सब कुछ अलग होने जा रहा है।

नया टूर्नामेंट, नया दृष्टिकोण, नयी टीमें, नयी परिस्थितियां। फुटबॉल खेलने के लिये यह सुंदर मौसम है। स्टिमाच ने कहा, जाहिर है, हम प्रत्येक खेल को अलग से देखेंगे। हम अपने विरोधियों की ताकत और कमजोरियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं, इसलिए हम इस पर काम करेंगे। पाकिस्तान टीम सैफ चैंपियनशिप के लिये भारत आने से पहले मॉरीशस में थी, जहां उसने मेज़बान मॉरीशस, कीन्या और ड्जिबूटी के विरुद्ध मैत्री टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। पाकिस्तान भले ही उस टूर्नामेंट में अपने तीनों मैच हार गया, लेकिन स्टिमाच 195वीं रैंक वाली टीम को हल्के में नहीं लेना चाहते।

स्टिमाच ने कहा, यहां रैंकिंग की बात करना ज़रूरी नहीं। पाकिस्तान की रैंकिंग कीन्या से अच्छी थी (लेकिन कीन्या ने 1-0 से जीत हासिल की)। उनके (पाकिस्तान) के पास कुछ खूबियां हैं जिनकी आपको तारीफ करनी होगी। भारत और पाकिस्तान जब सैफ चैंपियनशिप 2018 में आखिरी बार भिड़े थे, तब ब्लू टाइगर्स ने मनवीर सिंह (दो) और सुमीत पासी के गोलों की बदौलत 3-1 से जीत दर्ज की थी।

# पीसीबी अध्यक्ष बनने के एक कदम करीब पहुंचे अशरफ

लाहौर, 20 जून। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष ज़का अशरफ़ प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ द्वारा बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के लिये चुने जाने के बाद एक बार फिर पीसीबी अध्यक्ष बनने की कगार पर हैं। प्रधानमंत्री शरीफ़ ने अशरफ़ और सुप्रीम कोर्ट के वकील मुस्तफ़ा रामडे के नाम पीसीबी बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के लिये प्रस्तावित किये हैं।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अंतरिम अध्यक्ष नजम सेठी दूसरे कार्यकाल के लिये अपनी दावेदारी पेश नहीं करेंगे। शहबाज़ सरकार के सहयोगी दल पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के समर्थन के कारण अशरफ़ पीसीबी के नये अध्यक्ष बनने के प्रबल दावेदार हैं।

पिछले दिसंबर में प्रधानमंत्री शरीफ द्वारा नियुक्त अंतरिम प्रबंधन समिति का नेतृत्व करने के बाद सेठी पीसीबी अध्यक्ष के रूप में बने रहने के प्रबल दावेदार थे। अंतरिम समिति का कार्यकाल बुधवार को समाप्त होने वाला है।

प्रधानमंत्री पाकिस्तान में क्रिकेट बोर्ड के संरक्षक हैं और पीसीबी बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में अध्यक्ष सहित दो सदस्यों की सीधी नियुक्ति करते हैं। शरीफ सरकार इस समय आसिफ अली जरदारी की अध्यक्षता वाली पीपीपी के सहयोग से चल रही है। हाल के हफ्तों में पीपीपी ने मांग की है कि उसके उम्मीदवार को पीसीबी का नया अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए, क्योंकि गठबंधन में खेल मंत्रालय उसके पास है।

सेठी ने अपने आप को इस रस्साकशी से अलग करते हुए मंगलवार आधी रात के बाद ट्वीट किया, मैं आसिफ जरदारी और शहबाज शरीफ के बीच विवाद का कारण नहीं बनना चाहता। इस तरह की अस्थिरता और अनिश्चितता पीसीबी के लिये अच्छी नहीं है। इन परिस्थितियों में मैं पीसीबी अध्यक्ष पद का उम्मीदवार नहीं हूं। सभी हितधारकों को शुभकामनाएं।

अशरफ ने नौ साल बाद पीसीबी में वापसी की है। इससे पहले 2013 और 2014 में भी अशरफ और सेठी के बीच शीर्ष पद के लिये रस्साकशी देखने को मिली थी। उस समय यह जोड़ी अध्यक्ष पद के लिये लंबी कानूनी लड़ाई में शामिल थी। अंततः, पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने आखिरकार अशरफ को बाहर कर सेठी को यह पद सौंपा था। सेठी को हालांकि गहन मध्यस्थता के बाद अशरफ के लिये पद छोड़ने के लिये मजबूर होना पड़ा था। उल्लेखनीय है कि सेठी पिछले दिसंबर रमीज राजा की जगह पीसीबी के अध्यक्ष बने थे। शरीफ सरकार ने उन्हें 2014 के संविधान के तहत खेल के घरेलू ढांचे को बहाल करने के लिये 120 दिन का समय दिया गया था, जबकि 2019 के पीसीबी संविधान को रद्द कर दिया गया था।

सेठी ने बतौर अध्यक्ष पीसीबी में कुछ बड़े फैसले भी लिये, जिसमें मिकी आर्थर को क्रिकेट निदेशक नियुक्त करना और ग्रांट ब्रैडबर्न को मुख्य कोच बनाना शामिल है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्ने मोर्कल को पिछले हफ्ते छह महीने की अवधि के लिये पुरुष टीम का गेंदबाजी कोच भी नियुक्त किया गया है।

भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप को लेकर चल रही तनातनी को खत्म करने के लिये हाइब्रिड मॉडल का प्रस्ताव भी सेठी ने ही रखा था। इस स्वीकृत मॉडल के तहत, एशिया कप के चार मैच पाकिस्तान में आयोजित होंगे, जबकि भारत के मुकाबलों सहित अन्य नौ मैचों की मेज़बानी श्रीलंका करेगा।


## तीये की बैठक



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी

**श्री रामगोपाल जी अजमेरा**

(सैनी) का देवलोकगमन दिनांक 19.06.2023 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक 21.06.2023 बुधवार सायंकाल 5 से 6 बजे तक शिव मंदिर (सैनी समाज) मधुबन कॉलोनी जयपुर रखी गई है।

**शोकाकुल-** मोहरी देवी (धर्मपत्नी) दोलतराम (भाई) कैलाश, कमल, प्रकाश, अविनाश (पुत्र), सत्यनारायण, रमेश (भतीजे) रोहित, राहुल, बॉबी, प्रांजुल, (पौत्र) प्रज्ञान, प्रखर (प्रपोत्र) एवम समस्त अजमेरा परिवार।

9461802315, 9314619538, 9828249498



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय माताजी

**श्रीमती कमला देवी गोठवाल**

धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री दौलतराम गोठवाल दर्जी का स्वर्गवास 19.06.2023 को हो गया है तीये की बैठक 21.06.2023 को सायंकाल 5:00 से 6:00 बजे मंदिर नामदेव जी का, तीसरा चौराहा, गोविंदरायजी का रास्ता, चांदपोल बाजार, जयपुर पर होगी।

**शोकाकुल-** गिरधारी (देवर), ताराचंद, भंवरलाल, सत्यनारायण, धर्मेंद्र, श्री गोपाल, मोहित (पुत्र) एवं समस्त गोठवाल परिवार। आशा देवी- मुन्नालाल, इंदिरा देवी- सुरेंद्र कुमार, पुष्पा देवी- राजकुमार, सीता देवी- बनवारीलाल (पुत्री- दामाद), महेश, आशीष, विष्णु, नवीन, अनुज (दोहिते)



*चक्रवाती तूफान ''बिपरजॉय'' का असर राजधानी जयपुर में मंगलवार को सबसे ज्यादा दिखा। अलसुबह से देर शाम तक कभी हल्की तो कभी तेज बारिश का दौर चलता रहा। अजमेर रोड पर कमला नेहरू नगर और उसके आसपास के क्षेत्र में तेज बारिश के कारण मुख्य सड़क दरिया बन गई। जलभराव के कारण यहां से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानियां उठानी पड़ीं। सबसे ज्यादा तकलीफ दुपहिया वाहन चालक और पैदल राहगीरों को हुई। हालांकि, सुबह से ही शहर के आसमान पर काली घनघोर घटाएं छाई हुई थीं, लेकिन शाम होते-होते तो शहर के लगभग हर इलाके में तेज बारिश शुरू हो गई और रूक-रूक कर देर रात तक पानी बरसता रहा। ऊपर दिया गया फोटो अजमेर रोड कमला नेहरु नगर का है।*

# राष्ट्रपति के बेटे हंटर बाइडन इनकम टैक्स चोरी के दोषी करार दिये गये

## अमेरिका की जिला अदालत ने हंटर बाइडन को ड्रग्स लेने का आदी मानते हुये उन्हें अवैध हथियार रखने का भी दोषी करार दिया है

वॉशिंगटन, 20 जून। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को करारा झटका लगा है। उनके बेटे हंटर बाइडन को संघीय आयकर (इनकम टैक्स) का भुगतान न करने, अवैध रूप से हथियार रखने के मामले में दोषी करार दिया गया है। अमेरिका के डेलावेयर की एक जिला अदालत में दायर आरोप पत्र में राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे हंटर पर संघीय आयकर का भुगतान करने में विफल रहने और अवैध रूप से हथियार रखने का आरोप लगाया गया है, हालांकि उन्होंने न्याय विभाग के साथ एक समझौता कर लिया है।

मंगलवार को सार्वजनिक किए गए समझौते के हिस्से के रूप में हंटर बाइडन कर अपराधों के लिए गुनाह कबूलेंगे और मादक द्रव्य के उपयोगकर्ता के रूप में अवैध रूप से आग्नेयास्त्र रखने के आरोप में उनके (हंटर के) अभियोजक के साथ एक

- **हालांकि, इस मामले में हंटर बाइडन को किसी प्रकार की कानूनी सजा मिलने की संभावना बहुत कम है क्योंकि, उन्होंने अमेरिकी न्याय विभाग के साथ एक समझौता कर लिया है। संभव है कि, अमेरिकी न्याय विभाग हंटर बाइडन पर इस मामले में भारी अर्थदण्ड लगायेगा।**
- **हंटर बाइडन ने स्वीकार किया है कि, वे 2015 में अपने भाई ब्यू बाइडन की मौत के बाद नशे की लत में पड़ गये थे।**

समझौते पर पहुंचने की उम्मीद है। अदालत में आरोप पत्र दायर करते समय किसी संघीय अपराध मामले का समाधान किया जाना कुछ असामान्य है, हालांकि यह पूरी तरह से अनसुना नहीं है। यह समझौता बाइडन के दूसरे बेटे की न्याय विभाग द्वारा लंबे समय से की जा रही जांच को समाप्त करेगा। हंटर ने 2015 में अपने भाई ब्यू बाइडन की मौत के बाद नशे की लत से जूझना स्वीकार किया है। यह समझौता एक ऐसे मुकदमे को भी टालता है, जो दिनों या हफ्तों तक व्हाइट हाउस के लिए परेशानी पैदा करने वाली सुर्खियाँ बनाता। व्हाइट हाउस ने हालांकि न्याय विभाग से अपनी दूरी बनाए रखने की कोशिश की है।

गौरतलब है कि, हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन पर एक विदेशी गैस कंपनी के सी.ई.ओ. से अरबों रुपये की रकम रिश्वत के तौर पर लेने के भी आरोप लगे हैं। बाइडन पर आरोप है कि, उन्होंने अमेरिका में काम करने के लिए ब्लैकलिस्टेड कंपनी को आरोपों से क्लीनचिट दिलाने की एवज में मोटी रकम रिश्वत के तौर पर ली थी। इस सब आरोपों के बाद माना जा रहा है कि, इन आरोपों के कारण राष्ट्रपति बाइडन को आगामी राष्ट्रपति चुनावों में भारी हानि उठानी पड़ सकती है।

# हिंदू कुश-हिमालय पर्वत के ग्लेशियर 65 प्रतिशत अधिक तेजी से पिघल रहे हैं

काठमांडू, 20 जून (वार्ता)। हिंदू कुश हिमालय के ग्लेशियर पिछले दशक की तुलना में 2011-2020 में 65 प्रतिशत तेजी से पिघल रहा हैं और जलवायु परिवर्तन ने इस क्षेत्र के ग्लेशियरों, बर्फ और पर्माफ्रॉस्ट (स्थायी तुषार भूमि) में बदलाव अभूतपूर्व और बड़े पैमाने पर अपरिवर्तनीय हैं।' एक प्रमुख पर्वतीय संस्थान ने मंगलवार को जारी अध्ययन में यह बात कही हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, वॉटर, आइस, सोसायटी, एंड इकोसिस्टम्स इन द हिंदू कुश हिमालय का प्रकाशन इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आई.सी.आई.एम.ओ.डी.) द्वारा किया गया था जो कि नेपाल के काठमांडू में स्थित एक आठ-राष्ट्र का निकाय है।

अध्ययन के अनुसार, हिंदू कुश हिमालय में ग्लेशियर मौजूदा उत्सर्जन प्रक्षेपवक्र के मुताबिक सदी के अंत तक अपनी वर्तमान क्षमता का 80 प्रतिशत पिघल सकता हैं, जबकि बर्फ का आवरण एक चौथाई तक कम होने का अनुमान है, इस प्रकार ताजा पानी की प्रमुख नदियों में जल स्तर काफी कम हो सकता है।

- **एक इंटरनैशनल सर्वे एजेंसी के अनुसार, आने वाली एक सदी में हिमालय पर्वत के 80 प्रतिशत पिघल जाने की संभावना है।**
- **अगर यह सर्वे सत्य साबित हुआ तो, इसका दुष्परिणाम यह होगा कि, हिमालय पर्वत से निकलने वाली नदियां, गंगा एवं घाघरा आदि विलुप्त हो जायेंगी।**
- **यह अध्ययन इंटरनैशनल सैंटर फोर इंटीग्रेटेड माउंटेन डवलपमैंट आई.सी.आई.एम.ओ.डी.) द्वारा किया गया था जो कि, नेपाल के काठमांडू में स्थित एक आठ-राष्ट्रों का निकाय है। यह अध्ययन ''वॉटर, आइस, सोसायटी, एंड ईकोसिस्टम्स इन द हिंदू कुश हिमालय'' के नाम से प्रकाशित हुआ है।**

इसके परिणामस्वरूप क्षेत्र में पानी की उपलब्धता सदी के मध्य में चरम पर होने के आसार है। अध्ययन से पता चला है कि पर्माफ्रॉस्ट की सीमा कम हो रही है, जिससे अधिक भूस्खलन और ऊंचाई पर बुनियादी ढांचे के लिए दिक्कतें उत्पन्न होंगी।

आई.सी.आई.एम.ओ.डी. की उप महानिदेशक इजाबेला कोजील ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, हिंदू कुश हिमालय के ग्लेशियर पृथ्वी प्रणाली का एक प्रमुख घटक हैं।

कोजील ने कहा, एशिया में दो अरब लोग पानी के लिए इस ग्लेशियर और बर्फ पर निर्भर हैं। आपदा को रोकने के लिए हम नेताओं को अब कार्य करने की आवश्यकता है।

## इस साल कोई...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

से पूर्व लोकसभा भंग कर दी जाती है, तो बात अलग है। सोलह जून 2023 के बाद, यानी 17वीं लोकसभा के कार्यकाल के चार वर्ष पूरे होने के बाद, यदि लोकसभा की कोई सीट, संबंधित संसद की मृत्यु, इस्तीफा या अयोग्य ठहराए जाने के कारण खाली होती है, तो भारत का चुनाव आयोग ऐसी खाली सीट के लिए, उपरोक्त तिथि, 17 जून 2023 को या उसके बाद कोई उपचुनाव नहीं करवाएगा, क्योंकि ऐसी सीट पर चुने गए सांसद का कार्यकाल एक वर्ष से कम होगा। तथापि, जहाँ तक, 16 जून 2023 की कट ऑफ डेट से पहले घोषित 5 खाली सीटों का सवाल है, कम से कम 3 सीटों, जो सिटिंग एम.पी. की मृत्यु के कारण खाली हुई, के लिए आने वाले कुछ महीनों में चुनाव करवाने होंगे।

## अदालतों में...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

भारत में लम्बित केसों की भयावह तस्वीर पेश की। डेटा में पता लगा कि जिला स्तर की एवं निचली अदालतों में 4,38,345 केस लम्बित हैं और सुप्रीम कोर्ट में 68,745 केस विचाराधीन हैं। जून में यह संख्या बढ़कर 1,2,023 हो गई है। जिला एवं निचली अदालतों में लम्बित मुकदमों में से 1.09 करोड़ (1,09,86,689) सिविल केस है 3.28 करोड़ (3,28,93656) क्रिमिनल केस हैं।

भारत के 25 हाई कोर्ट्स में 60.5 लाख केस लम्बित हैं इनमें से 43.7 लाख क्रिमिनल केस है जो अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। इस प्रकार एक हाई कोर्ट के समक्ष औसतन 2,43,636 केस लम्बित है।

## प. बंगाल ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

दखलंदाजी नहीं है। हम हाई कोर्ट के निर्देश में दखल नहीं देंगे। अपील खारिज।''

सुप्रीम कोर्ट में प. बंगाल सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग की कलकत्ता हाई कोर्ट के दो आदेशों के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई हो रही थी। उनकी मुख्य शिकायत आगामी पंचायत चुनाव में संवेदनशील सीटों पर तुरंत प्रभाव से केन्द्रीय सुरक्षा बल तैनात करने के आदेश के खिलाफ थी। हाई कोर्ट ने 15 जून को प. बंगाल राज्य चुनाव आयोग को इस संबंध में कदम पीछे हटाने के लिए लताड़ा था।

# बारिश के कारण सावन से पहले ही राजस्थान के 67 बांध लबालब हुये

## मौसम विभाग के अनुसार बीते चार दिनों में 66 से अधिक केंद्रों पर 100 एम.एम. से अधिक बारिश दर्ज की गई है

जयपुर, 20 जून। सायक्लोन बिपरजॉय के कारण बारिश ने राजस्थान में कई रिकॉर्ड भी तोड़ दिए। पिछले चार दिनों में सायक्लोन बिपारजॉय के चलते हुई भारी बारिश ने राजस्थान के 67 बांधों को लबालब भर दिया है, ऐसी स्थिति शायद पहले कभी नहीं देखी गई। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चक्रवात के चलते पिछले चार दिनों में राज्य को 660 मैगा क्यूसेक मीटर (एम.सी.एम.) से अधिक पानी मिला। राज्य के बांधों में 15 जून को 5384.38 एम.सी.एम. पानी था, जो 19 जून की शाम तक 6045 एम.सी.एम. से अधिक हो गया है।

जल संसाधन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि 66 से अधिक केंद्रों पर 100 मि.मी. से अधिक बारिश दर्ज की गई। अधिकारी ने कहा, पिछले चार दिनों में हुई भारी बारिश के चलते सात जिलों अजमेर, जालोर, पाली, सिरोही, राजसमंद, उदयपुर और टोंक के लगभग 67 छोटे और बड़े बांध अपनी क्षमता से अधिक भर गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल की तुलना में इस साल लगभग 14 अधिक बारिश हुई है। बीते साल 19 जून, 2022 को 4341 एम.सी.एम. पानी था, जो 19 जून, 2023 को 6045 एम.सी.एम. रहा। मुख्य अभियंता भुवन भास्कर ने कहा, चक्रवात के प्रभाव के चलते बांध भर गए हैं, इससे पहले ऐसा कभी नही हुआ है। पहले भी कई तूफान आए थे लेकिन ऐसी बारिश और पानी का बहाव देखने को नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि इस तरह की स्तिथि राज्य के लिए वरदान है और पीने के पानी की जरूरतों का ख्याल रखेगी। हालांकि, एक चुनौती भी है क्योंकि बारिश से सांचौर में नर्मदा नहर के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

- **राज्य के बांधों में 15 जून को 5384.38 मिलियन क्यूबिक मीटर (एम.सी.एम.) पानी था, जो 19 जून की शाम तक 6045 एम.सी.एम. से अधिक हो चुका है।**
- **प्रदेश जल संसाधन विभाग के अनुसार, पिछले चार दिनों में हुई भारी बारिश के चलते सात जिलों अजमेर, जालोर, पाली, सिरोही, राजसमंद, उदयपुर और टोंक के लगभग 67 छोटे और बड़े बांध अपनी क्षमता से अधिक भर गए हैं।**
- **राज्य में 24-25 जून से फिर कुछ दिनों तक बारिश का नया दौर शुरु होने की संभावना है।**

# रूस के लिए यूरोपीय संघ की जगह चीन और भारत ने ले ली है

सेंट पीटर्सबर्ग, 20 जून (वार्ता)। रूस के विदेश व्यापार में यूरोपीय संघ की जगह चीन, भारत, तुर्की और अजरबैजान ने ले लिया है, जबकि इस वर्ष चीन के साथ रूस का व्यापार 200 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। यह जानकारी रूसी संघीय सीमा शुल्क सेवा के कार्यवाहक प्रमुख रुस्लान डेविडॉव ने सेंट पीटर्सबर्ग अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मंच (एस.पी.आई.ई.एफ.) के अवसर पर स्पुतनिक के साथ एक साक्षात्कार में दी।

डेविडॉव ने कहा कि चीन का विकास बहुत तीव्र है। मुझे लगता है कि, हमारे देशों के नेताओं ने 200 अरब डॉलर के व्यापार का जो निर्णय लिया है, अगर कोई बाधा उत्पन्न नहीं हुआ तो इस वर्ष इसे प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि भारत, तुर्की और अजरबैजान के साथ भी रूस का व्यापार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन देशों ने पहले ही यूरोप के साथ हमारे व्यापार का स्थान ले लिया है और विश्व का दक्षिणी एवं पूर्वी हिस्सा बहुत तेजी से विकसित हो रहा है।

यूरोस्टैट डेटा के आधार पर आर.आई.ए. नोवोस्ती गणना के अनुसार, 2022 में रूस एवं यूरोपीय संघ के बीच व्यापार कारोबार आठ वर्षों में अधिकतम 258.6 अरब यूरो (282 अरब डॉलर) तक पहुंच गया।

- **रूस के सैंट्रल एक्साइज ड्यूटी के कार्यवाहक प्रमुख ने कहा कि, इस वर्ष चीन के साथ रूस का व्यापार 200 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।**

## 2025 तक ट्रकों...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

के बाद, ड्राइवरों के केबिनों को एयरकन्डीशन्ड बनाने की मेरी तीव्र इच्छा थी। लेकिन कुछ लोगों ने इसका विरोध किया था और कहा था कि ऐसा करने से ट्रकां की कीमत बढ़ जायेगी। आज मैंने उस फाइल पर हस्ताक्षर कर दिये कि सभी ट्रकों में एस.सी. वाले केबिन होंगे।'' वे महिन्द्रा लॉजिस्टिक्स द्वारा आयोजित ''देश चालक-रिकगनाइज दोज़ हू मूव इंडिया'' नामक को संबोधित कर रहे थे।

गडकरी ने कहा कि भारत में ड्राइवरों की कमी है, जिसके कारण उन्हें प्रतिदिन 14-16 घंटे ट्रक चलाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा, ''अन्य देशों में, ट्रक ड्राइवरों की ड्यूटी के घंटों की अधिकतम सीमा की पाबंदी है।''

मंत्री महोदय ने इस काम के लिये किसी अंतिम तिथि का उल्लेख तो नहीं किया कि लोग ट्रकों में ए.सी. लगाये जाने की उम्मीद कब तक कर सकते हैं। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, यह 2025 से शुरु हो जायेगा।

मंत्री लॉजिस्टिक के खर्च में कमी करने के बारे में भी बोले तथा उन्होंने इस बात को दोहराया कि भारत में इसे कम करने की जरुरत है ताकि निर्यात प्रतिस्पर्धा बेहतर हो सके। उन्होंने कहा कि इससे लिये अच्छी क्वालिटी की सड़कें तथा ट्रक बहुत जरूरी हैं।

# कांग्रेस ने नड्डा व अमित मालवीय के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

## कांग्रेस ने शिकायत में कहा है कि, इन नेताओं ने राहुल गांधी का एनिमेटेड वीडियो जारी कर उन पर देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप लगाया है

बेंगलुरू, 20 जून (वार्ता)। कर्नाटक कांग्रेस ने पार्टी नेता राहुल गांधी सहित अन्य नेताओं के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट करने के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और पार्टी के आई.टी. सेल प्रमुख अमित मालवीय के खिलाफ शहर की पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। कांग्रेस ने इसके अलावा चंडीगढ़ भाजपा अध्यक्ष अरुण सूद के खिलाफ गांधी का एक एनिमेटेड वीडियो जारी करने के लिए भी शिकायत दर्ज की गई है, जिसमें दावा किया गया है कि कांग्रेस देश विरोधी गतिविधियों में शामिल है।

कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (के.पी.सी.सी.) के प्रवक्ता रमेश बाबू ने भारतीय दंड संहिता (आई.पी.सी.) की धारा 505 (2), 553 (ए), 120 (बी), 34 के तहत शिकायत दर्ज कराई है।

उन्होंने कहा कि मालवीय ने 17 जून को अपने आधिकारिक अकाउंट से वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें दावा किया गया था कि गांधी भारत के बाहर अपनी यात्राओं पर राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में शामिल होते हैं।

खड़गे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और गांधी देश को तोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने भाजपा द्वारा चलाए जा रहे झूठ की फैक्टरी को बंद करने का फैसला किया है। भाजपा इससे बच सकती, क्योंकि यहां उनकी सरकार थी। तब तथ्य-जांच इकाई बंद हो गई थी। अब तथ्य-जांच इकाई को मजबूत किया जाएगा। मैं (प्रियांग खड़गे) पहले ही मुख्यमंत्री से बात कर चुका हूं।

- **कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रमेश बाबू ने अपनी लिखित शिकायत में कहा है कि, भाजपा नेता अमित मालवीय ने गत 17 जून को अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें दावा किया गया था कि, राहुल गांधी भारत के बाहर अपनी यात्राओं पर राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में शामिल होते हैं।**

# आई.एस.आई. का सुनियोजित प्लान है...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

एक्टिविज़्म इन द यू.एस.'' शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि ये ग्रुप किस तरह से अमेरिका में अपना मजबूत आधार बना रहे हैं। थिंक टैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा था, ''जब तक अमेरिकन सरकार की प्राथमिकताओं में खालिस्तान-संबंधी उग्रवाद और आतंकवाद पर नजर नहीं रहेगी, तब तक उन ग्रुपों को चिन्हित किया जाना संभव नहीं है, जो इस समय भारत के पंजाब में हिंसा फैलाने में लगे हुये हैं या ऐसा करने की तैयारी कर रहे हैं। किसी भी व्यक्ति को कभी-कभार ही वह चीज मिल पाती है, जिसे वह खोज नहीं रहा हो।''

''रॉयटर्स'' की एक रिपोर्ट के अनुसार, इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल (आई.ए.एम.सी.) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करेगा। आई.ए.एम.सी. की वेबसाइट के अनुसार, यह ''अमेरिका में भारतीय मुस्लिमों की हिमायत करने वाला सबसे बड़ा संगठन है।''

''द संडे'' में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, आई.ए.एम.सी. पाकिस्तान का दायाँ हाथ है। यह मानवाधिकार तथा धार्मिक स्वतंत्रता जैसे मामलों को लेकर भारत पर निरन्तर निशाना साधता आ रहा है।

इसके अलावा, खुफिया सूत्रों ने समाचार एजेंसियों को यह भी बताया कि जिन दिनों मोदी अमेरिका में होंगे, वे जिन रास्तों से भी गुजरेंगे, उन रास्तों पर मोदी-विराधी पोस्टर लहराये जाने की भी योजना है। इसके अलावा, जिन लोगों को विरोध-प्रदर्शन का काम सौंपा गया है, उन्हें उनके गन्तव्य तक लाने ले जाने के लिये बसों की व्यवस्था भी कर दी गई है।

आई.एस.आई. ने ऐसे लोग भी काम पर रखे बताये जा रह है, जो मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले ट्विटर पर मोदी-विरोधी सामग्री वायरल करेंगे। ''मोदी का स्वागत नहीं'' तथा ''भारत को हिन्दू-प्रभुत्व एवं प्राधान्य से बचाओ'' जैसे हैशटैग्स भी सृजित किये गये हैं ताकि मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले मोदी-विरोधी तथा भारत-विरोधी भावनाएं भड़कायी जा सकें।

न्यूयॉर्क में 21 जून को ''हाउडी डेमोक्रेसी'' समारोह का भी आयोजन किया जा रहा है तथा इसी दिन प्रधानमंत्री मोदी न्यूयॉर्क पहुँचेंगे तथा संयुक्त राष्ट्र संघ मुख्यालय पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। ''हाउडी डेमोक्रेसी'' के आयोजकों में से एक व्यक्ति के अनुसार, यह आयोजन भारत में ''बढ़ते हुये अन्याय को अधिक उजागर करने के लिये'' किया जा रहा है।

यह प्रधानमंत्री मोदी की छठी किन्तु प्रथम राजकीय यात्रा है तथा यह 2009 के बाद पहला अवसर है, जब किसी भारतीय नेता का इस प्रकार का सम्मान दिया जा रहा है।

उनकी यात्रा से अमेरिका में बड़ी खुशी एवं उत्साह का माहौल है। हजारों उत्साही भारतीय-अमेरिकन 20 अमेरिकन शहरों के अति महत्वपूर्ण स्थानों पर एकत्रित हो रहे हैं तथा एकता यात्राएँ (यूनिटी मार्च) आयोजित कर रहे हैं तथा इस प्रकार से वे मोदी के स्वागत का संदेश दे रहे हैं। बहुत से अमेरिकन नेताओं ने मोदी की वॉशिंगटन यात्रा को लेकर खुशी एवं उत्साह व्यक्त किया है। ज्ञातव्रू है कि ऐसी संभावना भी है कि मोदी दो बड़े रक्षा-सौदों पर हस्ताक्षर करेंगे।

अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने मोदी की अमेरिका यात्रा पर कहा है, (अमेरिका में) अत्यधिक खुशी का माहौल है। आपने गवर्नरों, सीनेट के सदस्यों, स्टेट लैजिस्लेटर्स, इन्डस्ट्री, अकेडेनिया, थिंक-टैक तथा हवाई से लेकर अलास्का तक, अमेरिका के सभी हिस्सों में फैले भारतीय-अमेरिकनों की ओर से मोदी के स्वागत के संदेश एवं बयान देखे ही होंगे। यह यात्रा एक जश्न के साथ ही तात्विक पहलू सम्पन्न होगी तथा दोनों देश एक-दूसरे के पूरक होंगे।''

- **अमेरिका के जाने-माने थिंक टैंक ''हडसन इन्स्टीट्यूट'' ने मोदी की यात्रा के संबंध में प्रकाशित अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि, खालिस्तानी ग्रुप्स की निगरानी जब तक अमेरिका की प्राथमिकता में नहीं होगी, तब तक खालिस्तानी आंदोलनकारी कभी भी हिंसक घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं।**

# पूर्व मुख्यमंत्री बोम्मई हिरासत में लिये गये

बैंगलुरु, 20 जून। कर्नाटक को चावल की आपूर्ति के विषय पर सत्तारूढ़ कांग्रेस और मुख्य विपक्षी भाजपा ने मंगलवार को एक-दूसरे पर निशाना साधा। दोनों ही दलों की ओर से राज्य के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन भी किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत कई भाजपा नेताओं को विरोध प्रदर्शन के दौरान हिरासत में ले लिया गया। भाजपा नेताओं का आरोप है कि सिद्धरमैया सरकार गरीब परिवारों को 10-10 किलोग्राम मुफ्त चावल प्रदान करने में विफल रही है।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने हुबली में कहा, 80 करोड़ देशवासियों को हम 5 किलो मुफ्त चावल दे रहे हैं इसलिए बाकी 60 करोड़ लोगों के लिए संतुलन बनाए रखने के लिए हम व्यवस्था कर रहे हैं। यह सिर्फ कर्नाटक के लिए नहीं है, भाजपा शासित राज्यों में जो 5 किलो से चावल दिया जा रहा है उसकी व्यवस्था राज्य सरकार कर रही है। आप (कर्नाटक सरकार) भी व्यवस्था करो और दे दो। सी.एम. सिद्धरमैया ने कहा, फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एफ.सी.आई.) ने राज्य को खाद्यान्न आपूर्ति करने पर सहमति जताई थी। 13 जून को उपभोक्ता मंत्रालय ने एफ.सी.आई. को खाद्यान्न की आपूर्ति रोकने के लिए पत्र लिखा।

## क्या अमेरिका भारत...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

इस नई वैश्विक व्यवस्था में भारत महत्वपूर्ण हो जाता है। इस नए मंच पर भारत को पहले ही किसी हद तक स्वीकार किया जा चुका है। चार देशों की क्वॉड प्रक्रिया में अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत भी है। क्वॉड, हिंद-प्रशांत क्षेत्र के चारों कोनों के देशों का एक गुट है जो अब काफी मजबूत हो गया है। भारत क्वॉड की संयुक्त सैन्य कवायदों में शामिल होता है। विरोधी देश अक्सर इसकी आलोचना करते हैं। दूसरी और कुछ तकनीकी अभियान भी इस यात्रा में पूरे होंगे जो काफी महत्वपूर्ण हैं। इनमें से एक है जनरल इलैक्ट्रिक का प्रस्ताव। यह कंपनी अमेरिका की सेना के अत्याधुनिक विमानों के लिए इंजन बनाती है। अभी तक यह तकनीक पश्चिमी यूरोप के कुछ खास मित्रों को ही उपलब्ध थी। पहली बार यह तकनीक भारत की पब्लिक सैक्टर कंपनी को दी जाएगी ताकि भारत में इन इंजन का निर्माण हो। यह दोनों देशों के बीच रक्षा प्रौद्योगिक सहयोग का अंग है।

इस दौरान प्रधानमंत्री एलन मस्क से भी मिलेंगे। मुलाकात का उद्देश्य भारत में इलैक्ट्रिक वाहन बैटरी के निर्माण में निवेश हेतु मस्क को रिझाना। इलैक्ट्रिक वाहन निर्माण में कोई भी बड़ी उपलब्धि जलवायु परिवर्तन से जंग में सहायक होगी। वर्तमान यात्रा बेहद हाई प्रोफाइल है और कुछ ही देशों को इतना महत्व मिलता है।

इधर यूक्रेन वॉर शुरु करने से पहले रूस और चीन ने यही किया था। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने घोषणा की थी कि दोनों ''बैस्ट फ्रैंड्स'' हैं। अब भारत और अमेरिका की बारी है, एक दूसरे को ''बैस्ट फ्रैंड'' बुलाने की।

## 22 जून ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

नारे के साथ सामने आने की जरुरत है।

कई बाधाए हैं और अहं के टकराव हैं। मोदी का मुकाबला करने से पहले विपक्ष को इसे सुलझाना पड़ेगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908